# स्वतंत्र मत

■ वर्ष 31 अंक 127 | डाक/नगर संस्करण | ■ जबलपुर बुधवार 29 अक्टूबर 2025 | ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य रु. 3.00




# नौकरी के लिए अब एक ही परीक्षा

## मुख्यमंत्री बोले- यूपीएससी की तर्ज पर कराएंगे एग्जाम, कर्मचारी आयोग भी बनेगा

भोपाल

मध्य प्रदेश में सभी सरकारी भर्तियों के लिए एक ही एग्जाम कराया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा- प्रदेश में रोजगार के लिए अलग-अलग परीक्षाएं होती हैं। इनमें समय लगता है, जिससे रोजगार मिलने में देरी होती है। हमने तय किया है कि यूपीएससी की तर्ज पर एक ही एग्जाम कराएंगे। मुख्यमंत्री राज्य कर्मचारी संघ द्वारा आयोजित दिवाली मिलन समारोह में शामिल हुए थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा- पुलिस की भर्ती के लिए रिक्त 20 हजार से अधिक पदों को भरने का काम तीन साल में करना है। विभिन्न संवर्गों की वेतन विसंगति, ग्रेड पे में परिवर्तन दूर करने के लिए सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारी की अध्यक्षता में कर्मचारी आयोग का गठन किया जाएगा। कर्मचारी अधिकारियों की वेतन विसंगति दूर करने का काम इसके माध्यम से किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी-कर्मचारी का प्रमोशन होना चाहिए। प्रयास किया और किनारे तक पहुंचे हैं। भगवान महाकाल की लीला है और थोड़ा सा अटका है, लेकिन जल्दी ही रास्ता निकलेगा। मुख्यमंत्री ने महंगाई भत्ते पर कहा- केंद्र के समान भत्ता देने का काम कर रहे हैं। पांच समान किस्तों से अक्टूबर तक एरियर्स देने का काम किया है। अधिकारियों के आवास की व्यवस्था तेजी से सरकार कर रही है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका को जीवन ज्योति बीमा योजना का लाभ देने का काम किया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका के 19504 नए पदों को भरने का काम भी सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि एक जनवरी 2005 या उसके बाद नियुक्त कर्मचारियों के लिए यूपीएस देने कमेटी गठित की गई है। चीन की यात्रा से आए हैं और चीन से हमारे देश के लोगों को संबंध जोड़ना खटकता है।



### रुका हुआ हाउस रेंट अलाउंस दिया

मुख्यमंत्री ने कहा कि कर्मचारियों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। कर्मचारियों के चेहरे की खुशी हमारी ताकत है। सरकारी की योजनाओं को जमीन तक उतारने का काम कर्मचारी ही करते हैं और कर्मचारी हितों के लिए सरकार तैयार है। राज्य कर्मचारी संघ ने कर्मचारियों के लिए भाव का प्रकटीकरण अच्छे से किया है। सेवा में विलंब रोकना होगा, जनता के अधिकारों का ध्यान रखना होगा। नौ साल से हाउस रेंट अलाउंस लंबित था जिसे हमारी सरकार ने देने का काम किया है।

### कर्मचारियों ने सौंपा मांग पत्र

राज्य कर्मचारी संघ के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह की ओर से मुख्यमंत्री को कर्मचारियों की मांगों का पत्र सौंपा गया। इसमें कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ाने, कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति सीमा एक समान करने का मुद्दा शामिल था। राजधानी के सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकों की नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता तय करने की भी मांग रखी गई।

### कर्मचारी प्रदेश के सच्चे कर्मयोगी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सरकार की सफलता कर्मचारियों के सहयोग के बिना संभव नहीं है। प्रदेश के विकास में अधिकारियों-कर्मचारियों की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। शासकीय कर्मचारियों के चेहरे की खुशी ही हमारे विकास का आधार है। कर्मचारी प्रदेश के सच्चे कर्मयोगी हैं जो प्रत्येक जनकल्याणकारी योजना को जमीन पर उतारने में अहम भूमिका निभाते हैं। राज्य सरकार कर्मचारियों के हितों के लिए हर कदम पर साथ खड़ी है। कर्मचारियों के कल्याण के कार्यों के लिए राज्य सरकार सदैव तत्पर है।



# 'बिहार का तेजस्वी प्रण'

## महागठबंधन ने जारी किया घोषणापत्र

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन के नेताओं ने घोषणा पत्र जारी कर दिया है। घोषणा पत्र का नाम- 'बिहार का तेजस्वी प्रण' दिया गया है, जिसमें तेजस्वी के 20 प्रण शामिल हैं। सबसे बड़ी घोषणा 20 महीने में हर परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने का ऐलान किया गया है। इसके लिए 20 दिन में अधिनियम बनाया जाएगा। इसके अलावा 5 एक्सप्रेस-वे बनाने की भी घोषणा की गई है। घोषणा पत्र में युवाओं, महिलाओं, संविदा कर्मियों, पुराने पेंशनधारी, किसान और गरीब परिवारों को कुछ न कुछ देने की घोषणा की गई है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के पोस्टर में राहुल गांधी की तस्वीर है, लेकिन प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कांग्रेस की स्टेट लीडरशिप की तरफ से कोई बड़े नेता मंच पर नहीं थे। कांग्रेस की तरफ से राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा और राज्यसभा सांसद अखिलेश सिंह मंच पर थे। अभी तक महागठबंधन की हर मीटिंग में राजेश राम और अल्लावरू शामिल होते थे, लेकिन दोनों इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में नहीं थे। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान तेजस्वी यादव ने कहा, हमें केवल सरकार ही नहीं बनानी, बल्कि बिहार को बनाने का काम करना है। आज महागठबंधन के सभी साथियों ने मिलकर बिहार के लोगों के सामने संकल्प पत्र रखा है। तेजस्वी ने कहा, मैं नीतीश कुमार के लिए सहानुभूति रखता हूं। बीजेपी और भ्रष्ट अधिकारियों ने उनको पुतला बना दिया है। उनके चेहरे का इस्तेमाल किया जा रहा है। अमित शाह ने पहले ही कन्फर्म कर दिया है कि नीतीश कुमार मुख्यमंत्री नहीं बनने जा रहे हैं। महागठबंधन में सीएम और डिप्टी सीएम का फेस कौन होगा, यह स्पष्ट है। लेकिन एनडीए की ओर से कुछ क्लियर नहीं है।

## दिल्ली में प्रदूषण कम करने क्लाउड सीडिंग

**नई दिल्ली।** दिल्ली में प्रदूषण को कम करने के लिए क्लाउड सीडिंग का दूसरा ट्रायल मंगलवार को हुआ। पहला टेस्ट 23 अक्टूबर को हुआ था। इसके लिए कानपुर से स्पेशल विमान सेसना ने उड़ान भरी थी। विमान ने खेकड़ा, बुराड़ी, मयूर विहार इलाके में 6 हजार फीट की ऊंचाई पर बादलों में दोपहर 2 बजे केमिकल छिड़का। दिल्ली सरकार ने बताया कि ट्रायल के 4 घंटे के अंदर कभी भी बारिश हो सकती है, लेकिन शाम तक कहीं कहीं ही बूंदाबांदी हुई।

## आप विधायक को सजा से राहत नहीं

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने मंगलवार को खडूर साहिब से आम आदमी पार्टी के विधायक मनजिंदर सिंह लालपुरा को राहत नहीं दी है। लालपुरा की तरफ से ही हाईकोर्ट में निचली अदालत द्वारा छेड़छाड़ केस में सुनाई गई चार साल की सजा में राहत देने की मांग की गई थी। मगर, हाईकोर्ट ने दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए सजा पर रोक लगाने से फिलहाल इनकार कर दिया है।

## पीके को चुनाव आयोग का नोटिस

**पटना/नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने मंगलवार को जनसुराज पार्टी के फाउंडर पीके यानी प्रशांत किशोर को 2 वोटर आईडी पर नोटिस भेजा है और 3 दिन में जवाब मांगा है। पीके का नाम बिहार के साथ पश्चिम बंगाल में भी मिला है।

## हाईटेंशन लाइन से बस में आग, 3 की मौत

**जयपुर।** जयपुर में मंगलवार को एक बस हाईटेंशन लाइन से टकरा गई। बस में करंट आ गया, जिसके बाद आग लग गई। हादसे में उत्तर प्रदेश के रहने वाले 3 लोगों की मौत हो गई, 10 मजदूर झुलस गए। बस के ऊपर सिलेंडर भी थे, जिनमें से एक में विस्फोट हुआ है। मामला जयपुर शहर से 50 किलोमीटर दूर मनोहरपुर इलाके का है।

# डॉक्टर्स का ध्यान रखना हमारी जिम्मेदारी : सुको

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कोविड-19 के दौरान जान गंवाने वाले प्राइवेट डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों को सरकारी बीमा योजना का लाभ देने के मामले में सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि अगर न्यायपालिका डॉक्टरों का ध्यान नहीं रखेगी और उनके साथ खड़ी नहीं होगी, तो समाज हमें कभी माफ नहीं करेगा। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कहा कि सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बीमा कंपनियां वैध दावों का भुगतान करें। उन्होंने कहा कि यह मान लेना गलत है कि प्राइवेट डॉक्टर सिर्फ प्रॉफिट के लिए काम करते हैं। कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। मामला प्रदीप अरोड़ा और अन्य लोगों की याचिका से जुड़ा है। इसमें बॉम्बे हाईकोर्ट के 9 मार्च 2021 के उस फैसले को चुनौती दी गई थी, जिसमें कहा गया था कि प्राइवेट अस्पतालों के डॉक्टर या स्टाफ को इंश्योरेंस का लाभ तभी मिलेगा जब सरकार ने उनकी सेवाएं आधिकारिक रूप से मांगी हों।



**सरकार बताए और कौन सी योजनाएं हैं-** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा कि वह बताए कि प्रधानमंत्री बीमा योजना के अलावा क्या ऐसी और भी योजनाएं हैं। अदालत ने कहा कि वह एक नियम तय करेगी, जिसके आधार पर बीमा कंपनियां आगे ऐसे मामलों में फैसला ले सकेंगी।

# संघ अब चना खाने वाला संगठन नहीं रहा : दिग्विजय

## प्रधानमंत्री और चुनाव आयोग पर भी निशाना साधा

शिवपुरी

मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह मंगलवार को शिवपुरी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने आदिवासी परिवारों से मुलाकात भी की। मीडिया से बातचीत में पूर्व सीएम ने कहा कि भाजपा और आरएसएस दोनों संगठन मिलकर जनता को लूटने का काम कर रहे हैं और प्रदेश में भ्रष्टाचार की खुली पार्टनरशिप चल रही है। दिग्विजय सिंह ने कहा कि भाजपा नेताओं और अधिकारियों के बीच अब भ्रष्टाचार का नया फॉर्मूला चल रहा है। ठेके से लेकर योजनाओं तक में कमीशन तय है। जो काम एक लाख का होता है, उसमें 30 से 40 हजार रुपए रिश्वत में चले जाते हैं। सांसद और विधायक अपनी निधि से तभी काम कराते हैं जब उन्हें कमीशन मिलता है। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर पालिका और परिषदें लूट का अड्डा बन चुकी हैं और भाजपा बार-बार नियमों में बदलाव कर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है। आज भाजपा और संघ जनता को मिलकर लूट रहे हैं, यही सिस्टम अब पूरे प्रदेश में फैल चुका है। किसानों की हालत पर उन्होंने कहा कि प्रदेश में खाद की कमी है, फसल बीमा योजना असफल हो चुकी है और किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा। गीली मक्का 800 से 1000 रुपए और सूखी मक्का 1700 रुपए में बिक रही है जबकि समर्थन मूल्य 2400 रुपए तय है। किसानों की मेहनत का फायदा विदेशों को दिया जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री ने आरएसएस की ईमानदारी पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा, एक समय था जब संघ के लोग चना खाकर प्रचार करते थे, आज वही लोग भ्रष्टाचार का हिस्सा बन चुके हैं। दिग्विजय सिंह ने कहा कि प्रदेश में इस समय जंगलराज चल रहा है। भाजपा नेताओं के इशारे पर हिंसा, दबाव और झूठे केसों के जरिए लोगों को परेशान किया जा रहा है। गुना और पिछोर की घटनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि निर्दोषों की फसलें जलाई जा रही हैं और उन्हें जेल भेजा जा रहा है। दिग्विजय सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आरोप लगाया कि अमेरिका के दबाव में भारत को मक्का आयात करने के लिए मजबूर किया गया, जिससे देश के किसानों को नुकसान हुआ। उन्होंने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर भी सवाल उठाए। कहा कि चुनाव आयोग अब भाजपा के प्रभाव में काम कर रहा है। वोटर लिस्ट में गड़बड़ी साबित हो चुकी है। हर नागरिक का वोट दर्ज होना उसका अधिकार है, लेकिन आज वोट चोरी हो रही है।



### सिंधिया अब सड़क पर क्यों नहीं उतर रहे?

सिंधिया पर तंज कसते हुए सिंह ने कहा, जो लोग कांग्रेस की विचारधारा में पले-बढ़े और पार्टी से सब कुछ पाया, वही अब पद के लालच में विचारधारा छोड़ गए। जो कहते थे अतिथि शिक्षकों के लिए सड़क पर उतरेंगे, वह अब सड़क पर क्यों नहीं उतर रहे हैं?

# खेत से बिजली लाइन निकलने पर मिलेगा 200 प्रतिशत मुआवजा

### सरकारी आवास नहीं छोड़ने पर लगेगी 30 प्रतिशत पेनाल्टी

**भोपाल।** डॉ. मोहन यादव कैबिनेट की बैठक में निर्णय लिया गया है कि अब किसानों की जितनी जमीन लाइन डालने के बदले अधिग्रहित की जाएगी, उसके बदले में किसानों को कलेक्टर गाइड लाइन का 200 प्रतिशत भुगतान किया जाएगा। अब तक यह 85 प्रतिशत राशि कलेक्टर गाइड लाइन के आधार पर दी थी। इसके अलावा मोहन कैबिनेट ने राजधानी में सरकारी मकान न छोड़ने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों से तीस गुना राशि पेनाल्टी के रूप में वसूलने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में हाई टेंशन वितरण लाइन बिछाने के कारण निजी भूमि स्वामियों को दी जाने वाली प्रतिपूर्ति राशि निर्धारण के संबंध में कैबिनेट में चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि किसानों के खेतों से बिजली लाइन जाने पर उनका नुकसान होता है। इस पर सरकार ने तय किया है कि 132 केवी के टावर पर जिसमें पहले कलेक्टर गाइडलाइन के आधार पर 85 प्रतिशत राशि मुआवजे के रूप में देते थे उसे अब 200 प्रतिशत कर इसके आधार पर मुआवजा दिया जाएगा। साथ ही टावर के आसपास की भी एक-एक मीटर की जमीन का मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि कैबिनेट में यह भी तय हुआ है कि 132 केवी लाइन डालने में 28 मीटर, 220 केवी में 35 मीटर और 400 केवी की लाइन में 52 मीटर जमीन किसान से ली जाएगी।



# देश की आधी से ज्यादा मिट्टी में नहीं हैं उपजाऊ तत्व

## उर्वरकों से भी नहीं सुधर रही मिट्टी की सेहत : रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** भारत की मिट्टी में नाइट्रोजन और ऑर्गेनिक कार्बन जैसे जरूरी पोषक तत्वों की कमी बहुत अधिक हो गई है। यह सस्टेनेबल खेती के भविष्य को लेकर चिंताजनक है। पर्यावरण पर काम करने वाली संस्था सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट ने सरकार के सॉइल हेल्थ कार्ड डेटा पर आधारित एक स्टडी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। स्टडी में पाया गया कि मिट्टी के 64 प्रतिशत सैंपल में नाइट्रोजन कम था और 48.5 प्रतिशत में ऑर्गेनिक कार्बन की कमी थी। मिट्टी की उपजाऊ शक्ति और जलवायु परिवर्तन से लड़ने की क्षमता के ये दो मुख्य इंडिकेटर हैं। पौधों के विकास के लिए नाइट्रोजन आवश्यक तत्व है। नतीजों से पता चला कि भारत में फर्टिलाइजर के ज्यादा इस्तेमाल से मिट्टी की सेहत में सुधार नहीं हुआ है। डेटा से पता चलता है कि मिट्टी में नाइट्रोजन फर्टिलाइजर डालने से मिट्टी के नाइट्रोजन स्तर में कोई खास सुधार नहीं होता। इसी तरह, संपूर्ण फर्टिलाइजर के इस्तेमाल से मिट्टी में ऑर्गेनिक कार्बन की मात्रा में कोई बढ़ोतरी नहीं होती है। स्टडी में चेतावनी दी गई है कि इस कमी से लंबे समय में उत्पादकता और मिट्टी की कार्बन स्टोर करने की क्षमता को खतरा है। जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने के लिए ये गुण जरूरी हैं। स्टडी में कहा गया है, स्वस्थ मिट्टी का एक जरूरी काम ऑर्गेनिक कार्बन स्टोर करने की उसकी क्षमता है। यह गुण जलवायु परिवर्तन के असर को कम करने के लिए जरूरी है।




# प्रमोशन में आरक्षण : सरकार की रिपोर्ट से हाईकोर्ट असंतुष्ट

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में मंगलवार को एक बार पुनः प्रमोशन में आरक्षण को लेकर सुनवाई, जिसमें राज्य सरकार ने क्वांटफायबल डेटा पेश किया। इसके साथ ही सीलबंद लिफाफे में कर्मचारियों के आंकड़े भी पेश किए गए, जिसमें हाईकोर्ट ने जवाब में असंतोष जताया। मामले पर अगली सुनवाई 12 नवंबर को तय की गई है। सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सीएस वैद्यनाथन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए और महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने कोर्ट में उपस्थित होकर सरकार का पक्ष रखा। इस दौरान सरकार ने सील बंद लिफाफे में विभाग भर ऑडिट रिपोर्ट पेश की। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस और जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने मामले पर सुनवाई करते हुए कहा कि कुछ विभागों में पहले ही आरक्षित वर्ग के कर्मचारी ज्यादा है। हाई कोर्ट ने राज्य सरकार के द्वारा पेश किए गए जवाब पर असंतोष जताते हुए प्रमोशन पॉलिसी और आंकड़ों पर सरकार से स्पष्टीकरण मांगा है। चीफ जस्टिस की बेंच ने राज्य सरकार को निर्देश दिए हैं कि वह सभी विभागों का एकीकृत चार्ट तैयार कर कोर्ट में पेश करें। इसमें दर्शाया जाए कि प्रत्येक विभाग में आरक्षित वर्ग का वर्तमान प्रतिनिधित्व कितना है, साथ ही कहा गया कि यह कार्य केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं बल्कि सही नियमों पर आधारित गणना होनी चाहिए। याचिकाकर्ता की ओर से सुप्रीम कोर्ट के सीनियर एडवोकेट नरेश कौशिक कोर्ट में पेश हुए।



# 8वें वेतन आयोग को कैबिनेट की मंजूरी

## 50 लाख केंद्रीय कर्मचारियों और 69 लाख पेंशनर्स को होगा फायदा

नई दिल्ली

8वें वेतन आयोग को लेकर बड़ा फैसला सामने आया है। 8वें वेतन आयोग को लागू करने के लिए अध्यक्ष को चुन लिया गया है। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई को आठवें वेतन आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है। साथ ही कैबिनेट ने 8वें केंद्रीय वेतन आयोग के सभी टर्म को मंजूरी भी दे दी है। अब वेतन आयोग 18 महीने में अपनी सिफारिशें देगा, जिसके आधार पर 8वें वेतन आयोग को लागू कर दिया जाएगा। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सिफारिशें 1 जनवरी 2026 से लागू होने की संभावना हैं। इससे 50 लाख केंद्रीय कर्मचारियों और 69 लाख पेंशनर्स को फायदा होगा। 8वां केंद्रीय वेतन आयोग एक अस्थायी निकाय होगा, जिसमें एक अध्यक्ष, एक पार्ट टाइम सदस्य एक सदस्य-सचिव होंगे। यह आयोग अपने गठन की तारीख से 18 महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट और सिफारिशें पेश करेगा। इन सिफारिशों के आधार पर 8वां वेतन आयोग देश में लागू किया जाएगा। गौरतलब है कि केंद्रीय वेतन आयोग समय-समय पर गठित किए जाते हैं, ताकि केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों को महंगाई के हिसाब से वेतन, रिटायरमेंट बेनिफिट्स और अन्य सर्विस का लाभ मिल सके। अभी देश में 7वां वेतन आयोग लागू है, जिसके आधार पर साल में दो बार महंगाई भत्ता दिया जाता है। केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता अभी 58 फीसदी है।



### इन बातों का ध्यान रखेगा आयोग

- देश की आर्थिक स्थिति और राजकोषीय अनुशासन की आवश्यकता कितनी होगी?
- यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता कि विकासात्मक व्यय और कल्याणकारी उपायों के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध हों।
- गैर-योगदान आधारित पेंशन योजनाओं की अवित्तपोषित लागत।
- आयोग की सिफारिशों का राज्य सरकारों के वित्त पर संभावित प्रभाव, जो आमतौर पर इन सिफारिशों को कुछ संशोधनों के साथ अपनाती हैं।
- केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों और निजी क्षेत्र के कर्मचारियों को उपलब्ध वेतन संरचना, लाभ और कार्य स्थितियां।

### कब लागू होगा 8वां वेतन आयोग?

आम तौर पर वेतन आयोगों की सिफारिशें हर 10 साल के अंतराल पर लागू की जाती हैं। इस हिसाब से देखा जाए तो 8वें वेतन आयोग जनवरी 2026 से लागू हो सकता है। वहीं केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी जनवरी से सिफारिशें लागू होने की उम्मीद जताई हैं। सरकार ने जनवरी 2025 में 8वें केंद्रीय वेतन आयोग के गठन का ऐलान किया था, ताकि केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों के वेतन और अन्य लाभों में आवश्यक परिवर्तन की समीक्षा कर सिफारिशें दी जा सकें। ब्रोकरेज फर्म एम्बिट कैपिटल ने एक रिपोर्ट में दावा किया है कि वेतन और पेंशन में 30-34 फीसदी वृद्धि कर सकता है, जिससे करीब 1.1 करोड़ लोगों को सीधा लाभ मिलेगा।

# आखिर कहां गई सचिव सुंदरलाल की फाइल..?

## क्या जिले के नवागत मुख्य कार्यपालन अधिकारी लेंगे संज्ञान

## मृतक परिजन अंत्येष्टि सहायता राशि प्राप्ति करने के आस लगाए हुए बैठे

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** ज्ञात हो कि बुढार जनपद पंचायत अंतर्गत मझौली ग्राम पंचायत के प्रभारी सचिव सुंदरलाल मृतकों का पैसा खाकर पूरे जनपद को शर्मसार किया था इस विषय को मीडिया ने संज्ञान लेकर खबरें प्रकाशित की थी जिस पर जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे लेकिन आज महीने भर से ऊपर हो चुके हैं और कार्यवाही के नाम पर एक फाइल तक नहीं चली इस संबंध में जब मीडिया के लोगों ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी से चर्चा की तो उन्होंने बताया कि जनपद स्तर से सुंदर लाल के द्वारा किए गए अनाधिकृत कार्यों को लेकर कार्यवाही का प्रस्ताव जिला पंचायत भेजा गया है लेकिन जिले में कार्यवाही के फाइल धूल खा रही है। बहरहाल सुंदरलाल दोनों पंचायत में चांदी काट रहा है और मृतक के परिजन आज भी अंत्येष्टि सहायता राशि प्राप्त करने की आस लगाए बैठे हैं।

**जिले के आदेश को दिखाया ठेंगा, सरपंच के साथ मिली भगत कर पंचायत में ही रहने की रची साजिश**-सचिव सुंदरलाल को जिले के आदेश क्रमांक 1970 03 जून के द्वारा प्रभार से मुक्त कर ग्राम रोजगार सहायक मझौली को प्रभार सौंपने के आदेश दिया गया था किंतु मझौली से सुंदर लाल की मोह छूट नहीं रहा था जिस पर सुंदरलाल ने सरपंच से पत्राचार कराकर पंचायत में ही बने रहने का अनुरोध दिलाया और प्रभार से मुक्त नहीं हुआ लेकिन इस दौरान सुंदरलाल के पक्ष में कोई भी आदेश जिला पंचायत में बने रहने का नहीं आया इसके बावजूद सुंदरलाल ने नियमों की अनदेखी करते हुए बिना किसी आदेश के पंचायत के खाते से कई वेंडर का भुगतान कर दिया जो की कदाचरण श्रेणी अंतर्गत आता है ऐसी स्थिति में सुंदरलाल सचिव के ऊपर प्रथम दृश्य अपराध पंजीबद्ध होना चाहिए।

**15000 की झंडा खरीदी, मृतक परिजनों के नाम पर गवन और इनाम वितरण पर फर्जी भुगतान** - सचिव सुंदरलाल मझौली पंचायत अंतर्गत द्य15000 की झंडा खरीदी की थी और मृतकों के नाम पर 55000 से ऊपर की राशि का गबन किया इसके बाद स्कूल में ध्वजारोहण के दौरान इनाम वितरण के नाम परद्य12000 की राशि का फर्जी बिल भुगतान करने के आरोप लगे हुए थे यह सभी आरोप सही पाए गए थे हर घर झंडा हर घर तिरंगा अभियान के दौरान स्थानीय लोगों ने बताया कि पूरे गांव में बमुश्किल 30 से 45 झंडे लगाए गए थे इसके बावजूद भी यदि इतनी बड़ी राशि का भुगतान हुआ है तो वह गलत है इसी प्रकार अंत्येष्टि सहायता राशि के नाम पर 55000 की बड़ी रकम निकाली गई है जब मीडिया ने मृतक परिजनों से बातचीत की गई तो बताया गया कि जो लोग आपात्र थे उन्हें पैसा दे दिया गया है और जो वास्तव में पात्र है वह आज भी पैसों की आस लगाए बैठे है।

# अवैध लकड़ी सप्लाई का मामला महुआ, नीम और जामुन के पेड़ों की कटाई कर ओपीएम अमलाई भेजी जा रही लकड़ी

## वन विभाग ने जाँच शुरू की, क्षेत्र में मचा हड़कंप

बुढ़ार (स्वतंत्रमत)।

क्षेत्र में अवैध रूप से की जा रही लकड़ी की कटाई का मामला प्रकाश में आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्थानीय व्यापारी रमेश तिवारी द्वारा महुआ, नीम और जामुन जैसे पेड़ों की कटाई कर उनकी लकड़ी ओपीएम




अमलाई में सप्लाई किए जाने की बात सामने आई है। सूत्रों के अनुसार, यह कार्य बिना वन विभाग की अनुमति के पिछले कई वर्षों से चल रहा है। बताया जाता है कि तिवारी द्वारा बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई कर ट्रक के माध्यम से लकड़ी भेजी जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार पेड़ों की अवैध कटाई से क्षेत्र की हरियाली घट रही है और पर्यावरण पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। कुछ ग्रामीणों ने इस संबंध में वन विभाग से कार्रवाई की माँग की है। वन परिक्षेत्र अधिकारी ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है, और मामले की प्राथमिक जाँच शुरू कर दी गई है। जाँच में तथ्य सही पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध वन अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।



# राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता खेलने महाविद्यालय ब्यौहारी से पांच छात्र-छात्राएं रवाना

ब्यौहारी (स्वतंत्रमत)।

शतरंज प्रतियोगिता मे शासकीय महाविद्यालय ब्यौहारी से राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता हेतु 5 छात्र छात्राओं का चयन हुआ था। मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय डबरा ग्वालियर में 28 से 29 अक्टूबर तक राज्य स्तरीय शतरंज महिला पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। जिसमें सामिल होने के लिये शासकीय महाविद्यालय ब्यौहारी के चयनित छात्र-छात्रा खूबेंद्र प्रताप सिंह, दुर्गेश त्रिपाठी, प्रतिष्ठा बेस, महिमा कुशवाहा, जैसे खिलाड़ी प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे वहीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के मैनेजर की जवाबदारी सुधांशु सिंह शासकीय महाविद्यालय ब्यौहारी एवं दुर्गेश कुमार साकेत शासकीय महाविद्यालय ब्यौहारी टीम कोच के रूप में अपनी उपस्थिति देंगे जिसके लिये 27 अक्टूबर को महाकौशल एक्सप्रेस से डबरा ग्वालियर के लिए रवाना हुए है। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर के तिवारी ने समस्तखिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

महाविद्यालय के कीड़ा अधिकारी डॉक्टर विजय प्रताप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि महाविद्यालय के इन होनहार खिलाड़ियों को शतरंज खेल के कौशल सीखने का कार्य महाविद्यालय के ही वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. मोहित लाल वर्मा का अहम योगदान रहा उन्होंने लगातार खिलाड़ियों को सक्रिय किये रहा और लगातार अभ्यास कराते हुए आज खिलाड़ियों को राज्य स्तर प्रतियोगिताओं तक भेजने का कार्य किया लगातार महाविद्यालय में खेल गतिविधियां संचालित है और करीबन लगातार कई खिलाड़ी राज्य स्तर और अंतर विश्वविद्यालय स्तर प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले रहे हैं।

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने दूर दराज के क्षेत्रों से आए लोगों की सुनी समस्याएं



शहडोल (स्वतंत्रमत)।

कलेक्टर कार्यालय के सोन सभागार में साप्ताहिक जनसुनवाई आयोजित की गई। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने जनसुनवाई में शहडोल जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी तथा निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में शहडोल जिले के ग्राम चंदेला निवासी तीरथ सिंह कंवर ने चंदेला में बने शासकीय हैंडपंप को अतिक्रमण मुक्त कराने, धनपुरी वार्ड नम्बर 17द्य21 निवासी पारो सोनवानी ने पीएम आवास योजना का लाभ दिलवाने, ग्राम धरी-2 निवासी सिद्धार्थ द्विवेदी ने लैपटॉप योजना की राशि दिलाने, ग्राम बंधवाबाडा निवासी गरजू बैगा ने उपचार हेतु आर्थिक सहायता राशि दिलाए जाने हेतु आवेदन किया।

कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर आवेदन प्रेषित कर शीघ्रता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अन्य प्राप्त आवेदनों को कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर प्रेषित कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवम प्रजापति, अपर कलेक्टर सरोधन सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें।



# कमिश्नर कार्यालय में आयोजित हुई जनसुनवाई

शहडोल (स्वतंत्रमत)।

उपायुक्त राजस्व मिनिषा पाण्डेय एवं संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश ने संभाग के दूर-दराज के क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनी और उनके निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में शहडोल जिले के ग्राम चंगेरा निवासी दानबहादुर सिंह ने नक्शा तरमीम सुधार करवाने, अनूपपुर जिले के ग्राम उरा निवासी गोपाल केवट ने नक्शा सुधरवाने, ग्राम अहिरगंवा निवासी लक्ष्मण सिंह ने वन भूमि का पट्टा दिलाने हेतु आवेदन दिए। उपायुक्त ने प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित कर शीघ्रता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार अन्य अवेदकों ने भी अपनी शिकायतें एवं समस्याओं संबंधी आवेदन उपायुक्त को दिए। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों के संभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# नगर पालिका में आवास एवं पीएम स्वनिधि योजना का 30 अक्टूबर को करें आवेदन

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल एवं उपाध्यक्ष प्रवीण शर्मा के निर्देशन एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी अक्षत बुंदेला के मार्गदर्शन में 30 अक्टूबर को नगर पालिका प्रांगण परिसर शहडोल मेंआवास एवं पी एम स्वनिधि मेले का आयोजन अंगीकार अभियान के अंतर्गत मेले का आयोजन 11 बजे से किया जाएगा. उक्त मेले में आवास 2.0 के लिए स्वयं के आवास हेतु नवीन आवेदन प्राप्त किये जाएंगे. इसके लिए स्वयं के नाम से पट्टा, आधार कार्ड, समग्र आई डी, बैंक पास बुक, आय प्रमाण पत्र आवश्यक होंगे, पी एम स्वनिधि योजना अंतर्गत फुटपाथ, ठेले गुमटी आदि में छोटे व्यवसाय करने वालो के लिए प्रथम चरण के आवेदन हेतु आधार, बैंक पास बुक एवं आधार से लिंक मोबाइल न. अनिवार्य है नगर पालिका परिषद शहडोल नगर के समस्त वार्ड वासियों से अपील करते हुए कहा है कि निम्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए अधिक से अधिक नगर पालिका प्रांगण में पहुंचकर आवेदन करें अधिक जानकारी के लिए नगर पालिका कार्यालय में संपर्क करें।

## जिले में अवैध शराब पकड़ने के बाद क्रेडिट की जंग

# ग्रामीणों ने पकड़ी खेप, क्या बजाग पुलिस ले रही है क्रेडिट



**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** जिले में अवैध शराब का कारोबार किसी खुला राज़ से कम नहीं रह गया है। चाहे आम जनता आवाज़ उठाए, आंदोलन करे या मीडिया बार-बार खबरें प्रकाशित करे, लेकिन अवैध शराब का जाल प्रशासन की नाक के नीचे बेखौफ फैलता जा रहा है।जिले के कई इलाकों में शराब माफिया खुलेआम शराब की खेप लेकर घूमते हैं, और हैरानी की बात यह है कि विभाग की कार्रवाई केवल औपचारिकता बनकर रह गई है। वहीं जनता का कहना हैं कि प्रशासन चाहे तो एक दिन में इस अवैध धंधे को खत्म कर सकता है, लेकिन चाह की कमी कहे संरक्षण साफ दिखा जा सकता है। बता दें कि बजाग थाना क्षेत्र के ग्राम पड़रिया डोगरी में एक बार फिर इसका बड़ा उदाहरण देखने को मिला। ग्रामीणों और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के युवा कार्यकर्ताओं ने बड़ी मात्रा में अवैध शराब की खेप पकड़कर पुलिस को सूचना दी। बताया जा रहा है कि करीब 15 पेटी अंग्रेजी शराब जब्त की गई, जिसे ग्रामीणों ने खुद रोका और थाने को सौंपा। सूचना मिलते ही बजाग पुलिस मौके पर पहुंची और वाहन सहित अवैध शराब को ज़ब्त कर जांच शुरू की। हालांकि, ग्रामीणों का कहना है कि यह कार्रवाई पुलिस के दबाव में नहीं, बल्कि स्थानीय लोगों की सतर्कता से संभव हुई।

**क्रेडिट लेने की होड़ तेज**-मजे की बात यह कि बजाग पुलिस द्वारा जारी प्रेस नोट में यह पूरा मामला इस तरह पेश किया गया मानो कार्रवाई का पूरा श्रेय पुलिस को ही जाता है। जबकि स्थानीय लोग और त्तत्क्क के कार्यकर्ता दावा कर रहे हैं कि उन्होंने खुद यह खेप पकड़ी थी। अब सवाल यह उठता है कि जब जनता खुद अवैध शराब पकड़ रही है, तो विभाग की जिम्मेदारी कहां है? आखिर डिंडौरी में अवैध शराब की जड़ें इतनी गहरी कैसे हो गईं कि विरोध और खबरों के बावजूद भी यह कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है।

**खैर सवाल अब भी वही है —** क्या डिंडौरी में अवैध शराब कभी रुकेगी, या फिर यह भी सिस्टम का हिस्सा बन चुकी है?

पुलिस अधीक्षक कार्यालय डिंडोरी पुलिस की सटीक कार्रवाई बजाग पुलिस ने पकड़ी 115 लीटर अवैध शराब, वाहन सहित ज़ब्त डिण्डौरी पुलिस अधीक्षक श्रीमति वाहनी सिंह के निर्देशन पर जिले में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए सभी थाना प्रभारियों को पूर्व में ही सख्त निर्देश दिए गए थे। इसी के पालन में जिले भर में निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में, दिनांक 28 अक्टूबर 2025 को थाना बजाग पुलिस ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ.अमित वर्मा एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) विवेक कुमार गौतम के मार्गदर्शन में विशेष अभियान चलाया। प्रात: करीब 07ः00 बजे मुखबिर से मिली पुख्ता सूचना पर थाना बजाग पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब परिवहन का पर्दाफाश किया। स्थानः ग्राम पड़रियाडोंगरी, चील घर के पास वाहनः सफेद रंग की ब्लोरो (एमपी 09 बीसी 9063) तलाशी के दौरान वाहन में देशी एवं अंग्रेजी मदिरा की बड़ी खेप बरामद की गई – देशी मदिरा प्लेन ङ्क 9 पेटी जीनियस रम ङ्क 1 पेटी जीनियस व्हिस्की ङ्क 1 पेटी एम.डी. रम ङ्क आधा पेटी पावर केन बीयर ङ्क 6 नग सिग्नेचर ङ्क 6 पाव ओल्ड मॉन्क ङ्क 2 पाव मेजिक मूवमेंट ङ्क 4 पाव कुल मात्राः लगभग 115.68 लीटर शराब कुल कीमतः लगभग 46,020/- जब्त वाहन की अनुमानित कीमतः 3,00,000/- वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

# जनसुनवाई में 74 आवेदन प्राप्त कलेक्टर ने दिए त्वरित निराकरण के निर्देश



**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में कलेक्टर ने आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं और कई आवेदनों का तत्काल समाधान कराया। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न विकासखंडों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित कुल 74 आवेदन प्रस्तुत किए, जिन मामलों का तुरंत समाधान संभव नहीं हो सका, उनके लिए आवेदकों को समय-सीमा निर्धारित कर आवश्यक आश्वासन प्रदान किया गया। कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक आवेदन का गंभीरता से परीक्षण कर नियमानुसार शीघ्र और पारदर्शी निराकरण किया जाए। कलेक्टर ने जिले में आम जनता को बेहतर से बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनसुनवाई में आए आम लोगों को कलेक्टर कार्यालय मुख्य द्वार पर दो कर्मचारियों को तैनात कर जनसुनवाई में आने वाले आम जनता को एक-एक टोकन देकर रजिस्टर में पंजीयन कर उनको व्यवस्थित स्थान पर कुर्सी पर बैठाया गया।

उसके बाद एक-एक कर क्रमशः कलेक्टर ने उनकी बात सुनी और उनका निराकरण किया। इस प्रकार की व्यवस्था जिले में पहली बार पहली कलेक्टर ने की। जिससे आम जनता को सुविधा के साथ अपनी बात रखने का भरपूर मौका मिल सके।आवेदक ग्राम हर्रा पिंडरूखी निवासी कृष्ण कुमार ने एनएच-45 जबलपुर-अमरकंटक हाईवे निर्माण कार्य में उनके मकान व मंदिर स्थल निरीक्षण कराकर मुआवजा राशि दिलाए जाने की मांग की। जिस पर कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने एसडीएम बजाग को जांच कर शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। ग्राम पंचायत धुर्रा माल के निवासी नवीन गवले ने चेकडेम निर्माण कार्य की शेष राशि भुगतान कराने की मांग रखी।




# प्रधानमंत्री आवास योजना में लापरवाही, दो पंचायत सचिव सस्पेंड

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** प्रधानमंत्री आवास योजना में लापरवाही और धीमी प्रगति को लेकर जिला पंचायत डिंडौरी प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए जनपद पंचायत अमरपुर के दो ग्राम पंचायत सचिवों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जारी आदेश में उल्लेख किया गया है कि विगत दिनों, 17 अक्टूबर 2025 को जनपद पंचायत अमरपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वर्ष 2024-25 की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा में पाया गया कि ग्राम पंचायत गिठौरी में आवास प्लस योजना के तहत स्वीकृत 21 आवासों में से केवल दो आवास ही पूर्ण हुए हैं, जबकि ग्राम पंचायत निधौरी में स्वीकृत 33 आवासों में से मात्र पांच आवास पूरे किए गए हैं। समीक्षा के बाद जिला पंचायत डिंडौरी द्वारा ग्राम पंचायत गिठौरी के सचिव धरमसिंह सैयाम और ग्राम पंचायत निधौरी के सचिव धरमसिंह परस्ते को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर दो दिवस में स्पष्टीकरण मांगा गया था।

## बोगस बिलों पर पंचायत मेहरबान

### - आंख बंद कर फर्जी बिलों का हो रहा भुगतान, जिम्मेदार बने तमाशबीन

### - बजाग जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत परसवाह का मामला

# 2 हजार का रजिस्टर और 300 रुपए का पेन..?




**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** केंद्र और राज्य सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों को गांव के सर्वांगीण विकास की नोडल इकाई माना गया है, परंतु जब विकास की जड़ों में भ्रष्टाचार पनपने लगे तो गांव का भविष्य अंधकारमय हो जाता है। कुछ ऐसा ही मामला सामने आया है डिंडौरी जिले की बजाग जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत परसवाह से, जहां फर्जी बिलों और मनमाने भुगतानों के जरिए लाखों रुपए के सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया है।

**कागज़ों में बना च्विकसित गांव**-ग्रामीणों के अनुसार वर्ष 2022 से 2025 के बीच पंचायत में आंगनबाड़ी भवन, सड़क निर्माण और अन्य विकास कार्यों को केवल कागजों में पूर्ण दिखाया गया। इन कार्यों का वास्तविकता से कोई लेना-देना नहीं है। आरोप है कि सरपंच और तत्कालीन सचिव रजनी परस्ते द्वारा चहेते सप्लायर त्रिलोकचंद साहू को लाखों रुपए का भुगतान फर्जी बिलों के माध्यम से किया गया।

**रजिस्टर और पेन के नाम पर हजारों का भुगतान**-ग्राम पंचायत द्वारा किए गए भुगतानों में कई ऐसे बिल हैं जिनमें न तो पंचायत का नाम दर्ज है और न ही तारीख न ही दर का उल्लेख उदाहरणस्वरूप ज्योति ऑनलाइन मोबाइल फोटोकॉपी के बिल नंबर 460 में लैपटॉप फॉर्मेट के नाम पर ?5,000, सात रजिस्टर के नाम पर ?14,000,दस पेन के लिए ?3,000, और बिना जीएसटी नंबर की फर्म मेसर्स साहू मटेरियल सप्लायर जो स्वयं रेत, गिट्टी, ईंट सहित निर्माण सामग्री के सप्लायर हैं उसे 7 रजिस्टर के नाम पर 14 हजार रुपए और स्टेशनरी सामग्री 12 हजार सहित कुल ?26,000 का भुगतान किया गया है। इस तरह साफ तौर देखा जा सकता है कि जिम्मेदार नियम निर्देशों को ताक में रखकर बोगस बिलों के जरिए शासन को पलीता लगाकर स्वार्थ सिद्ध कर रहे हैं। बिलों को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि, विकास कार्यों से अधिक धन स्टेशनरी और कार्यालय सामग्री के नाम पर खर्च दिखाया गया है।

**अन्य, कार्यालयीन व्यय के नाम पर उड़ाई गई 15 एवं 5 वें वित्त की राशि**-ग्राम पंचायत परसवाह में 15वें और 5वें वित्त आयोग की राशि का भी जमकर दुरुपयोग किया गया। च्अन्य कार्यालयीन व्ययज्ज के नाम पर लगभग ?4 लाख का बंदरबांट किया गया। वहीं, 15 वें वित्त से स्वीकृत पाइपलाइन कार्य के स्थान पर सीसी रोड का भुगतान कर दिया गया, वह भी बिना जियो टैग और मूल्यांकन के ही भुगतान किए जाने के आरोप हैं। वहीं टाइड फंड के अंतर्गत स्वीकृत राशि 54500 का अन टाइड मद में व्यय करते सीसी रोड कार्य पर 445825 में मनमानी पूर्वक व्यय किया गया है

**जिम्मेदार अधिकारी बने मौन दर्शक**-ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार का खेल पंचायत पोर्टल पर दर्ज अभिलेखों से साफ झलकता है, लेकिन पंचायत विभाग के अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं। जब इस मामले में सचिव से संपर्क किया गया तो उन्होंने केवल इतना कहा च्मुझे इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है।

**ग्रामीणों ने की उच्च स्तरीय जांच की मांग** -ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि ग्राम पंचायत परसवाह के समस्त कार्यों और भुगतानों की स्वतंत्र जांच कराई जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इस मामले की गहन जांच की जाए तो लाखों रुपए के फर्जी भुगतानों का बड़ा घोटाला उजागर हो सकता है।

**इनका कहना है,,**

यदि भुगतान में वित्तीय अनियमितता बरती गई तो जाँच कराई जाएगी, तथ्यों के आधार पर कार्रवाई तय होगी।

**रामबाबू देवांगन, प्रभारी सीईओ जनपद पंचायत बजाग**

# जहरीला कफ सिरप लिखने वाले डॉक्टर की मप्र हाईकोर्ट में टली सुनवाई

## छिंदवाड़ा, बैतूल में अब तक 26 बच्चे गंवा चुके अपनी जान



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

बच्चों को कोल्ड्रिफ कफ सिरप लिखने वाले शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रवीण सोनी की जमानत याचिका पर मप्र हाईकोर्ट में मंगलवार को सुनवाई टल गई। बेंच में सोनी के केस का नंबर नहीं आ सका। बतां दें कि कोल्ड्रिफ कफ सिरप से छिंदवाड़ा और बैतूल में अब तक 26 बच्चों की मौत हो चुकी है। इस मामले में सरकार ने ड्रग कंट्रोलर सहित कई अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की है। डॉ. प्रवीण सोनी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। इससे पहले लोअर कोर्ट ने डॉ. सोनी की जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

### मेडिकल स्टोर का लाइसेंस निरस्त

पुलिस ने इस मामले में डॉ. प्रवीण सोनी और तमिलनाडु की दवा कंपनी श्रीसन फार्मास्यूटिकल के संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। डॉक्टर सोनी को राजपाल चौक से गिरफ्तार किया गया था। अदालत ने उनकी जमानत याचिका खारिज करते हुए उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

वहीं, औषधि प्रशासन विभाग ने कार्यवाही करते हुए स्थानीय मेसर्स अपना मेडिकल स्टोर्स का ड्रग लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है। यह कार्रवाई औषधि एवं प्रसाधन सामग्री नियमावली, 1945 के नियम 66(1) के तहत की गई।

### अधूरा मिला था रिकॉर्ड

जानकारी के मुताबिक विगत 3 अक्टूबर को परासिया स्थित अपना मेडिकल स्टोर्स की औषधि निरीक्षक दल ने जांच की थी, जिसमें कई गंभीर अनियमित्ताएं सामने आईं। बच्चों की मौत से जुड़ी संदिग्ध सिरप की बिक्री का रिकॉर्ड अधूरा और अस्पष्ट पाया गया। यह स्पष्ट नहीं था कि दवा की खेप कहां से आई, कब बेची गई और किसे वितरित की गई। जांच के दौरान रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट की अनुपस्थिति में दवाओं का विक्रय किया जा रहा था, जो औषधि अधिनियम का सीधा उल्लंघन है। टीम द्वारा जब बिक्री के बिल मांगे गए तो प्रतिष्ठान की ओर से कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया है।

# चार्जिंग प्वाइंट से 2 ई-रिक्शा हुए पार

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

बेलबाग थाने में नरेश विश्वकर्मा उम्र 52 वर्ष निवासी पूर्वी बेलबाग पानी की टंकी के पास भानतलैया ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि उसकी आदित्य ई रिक्शा चार्जिंग प्वाइंट के नाम से उसकी दुकान भानतलैया शराब दुकान के पास है । चार्जिंग के लिये मोनू बेन अपना ई रिक्शा स्पीगो मोरनी डीलक्स कम्पनी उसकी दुकान मे चार्जिंग के लिये लाया था । जो चार्ज करकेदुकान के बाहर खड़ा कर दिया था । वापस आकर चैक किया तो ई रिक्शा गायब था । इसी प्रकार 20 अक्टूबर को ही पप्पन सोनकर ने अपना ग्रीन कलरका ई रिक्शा चार्जिंग के लिये लाया था । उसे भी चोरों ने चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

# उगते सूर्य को अर्घ्य देकर हुआ छठ महापर्व का समापन

## यूपी बिहार एकता मंच ने तिलवारा घाट पर किए विविध आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

लोक आस्था के महापर्व छठ का समापन मंगलवार को हुआ । जिले में विभिन्न घाटों में इस पर्व को आस्था एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। यूपी बिहार एकता मंच के महामंत्री रघु तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि लोक आस्था का महापर्व छठ, तिलवारा घाट पर 27 और 28 अक्टूबर को बड़े धूम-धाम, हर्ष और उल्लास के साथ भव्य रूप से संपन्न हुआ। समिति और श्रद्धालुओं द्वारा डूबते हुए सूर्य (27 अक्टूबर) एवं उगते हुए सूर्य (28 अक्टूबर), दोनों ही समय पर पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ महाआरती की गई। 27 अक्टूबर की प्रस्तुतियां (संध्या अर्घ्य) को कलाकारों ने विभिन्न झांकियों की प्रस्तुति दी, जिनमें



शंकर अघोरी नृत्य, दुर्गा नृत्य, काली नृत्य, कन्या नृत्य और राधा-कृष्ण की लीला आकर्षण का केंद्र रही। इसी प्रकार 28 अक्टूबर का मार्मिक दृश्य उषा अर्घ्य पर तिलवारा घाट समिति द्वारा पौराणिक कथा पर आधारित एक मार्मिक झांकी प्रस्तुत की गई, जिसमें सीता मैया द्वारा छठ व्रत रखने का दृश्य दर्शाया गया, यह व्रत उन्होंने प्रभु श्री राम को ब्रह्म हत्या के दोष से बचाने हेतु रखा था।

### विशाल भंडारे का आयोजन

इस भावुक दृश्य को देखकर सभी श्रद्धालु द्रवित और भावुक हो गए। इसके उपरांत सभी ने राम दरबार की आरती, पूजन और अर्चन किया। सीता मैया द्वारा सूर्य देव को अर्घ्य देकर व्रत का विधिवत समापन किया गया। इसी प्रकार सूर्य अर्घ्य की समाप्ति के उपरान्त छठ घाट पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। महामंत्री रघु तिवारी ने बताया कि यह आयोजन लोक आस्था, संस्कृति और पारंपरिक कलाओं का एक अद्भुत संगम रहा ।

# आरएसएस के पूर्व प्रचारक ने की अन्न जल त्याग करने की घोषणा

**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** खून के दिए और भूमि समाधि सत्याग्रह के बाद अब सिहोरा जिला का मामला अब अन्न जल त्यागने की घोषणा तक पहुंच गया है। आरएसएस के पूर्व प्रचारक सिहोरा निवासी प्रमोद साहू ने घोषणा कर कहा कि आगामी 9 दिसंबर से वे सिहोरा जिला की मांग को लेकर अन्य जल त्याग देंगे। सिहोरा में आयोजित पत्रकार वार्ता में मुख्य वक्ता के रूप में स्वयंसेवक संघ के पूर्व प्रचारक प्रमोद साहू शामिल हुए थे। प्रमोद साहू ने कहा कि वे शौर्य दिवस



6 दिसंबर को दोपहर 3 बजे से अपने घर में आमरण सत्याग्रह तथा सद्बुद्धि यज्ञ प्रारंभ करेंगे । इस दौरान वे केवल जल ग्रहण करेंगे । तीन दिनों तक यज्ञ करने के उपरांत 9 दिसंबर दोपहर 3 बजे से वे जल का भी त्याग कर देंगे। इस दौरान उन्होंने आह्वान किया कि 9 दिसंबर को दोपहर सिहोरावासी बस स्टैंड सिहोरा में एकत्र हो। पूर्व प्रचारक प्रमोद साहू ने कहा कि सिहोरा निवासी एक युवक उनके पास आया और अत्यंत भावुक हो कहा कि आखिर कब तक इस तरह आंदोलन करते रहेंगे। युवा ने स्वयं को एक बड़े कार्यक्रम में आत्मदाह करने की बात कही। जिससे उनका हृदय व्यथित हुआ ।

# जीसीएफ सीजीएम को दिया अग्रिम विकल्प पत्र

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

निर्माणी कर्मचारी उत्तम बिस्वास ने जानकारी देते हुए बताया कि जीसीएफ में संयुक्त संघर्ष समिति द्वारा मुख्य महाप्रबंधक के माध्यम से डीडीजी फील्ड यूनिट को सेवानिवृत्ति तक सरकारी सेवा में बने रहने का एडवांस ऑप्शन फॉर्म दिया गया। जैसा कि विदित है केंद्र सरकार द्वारा आयुध निर्माणियों को सात अलग अलग डीपीएसयू में परिवर्तित कर दिया गया है। कर्मचारियों को फिलहाल डीम्ड डेप्युटेशन पर रखा गया है परन्तु



सरकार द्वारा कर्मचारियों को डीपीएसयू में समामेलन हेतु सेवा शर्तों निर्धारण के लिए कमिटी का गठन किया गया है। जल्द ही कर्मचारियों को सरकारी या डीपीएसयू में शामिल होने के लिए विकल्प प्रस्तुत किए जाएंगे। इसी तारतम्य में सभी यूनियनों एवं एसोसिएशन द्वारा हस्ताक्षर अभियान चलाकर एडवांस ऑप्शन फॉर्म भरकर दिए गए है । जिसमें ज्यादातर कर्मचारियों ने सेवानिवृति तक केंद्र सरकार के अधीन सेवा में ही रहने का विकल्प चुना है। सरकार से मांग की गई है कि प्रसार भारती की तरह कर्मचारियों के लिए गैजेट नोटिफिकेशन जारी किया जाए। जिसमें सेवानिवृत्ति तक सभी सरकारी कर्मचारियों को केंद्र सरकार के अधीन ही रखा जाए। इस अवसर पर मजदूर संघ हथौड़ा के रोहित यादव, अमित चंदेल, राजा पाण्डेय, श्रमिक संघ मिले हाथ से राकेश रजक, लक्ष्मी पटेल आदि उपस्थित रहे।

# एरियर मिलने पर कर्मचारियों ने मनाया हर्ष

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मप्र लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष रविंद्र राय ने बताया कि लंबे समय से लंबित एरियर भुगतान को लेकर संघ द्वारा चलाए गए निरंतर संघर्ष का आज परिणाम सामने आया है। हाइट्स और यूडीएम कंपनियों द्वारा कार्यरत लगभग 1200 आउटसोर्स कर्मचारियों को आखिरकार 6 माह का एरियर भुगतान प्राप्त हुआ है। संघ ने बताया कि इस मामले में संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक डॉ.



अरविंद शर्मा ने तत्परता दिखाते हुए कंपनी प्रबंधन को भुगतान के स्पष्ट निर्देश दिए। उनके सक्रिय हस्तक्षेप और संघ के लगातार संवाद के परिणामस्वरूप कर्मचारियों को 6 माह का एरियर भुगतान सुनिश्चित हुआ। एरियर राशि मिलने के बाद आउटसोर्स कर्मचारियों में हर्ष की लहर व्याप्त है। सभी कर्मचारियों ने संगठन के नेतृत्व और प्रशासनिक अधिकारियों का आभार व्यक्त किया है। संघ ने भी डॉ. अरविंद शर्मा सहित संबंधित अधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि यह सफलता प्रशासन और संगठन के सहयोग से संभव हुई है। आगे भी न्याय, समानता और श्रमिक सम्मान की इस लड़ाई को जारी रखेंगे। इस दौरान प्रशांत श्रीवास्तव, विपिन पीपरे, प्रमोद कुमार, ओमप्रकाश पनगरहा, कला बाई, अरविंद पंडित, सचिन, कमल जाटव, मोहन आदि उपस्थित रहे।

# ऑनलाइन फूड डिलीवरी की आड़ में शराब की तस्करी

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** ऑनलाइन फूड डिलीवरी की आड़ में शहर में अब शराब तस्करी का नया खेल शुरू हो गया है। रांझी पुलिस ने स्विगी की टी-शर्ट और बैग के साथ शराब सप्लाई करते एक युवक को पकड़ा है। आरोपी के पास से 350 पाव देसी शराब और एक बाइक बरामद की गई है, जबकि उसका साथी मौके से फरार हो गया। पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है। आरोपी व्हीकल क्षेत्र का रहने वाला है। जब पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया, उस समय उसके साथ एक और लड़का था, जो पुलिस को देखकर भागने में कामयाब रहा। रांझी पुलिस अब आरोपी और उसके अन्य साथियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस को संदेह है कि आरोपी के और भी साथी हो सकते हैं, जो अवैध शराब की बिक्री में लिप्त हैं। रांझी पुलिस को एक मुखबिर ने सूचना दी थी कि बीते कई दिनों से रोजाना दो लड़के व्हीकल स्टेट क्षेत्र में घूमते हैं। दोनों स्विगी कंपनी की टी-शर्ट तो पहनते हैं, लेकिन कहीं भी कोई सामान डिलीवर नहीं करते। मुखबिर से जानकारी मिलते ही पुलिस की एक टीम व्हीकल पहुंची और लड़कों के आने का इंतजार करने लगी। मंगलवार को एक बाइक पर सवार होकर दो लड़के पहुंचे और सड़क किनारे जाकर खड़े हो गए।



# भाई-भाभी की हत्या करने के बाद यूपी भागने की फिराक में था बबलू

## पुलिस ने कटनी से किया गिरफ्तार, घमापुर थाने का मामला

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

दोहरे हत्याकांड को अंजाम देने वाले हत्यारे छोटे भाई बबलू चौधरी को पुलिस ने कटनी से गिरफ्तार कर लिया है । बतां दें कि अपने भाई और भाभी की जघन्य हत्या करने के बाद से ही आरोपी बबलू चौधरी फरार चल रहा था। जिसपर पुलिस कप्तान ने आरोपी पर 10,000 रुपए का इनाम घोषित करते हुए घमापुर थाना पुलिस और क्राइम ब्रांच की अलग-अलग टीमों को जल्द से जल्द आरोपी को पकड़ने निर्देश दिए थे।

**ये है पूरा घटनाक्रम** -बता दें कि विगत शुक्रवार को घमापुर थाना क्षेत्र के वल्दी कोरी की दफाई इलाके में आरोपी बबलू चौधरी ने नमकीन कारखाने की जमीन को लेकर अपने



बड़े भाई संजय चौधरी और भाभी बबीता चौधरी की चाकू से गोदकर हत्या कर दी थी। आरोपी ने दोनों पर 50 से अधिक वार किए थे, जिससे मौके पर ही दोनों की मौत हो गई थी। इस वारदात के बाद से ही पुलिस द्वारा आरोपी की सरगर्मी से तलाश की जा रही थी ।

**रिश्तेदार के यहां छिपा हुआ था आरोपी**- बताया जा रहा है कि मंगलवार की सुबह जबलपुर पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपी बबलू चौधरी कटनी में अपने एक रिश्तेदार के घर में छिपा हुआ है। जल्द ही कटनी से फरार होकर उत्तर प्रदेश की तरफ भागने की फिराक में है। हत्यारे को पकड़ने के लिए फौरन जबलपुर पुलिस कटनी के लिए रवाना हुई। जहां उसे मंगलवार दोपहर को गिरफ्तार करने के बाद जबलपुर लाया गया । इस मामले को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा ने कहा कि इस जघन्य अपराध को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाया जाएगा, जहां आरोपी को जल्द से जल्द कड़ी से कड़ी सजा दिलवाई जा सके ।

# स्वदेशी से पूरा होगा आत्मनिर्भर भारत का संकल्प : डॉ अभिलाष पाण्डेय

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** भाजपा द्वारा विधानसभा स्तर पर आत्मनिर्भर भारत एवं स्वदेशी संकल्प अभियान आयोजित करके स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए वृहद स्तर पर जनजागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को उत्तर मध्य विधानसभा में स्वदेशी अपनाने एवं आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को लेकर प्रज्ञा मंडपम में कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिसमें उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक डॉ अभिलाष पाण्डेय ने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए आत्मनिर्भर भारत को बनाने के लिए स्वदेशी की संकल्पना और महत्ता पर उद्बोधन देकर इसको अपनाने की बात कही। इस दौरान भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन सीए एवं भाजपा जिलाध्यक्ष रत्नेश सोनकर भी उपस्थित रहे। डॉ अभिलाष पाण्डेय ने कहा कि आज हम आत्मनिर्भर भारत बनाने हेतु स्वदेशी के संकल्प के अभियान के लिए एकत्रित हुए हैं हम सब भारत को सशक्त बनाने के लिए निकले हैं जिसमें हम सब के नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरे विश्व के सामने भारत का गौरव ऊंचाइयों पर ले जाने का कार्य कर रहे हैं । भारत का पुरातन इतिहास गौरव पूर्ण रहा है नालंदा और तक्षशिला के माध्यम से भारत के पुरातन गौरव को पूरे विश्व में जाना गया एवं उन पर आक्रांताओं ने हमला करके मिटाने की भी कोशिशें की परंतु हम वो हैं जो अपने आत्मबल और संस्कृति को आज भी बनाए हुए हैं।



# गरिमामय रूप से मनाया जाए मप्र का स्थापना दिवस : कलेक्टर

## लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए आदेश

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत अभिषेक गहलोत, अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड सहित सभी जिला अधिकारी मौजूद रहे। फील्ड स्तर के अधिकारी भी वीसी के माध्यम से इस बैठक में जुड़े थे। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि शासन की प्राथमिकता से जुड़े विषयों से संबंधित प्रकरणों को संवेदनशीलता के साथ निराकरण करना है। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि सड़कों की मरम्मत व सुधार, दुग्ध उत्पादन बढ़ाने, स्कूलों की साफ-सफाई व पुताई, खाद्य पदार्थों की जांच व सैंपल, खाद्यान्न का उठाव व वितरण, खाद्यान्न दुकानों का सत्यापन, अन्नदूत योजना का क्रियान्वयन के संबंध में चर्चा करते हुए कहा कि जिन खाद्यान्ना दुकानों में सत्यापन के दौरान खाद्यान्न में कमी पाई गई, वहां वसूली की कार्यवाही की जाये। इसके अलावा उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश का स्थापना दिवस गरिमामय रूप से मनाया जाये, इसमें लोकतंत्र सेनानियों को आमंत्रित किया जाये। साथ ही समाज के सभी वर्गों की भागीदारी इसमें सुनिश्चित कराना है। बैठक में सांसद खेल महोत्सव व संभागीय कमिश्नर के द्वारा की जाने वाली समीक्षा के विषय पर भी चर्चा की गई।



**अन्य मुद्दों पर भी हुई चर्चा** - कलेक्टर श्री सिंह ने इस दौरान विभागवार लंबित पत्रों की समीक्षा कर कहा कि प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से करें। साथ ही सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों का निराकरण भी तत्परता से करें। उन्होंने पेंशन प्रकरण, एमडीएम व साझा चूल्हा, राशन उठाव, धान व कोदो कुटकी उपार्जन की तैयारी व इसके लिए एसएसजी को तैयार करने व उनकी ट्रेनिंग, खाद वितरण, नरवाई प्रबंधन, प्राकृतिक खेती, वन ग्रामों को राजस्व ग्राम में संपरिवर्तन तथा टेकहोम राशन आदि के संबंध में चर्चा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। साथ ही कहा कि सभी शासकीय भवन हैं, उनमें विशेष रूप से स्कूल आंगनवाड़ी, छात्रावासों में साफ-सफाई व सुरक्षा, के मापदंडो के साथ सेप्टिक टेंक की जांच करायें। उन्होंने कहा कि छात्रावासों में लाइट की समस्या को दूर करने के लिए भी प्रभावी कदम उठायें जाएं ।

# झालर लगाते समय 132 केव्ही लाइन से झुलसा युवक, मौत

## ट्रांसमिशन लाइन के प्रतिबंधित सीमा क्षेत्र में अनधिकृत निर्माण करने के कारण पुन: हुई दुर्घटना

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी की 220 केव्ही सबस्टेशन साउथ जोन इंदौर से निकली 132 केव्ही साउथ जोन-केट 1 ट्रांसमिशन लाइन के प्रतिबंधित मार्ग सीमा में मानव जीवन के लिए घातक क्षेत्र में अनाधिकृत निर्माण करने के कारण एक युवक की मौत हो गई। मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा इन्हें पूर्व मे बकायदा नोटिस जारी किए गए थे एवं इन क्षेत्र में सार्वजनिक मुनादी के अलावा एमपी ट्रांसको के अधिकारियों और कर्मचारियों ने यह घातक निर्माण हटाने के लिए व्यक्तिगत स्तर अनेक बार समझाइश भी दी थी। राजेंद्र नगर क्षेत्र की अभीर विहार कॉलोनी राउ में दीपावली की सजावट के लिये युवक अपने मकान पर झालर (लाइटिंग सीरीज़) लगा रहा था तभी यह दुर्घटना हुई। हांलाकि हादसे के समय ट्रांसमिशन लाइन से सीधा संपर्क नहीं हुआ, लेकिन 1 लाख 32 हजार वोल्टेज के इंडक्शन प्रभाव के कारण युवक गंभीर रूप से घायल हुआ, व इलाज के दौरान उस युवक की मृत्यु हो गई। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पूर्व खंडवा रोड स्थित साईबाग कॉलोनी में भी एक मकान पर वेल्डिंग कार्य के दौरान दो श्रमिक 132 केवी लाइन के इंडक्शन प्रभाव से



गंभीर रूप से झुलस गए थे।

**एमपी ट्रांसको ने जारी किये नोटिस**-एमपी ट्रांसको की अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्रीमती नीलम खन्ना ने बताया कि जिस मकान (क्रमांक 71, अबीर विहार कॉलोनी, राऊ) में हादसा हुआ, उसके मालिक को मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) द्वारा पहले से ही नोटिस जारी किए गए थे। कंपनी ने ट्रांसमिशन लाइन के प्रतिबंधित क्षेत्र में निर्माण कार्य रोकने और खतरनाक निर्माण हटाने के लिए व्यक्तिगत रूप से भी परिवार को चेताया था, किंतु लगातार चेतावनियों की अनदेखी के चलते यह दुर्घटना हुई। उन्होंने बताया कि इंदौर में अब तक ट्रांसमिशन लाइनों के प्रतिबंधित क्षेत्रों में निर्माण करने वालों को 1031 नोटिस दिए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि एमपी ट्रांसको नागरिकों की जान की सुरक्षा और ट्रांसमिशन लाइन के खतरों से उन्हें जागरूक करने के लिए सतत प्रयासरत है। ट्रांसमिशन लाइन के प्रतिबंधित क्षेत्र में अनाधिकृत निर्माण न केवल मानव जीवन के लिए खतरा हैं बल्कि प्रदेश की बिजली आपूर्ति को भी लंबे समय तक बाधित कर सकते हैं। घरेलू बिजली की तुलना में ट्रांसमिशन लाइनों में प्रवाहित धारा लगभग 600 से 950 गुना अधिक घातक होती है।

# कलयुगी पिता ने सौतेली बेटी को बनाया हवस का शिकार

उमरिया (स्वतंत्रमत)

मंगलवार 28 अक्टूबर को जिले को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। एक पिता ने अपनी सौतेली बेटी के अकेले होने का फायदा उठाकर दरिंदगी की वारदात को अंजाम दिया। बेटी ने सौतेले पिता की शर्मनाक हरकत की आपबीती अपनी मां को बताई। बेटी की बात सुनते ही मां बेटी को लेकर इंदवार थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। मां की शिकायत पर पुलिस ने कलयुगी पिता को पकड़ लिया, लेकिन वह पुलिस को चकमा देकर जंगल की तरफ भाग निकला। शर्मनाक घटना जिले इंदवार थाने के पनपथा गांव में सामने आई। मां की शिकायत पर पुलिस तत्काल हरकत में आई और दुष्कर्मी पिता को अपनी अभिरक्षा में ले लिया। हालांकि जब पुलिस आरोपी को लेकर थाने जाने लगी मौका देखकर दुष्कर्मी पिता पुलिस वाहन से कूद कर फरार हो गया। पुलिस टीम लगातार तलाश में जुटी है। वहीं, आरोपी के फरार होने की सूचना मिलते ही डीआईजी शहडोल सविता सुहाने भी इंदवार पहुंची। इंदवार थाना प्रभारी गोविन्द सिंह ने बताया कि दिन में मां और बेटी थाने




आकर रिपोर्ट लिखवाई हैं। शिकायत पर बीएनएस की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। फिलहाल फरार आरोपी की तलाश की जा रही है। आरोपी और पीड़िता रिश्ते में पिता-पुत्री हैं, आरोपी पीड़िता का रिश्ते में पीड़िता का सौतेला पिता है। आरोपी दूसरी पत्नी को कहीं से लेकर आया और उसकी नियत अपनी सौतेली बेटी पर ही डोल गई, जिसने रिश्ते को तार-तार कर दिया। जिस दिन बेटी घर में अकेली थी तब आरोपी ने मौका पाकर हवस मिटाने के लिए शर्मनाक वारदात को अंजाम दिया।

## पुलिस अभिरक्षा से फरार हुआ आरोपी

जिले के ईदवार थाना क्षेत्र में एक गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार आरोपी राम नारायण दाहिया पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया, जिसके बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार आरोपी पर अपनी सौतेली बेटी के साथ दुष्कर्म करने का संगीन आरोप था। पीड़िता ने साहस दिखाते हुए घटना की शिकायत थाने में दर्ज कराई थी, जिस पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया था। मामला दर्ज होने के बाद आरोपी को ईदवार थाने लाया गया था, जहां से वह पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। आरोपी के भागने की खबर मिलते ही वरिष्ठ अधिकारी तत्काल थाने पहुंच गए और घटना की जानकारी लेते हुए लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई के संकेत दिए हैं। वहीं आरोपी की तलाश में पुलिस की कई टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। यह घटना न केवल पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है, बल्कि पीड़िता और उसके परिवार की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बढ़ा रही है। जिले के नागरिकों ने आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग करते हुए पुलिस से सख्त कार्रवाई की अपेक्षा जताई है। फिलहाल आरोपी की तलाश में पुलिस लगातार प्रयासरत है और उम्मीद जताई जा रही है कि उसे जल्द गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

# लकड़ी के खूंटा से करी थी ससुर की हत्या, दामाद को पुलिस ने भेजा जेल

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

रूपझर थाना के नारंगी में हुई हत्या का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर में खुलासा करते हुए आरोपी को जेल भेज दिया है। बताया जाता है कि जवाई ने ससुर से पत्नी का पता पूछा तो नहीं बताने पर ससुर को मौत के घाट उतार दिया। जानकारी अनुसार, 27 अक्टूबर को संगीता सलामें निवासी ग्राम नारंगी निवासी ने रूपझर थाना द्वारा सूचना दी गई कि उसके पड़ोसी झाड़ूलाल उईके उम्र 73 वर्ष, निवासी ग्राम नारंगी की हत्या, संजू उर्फ संजय राऊत निवासी ग्राम देवरी उम्र 37 वर्ष (मलाजखण्ड), हाल निवासी ग्राम नारंगी द्वारा कर दी गई है। सूचना पर चौकी उकवा पुलिस तत्काल मौके पर पहुँची। घटनास्थल का निरीक्षण एफएसएल यूनिट एवं फिंगरप्रिंट टीम द्वारा कराया गया। शव का पीएम कराया गया जिसमें मृत्यु का कारण सिर पर गंभीर चोट एवं गला दबाने से होना पाया गया। रिपोर्ट पर थाना रूपझर में तत्काल अपराध धारा 103(1), 238



भारतीय न्याय संहिता के तहत पंजीबंद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस अधीक्षक बालाघाट द्वारा प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिये गए। चौकी प्रभारी उकवा उप निरीक्षक आकाश शर्मा के नेतृत्व में टीम गठित की गई। उक्त टीम द्वारा आरोपी को ग्राम जगनटोला से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है। पूछताछ के आधार पर पता चला कि 25 अक्टूबर को ग्राम नारंगी में मंडई का कार्यक्रम था। उसी दिन आरोपी संजू उर्फ संजय राऊत का अपनी पत्नी मनीषा से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। विवाद के बाद मनीषा घर छोड़कर कही चली गई। इसी दौरान आरोपी ने अपने ससुर झाड़ूलाल से मनीषा के बारे में पूछा और आपसी वाद-विवाद को लेकर आरोपी ने गुस्से में आकर लकड़ी का खूंटा उखाड़कर झाड़ूलाल (मृतक) के सिर पर मारकर हत्या कर दी।

# संभाग समन्वयक की अध्यक्षता में ब्लाक स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न




उमरिया (स्वतंत्रमत)

मंगलवार 28 अक्टूबर को मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के संभाग समन्वयक शहडोल भीम सिंह डामोर की अध्यक्षता में जनपद कार्यालय मानपुर में सभी नावँकुर अध्यक्ष एवं सचिवों और परामर्शदाताओ की ब्लाक स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न हुई। संभाग समन्वयक द्वारा बताया गया कि सभी नवांकुरों को अपने सेक्टर अंर्तगत एक आदर्श ग्राम बनाना ,प्रस्फुटन समितियों का क्षमता संवर्धन करना, सीएमसीएलडीपी कक्षा संचालन करना ,एमआईएस डाटा रिपोर्ट बनाना,छात्र छात्राओं की फीस जमा कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिला समन्वयक रविन्द्र शुक्ला ने कहा कि सभी परामर्शदाता अपने अपने सेक्टर अंर्तगत सभी स्टूडेंट्स को लर्निंग एप डाउनलोड करवाएं और कक्षाओं में स्टूडेंट्स की संख्या बढ़ाएं। ब्लाक समन्वयक ने कहा कि सभी नावँकुर एवं परामर्शदाता अपने अपने कार्यों को जिम्मेदारी के साथ समय समय मे करते रहे जिससे हमारा ब्लाक अग्रणी रहे। इस अवसर पर ब्लाक समन्वयक महेंद्र सिंह सभी नावँकुर एवं परामर्शदाता उपस्थित रहे।

# निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में कलेक्टर की अध्यक्षता में प्रेस कान्फ्रेंस संपन्न

उमरिया (स्वतंत्रमत)

मंगलवार 28 अक्टूबर को निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में प्रेस कान्फ्रेंस संपन्ध हुई । बैठक में मास्टर ट्रेनर सुशील मिश्रा ने बताया कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 326 के अनुसार भारतीय नागरिक जिसकी आयु 18 वर्ष है तथा संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में सामान्य रूप से निवास करता हो, किसी कानून के अंतर्गत आयोग्य नही हो, वे मतदाता की पात्रता रखते है। उन्होने बताया कि 1951 से 2004 तक आठ बार एसआईआर किया जा चुका है। पिछला एसआईआर लगभग 21 वर्ष पहले, साल 2001-2004 में किया गया था। एसआईआर में प्रमुख अधिकारियों में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए निर्वाचन पंजीकरण



अधिकारी (ईआरओ) प्रत्येक तहसील के लिए सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (एईआरओ), जिला मजिस्ट्रेट, ईआरओ के निर्णय के विरूध्द की गई प्रथम अपील को सुनते है। राज्य,केंद्र शासित प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, कलेक्टर के निर्णय के विरूध्द की अपील सुनते है। प्रत्येक बीएलओ मौजूदा मतदाता को गणना प्रपत्र वितरित करेंगे तथा बीएलओ मिलान, लिंकिंग के लिए पिछले एसआईआर के अखिल भारतीय डेटाबेस की सहायता लेंगे। गणना चरण के दौरान ईएफ के साथ किसी अन्य दस्तावेज की आवश्यकता नही है। ईआरओ, एईआरओ यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी पात्र नागरिग छूटे नही तथा कोई भी अपात्र व्यक्ति सम्मिलित नही हो। बीएलए मतदाताओ से भरे हुए गणना प्रपत्र एकत्र कर सकते है,प्रतिदिन अधिकतम 50 गणना प्रपत्र प्रमाणित कर सकते है और उन्हे बीएलओ को सौपेगे। मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण प्रत्येक केंद्र पर अधिकतम 1200 मतदाता की सीमा पर निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि दस्तावेजो के सांकेतिक सूची में किसी केन्द्रीय,राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रम व्दारा नियमित कर्मचारी,पेंशनर को जारी पहचान पत्र,पेंशन भुगतान आदेश,सक्षम प्राधिकारी व्दारा जारी जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट,विश्व विद्यालय व्दारा जारी मैट्रिक, शैक्षणिक प्रमाण पत्र,वन अधिकार प्रमाण पत्र, ओबीसी,एससी,एसटी या अन्य जाति प्रमाण पत्र,राज्य, स्थानीय निकाय व्दारा पारिवारिक रजिस्टर सहित अन्य शामिल है। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी रीता डेहरिया, एईआरओ बांधवगढ अंबिकेश प्रताप सिंह, प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी पाली मीनाक्षी इंगले सहित जिले के प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के पत्रकार गण उपस्थित रहे ।

# शव लेकर जा रही बुलेरो की अनियंत्रित बल्कर से हुई टक्कर

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** उमरिया और कटनी जिले की सीमा पर स्थित महानदी पुल के पास सोमवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। एक बल्कर ने सामने से आ रही बोलेरो को टक्कर मार दी, जिससे बोलेरो में सवार छह लोग घायल हो गए। बोलेरो (क्रमांक एमपी 65 टी 0860) छत्तीसगढ़ से कटनी की ओर जा रही थी। इसमें सवार लोग अपने एक रिश्तेदार का शव लेकर अंत्येष्टि के लिए



कटनी जा रहे थे। वहीं, बल्कर (क्रमांक एमपी 65 जेडसी 4507) कटनी से उमरिया की दिशा में आ रहा था। अनियंत्रित बल्कर की टक्कर से बोलेरो में सवार सभी छह लोगों को मामूली चोटें आई हैं। हादसे के बाद बल्कर का चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना कटनी जिले की बड़वारा पुलिस को दी गई है। घटना के बाद परिवारजन दूसरी गाड़ी से शव लेकर रवाना हो गए।

# मॉयल उकवा में सतर्कता जागरूकता सप्ताह आयोजित

उकवा(स्वतंत्र मत)

भारत सरकार की मिनी रत्न कंपनी मॉयल लिमिटेड के उकवा खान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी केन्द्रीय सतर्कता आयोग के निर्देषानुसार एवं मॉयल लिमिटेड, मुख्यालय, नागपूर के बी. डी. गजगाते, मुख्य सतर्कता अधिकारी एवं डी. के. रैना, उप-मुख्य सतर्कता अधिकारी के दिशानिर्देश पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह 27 अक्टोबर से 02 नवंबर तक आयोजन किया गया है। जिसमें उकवा खान के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ठेकेदारों ने अपने कार्यों में ईमानदारी, जवाबदेही एवं पारदर्षिता अपनाकर दायित्वों का निर्वाहन करने की शपथ ली। यू. एस. भाटी,



अभिकर्ता एवं संयुक्त महाप्रबंधक (खान), समूह-1, मॉयल लिमिटेड बालाघाट खान, पवन कुमार वर्मा सतर्कता अधिकारी बालाघाट खान, निषाद निकोसे, खान प्रबंधक, समीर बेनर्जी, प्रमुख प्रबंधक (कार्मिक) व नंदलाल टेकन के सहयोग से सतर्कता जागरूकता के संबंध में विक्रता एवं ठेकेदारों के लिए एक दिवसी संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उत्कृष्ठ नारा एवं कविता लेखन में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले कर्मचारियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साह वर्धन किया गया। इस अवसर पर सतर्कता अधिकारी पवन कुमार वर्मा ने कहा कि हमें सामूहिक रूप से भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ने, रिष्वतखोरी व असंवैधानिक क्रियाकलापों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही पर जोर देने की आवष्यकता है। उन्होंने कहा की इस प्रकार के आयोजन भ्रष्टाचार, नैतिकता, सुषासन इत्यादि के प्रति जागरूकता पैदा करने में महत्ववूर्ण भूमिका अदा करते हैं तथा भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए अपने दैनिक व कार्यालयिन कार्यों में सतर्कता, ईमानदारी, जवाबदेही एवं पारदर्षिता पर बल दिया है।

# सेवादल शिविर का प्रतिनिधित्व करेंगे विधायक फुन्देलाल सिंह एवं रमेश द्विवेदी

**उमरिया (स्वतंत्रमत)** । 30 अक्टूबर को आयोजित जिला कांग्रेस सेवा दल उमरिया के प्रशिक्षण कार्यशाला का प्रतिनिधित्व फुन्देलाल सिंह मार्को विधायक पुष्पराजगढ़ और मध्यप्रदेश कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष रमेश द्विवेदी करेंगे। प्रशिक्षित करने लाल जी देसाई राष्टीय अध्यक्ष एवं पी.एन. मिश्र प्रभारी मध्यप्रदेश कांग्रेस सेवा दल व योगेश यादव अध्यक्ष मध्यप्रदेश कांग्रेस सेवा दल के मार्गदर्शन में सामुदायिक भवन उमरिया में सुबह 10 बजे संचालित करेंगे। उक्त जानकारी उमरिया जिला कांग्रेस सेवादल



अध्यक्ष संतोष सिंह ने देते हुए कहा कि आयोजित होने वाले सेवा दल शिविर पूर्व विधायक अजय सिंह जी एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष एंजी0 विजय कोल के मार्गदर्शन में जिले के उमरिया, चंदिया, मानपुर, इंदवार, पाली, करकेली, बिलासपुर के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्र से पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बंधु उत्साह के साथ सम्मिलित होंगे ।उमरिया जिले के सभी कांग्रेस जानो एवं मोर्चा प्रकोष्ठों के साथियों से आग्रह है कि आयोजित सेवा दल शिविर में सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए सुनिश्चित करें।

# रोजगार सहायक से फौजी ने की मारपीट, दोनों पर मामला दर्ज

बालाघाट/कटंगी (स्वतंत्र मत)

जनपद पंचायत कटंगी की ग्राम पंचायत गोरेघाट के रोजगार सहायक के साथ मारपीट की घटना सामने आई है। घटना के बाद फौजी और उनके पिता व मामा पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है वहीं फौजी की शिकायत पर रोजगार सहायक पर भी पुलिस ने गालीगलौच, मारपीट और एससी/एसटी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। जानकारी अनुसार, यह घटना सोमवार की सुबह 11 बजकर 40 मिनट की है, जो पंचायत भवन में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। सीसीटीवी फुटेज में देखा जा रहा है कि रोजगार सहायक कमलेश सोनगढ़े से मारपीट की जा रही है। गांव के ही तीन लोगों में मंगल टांडेकर, बंसत टांडेकर और बलेन्द्र पर मारपीट करने का आरोप है। जिन पर यह आरोप लगा है उसमें एक फौजी बंसत टांडेकर, उसके पिता मंगल टांडेकर और उनका एक रिश्तेदार मामा बलेन्द्र शामिल है। पीड़ित रोजगार सहायक कमलेश पिता गुलाबचंद सोनगढ़े उम्र 43 वर्ष ने रात्रि में नौ बजे के बाद रोजगार सहायक संघ





ब्लाक अध्यक्ष आशीष वासनिक और अपने कुछ साथियों के साथ तिरोड़ी थाने पहुंचकर अपने साथ हुई मारपीट और शासकीय कार्य में दखल देने की शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस ने आरोपी मंगल टांडेकर, फौजी बंसत टांडेकर और बलेन्द्र के खिलाफ अपराध दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 132, 121 (1), 296, 115 (2), 351 (3), 3 (5) की कार्रवाई की है। रोजगार सहायक कमलेश सोनगढे ने पुलिस को बताया कि आरोपितों ने खाद्यान्न पात्रता पर्ची से नाम विलोपित होने पर उसके साथ मारपीट की है। आरोपित मंगल ने पंचायत भवन में आकर विवाद की शुरुआत की और फिर अपने पुत्र बसंत और बलेंद्र को बुलाकर सभी ने मिलकर मारपीट की। रोजगार सहायक ने बताया कि बसंत शासकीय सेवा यानी फौज में तैनात है। जिसके कारण उनके परिवार को शासन के नियमानुसार सरकारी अनाज मिलना बंद हो गया है, लेकिन यह लोग रोजगार सहायक को इसका दोषी मानकर मारपीट कर रहे है। इधर, फौजी बसंत टांडेकर ने भी तिरोड़ी थाना पहुंचकर रोजगार सहायक कमलेश सोनगढे के विरुद्ध जातिसूचक शब्दों से गाली-गलौज करने और मारपीट करने की शिकायत दर्ज करवाई। शिकायत के बाद पुलिस ने रोजगार सहायक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 296, 351 (3) और अनुसूचित जाति, जनजाति अधिनियम की धारा 3 (1), द 3, (1) घ, 3 (2), (वी-9) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया हैं। इस घटना के बाद रोजगार सहायक संगठन में आक्रोश दिखाई दे रहा है। कटंगी तहसील अध्यक्ष आशीष वासनिक ने कहा कि पंचायत कर्मचारी शासन की योजनाओं पर कार्य करता है बावजूद इसके उनके साथ पंचायत के भीतर घुसकर मारपीट करना अनुचित है। उन्होंने आरोपियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की गई है।

## इनका कहना हैं

दोनों पक्षों की शिकायत प्राप्त हुई है। दोनों की शिकायत पर अपराध दर्ज कर लिया गया है।

**कौशल कुमार सूर्या**
**थाना प्रभारी तिरोड़ी**

# डहरवाल कलार समाज ने खैरी में मनाई भगवान सहस्त्राबाहु जयंती

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

राज राजेश्वर भगवान सहस्त्राबाहु अर्जुन की जयंती मंगलवार को बालाघाट शहर से लगे ग्राम खैरी में 28 अक्टूबर भक्ति भाव के साथ डहरवाल कलार समाज ने मनाई। इस अवसर समाज बंधुओं ने भगवान की पूजा अर्चना कर आरती की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रहीं। जानकारी अनुसार, प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कलार समाज संगठन की पहल पर जिले भर के लगभग ऐसे 200 से अधिक गांव कलार समाज के लोग निवासरत हैं। भगवान सहस्त्रबाहु की जयंती आज अर्थात कार्तिक मास की शुक्म पक्ष की सप्तमी तिथि को सभी वर्गों के कलार बहुओं ने साथ मिलकर सहस्त्रबाहु जयंती का सामूहिक कार्यक्रम पूजा-अर्चना के साथ मनाया गया। ऐसे ही संपूर्ण जिले में प्रत्येक तहसील के वे प्रत्येक गांव जहां पर कलार समाज निवासरत है। भगवान सहस्त्रबाहु की जयंती का



कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में समाज संगठन के सभी पदाधिकारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसी क्रम में ग्राम खैरी में सहस्त्रबाहु जयंती कार्यक्रम सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना के साथ मनाया गया, ग्राम खैरी की समिति द्वारा आने वाली अगली जंयती तक भगवान सहस्त्राबाहु का मंदिर का निर्माण करने का संकल्प लिया गया है। कलार समाज के अलावा अन्य समाज के लोगों ने भी मंदिर में सहयोग का अश्वासन दिया है। डहरवाल कलार समाज जिलाध्यक्ष राजेन्द्र साकरे ने कहा कि डहरवाल कलार समाज द्वारा आराध्य देव भगवान सहस्त्रबाहु जी की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। जिले के 156 गांव में डहरवाल कलार समाज निवासरत हैं। इस वर्ष सभी कलार समाज के वर्गों के द्वारा एक साथ 28 अक्टूबर को करीब 200 से अधिक गांवों में जयंती कार्यक्रम मनाया गया है।

## आंगनबाड़ी केंद्र का लोकार्पण

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने सोमवार को कजरवाड़ा में 11 लाख 22 हजार रुपए की राशि से नव निर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का लोकार्पण किया। भवन का निरीक्षण करते हुए उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से संचालन व्यवस्था की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित यह केंद्र बच्चों के प्रारंभिक पोषण, स्वास्थ्य एवं पूर्व शिक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## टीएल बैठक में दिये निर्देश

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** जिला योजना भवन के सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर ने विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने आगामी मध्यप्रदेश स्थापना दिवस कार्यक्रमों की तैयारी समय पर पूर्ण करने तथा संबंधित विभागों को समन्वयपूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए। 1 नवंबर से 3 नवंबर तक मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## कोदो कुटकी पंजीयन 31 तक

**मण्डला/बिछिया (स्वतंत्रमत)।** वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी मुकेश कुलस्ते ने बताया कि कोदो कुटकी के पंजीयन की अंतिम तिथि 24 अक्टूबर थी जिसे मध्य प्रदेश किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के पत्र क्रमांक 3292 के आदेश अनुसार जिले में कोदो कुटकी के पर्याप्त पंजीयन नहीं होने के कारण कृषक हित को दृष्टिगत रखते हुए कोदो कुटकी की उपार्जन पंजीयन की अवधि 31 अक्टूबर तक बढ़ाई गई है अत: अधिक से अधिक संख्या में किसान हल्का पटवारी, निकटतम समिति और कृषि विस्तार विभाग में पंजीयन करवा कर उचित मूल्य प्राप्त कर लाभ प्राप्त करें।

## पागल कुत्तों का आतंक

**मण्डला/घुघरी (स्वतंत्रमत)।** विकास खण्ड घुघरी में इन दिनों पागल कुत्तों का आतंक देखने को मिल रहा है जानकारी के अनुसार देवी आश्रम मोहल्ला और बाजार बार्ड क्षेत्र में कुत्ते खुलेआम घूम रहा है जो राहगीरों और बच्चों पर झपटने की कोशिश करते हैं जिससे मोहल्ले में दहशत का माहौल बना हुआ है बच्चे और बुजुर्ग घरों से बाहर निकलने में डर महसूस कर रहे हैं।

## युवाओं ने की मारपीट

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के सेमरखापा गांव में आयोजित पारंपरिक मेला मड़ई के दौरान एक अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक घटना सामने आई है जिसने जिले की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। हजारों की संख्या में लोगों की मौजूदगी में पांच से छह युवकों ने मिलकर एक युवक की बर्बरतापूर्ण तरीके से पिटाई कर दी।

## शिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में जागरूकता अभियान के तहत पुलिस द्वारा दादी की बगिया स्थित हॉल में कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा आयोजित मासिक शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहभागिता की गई। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा सहित अन्य पुलिस के प्रभारी अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण में उपस्थित लगभग 200 शिक्षकों को साइबर सुरक्षा जागरूकता माह अक्टूबर के अंतर्गत साइबर क्राइम से बचाव के उपाय, हेल्पलाइन नंबर 1930, साइबर फ्रॉड से सुरक्षा, यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित योजना राहवीर योजना, नकदी रहित इलाज, महिला अपराध से संबंधित कानूनी जानकारी, नशे से दूरी है जरूरी विषय पर जागरूकता आदि विषयों पर जानकारी दी गई।

# जिला चिकित्सालय में विचाराधीन कैदी की मौत

## सीएमएचओ मैडम ने लगाया गजब का दिमाग, जारी कर दिया फर्जी प्रेस नोट

मण्डला(स्वतंत्रमत)






जिला चिकित्सालय में इलाज के दौरान विचाराधीन कैदी की मौत हो जाने से परेशान दुखी नजर आ रहे हैं और न्याय के लिये सरकारी दहरी के चक्कर काट रहें हैं पहले जिला जेल के जबावदारों ने लापरवाही बरती फिर रही सही कसर जिला चिकित्सालय के डॉक्टर और स्टाफ ने पूरी कर दी। और फिर सीएमएचओ मैडम ने पूरे अमले को बचाने के लिये फर्जी प्रेस नोट भी जारी कर दिया। जिसमें कहा गया कि सोमवार को जिला जेल में परिरूद्ध विचाराधीन बंदी अजीत पटेल पिता जगदीश पटेल उम्र 36 वर्ष निवासी बिनेका थाना का अपराध क्रमांक 19/24 अपराध धारा 366, 376 एबी 506 अ 5/6 पॉक्सो एक्ट के तहत के आदेशानुसार 17 जून 2024 को जिला जेल मण्डला में दाखिल किया गया था। विचाराधीन बंदी को 18 अक्टूबर 2025 को जेल चिकित्सक के परामर्श अनुसार पुलिस गार्ड एएसआई येशुन्दलाल प्रधान आरक्षक विक्टर बरवा आरक्षक रामनाथ की अभिरक्षा में दोपहर 2:35 बजे जिला चिकित्सालय मण्डला भेजा गया था जहां जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों द्वारा उपचार एवं जांच की गई तथा पुन: शाम 4 बजे जेल दाखिल किया गया। 27 अक्टूबर को उक्त विचाराधीन बंदी को चक्कर आने के कारण जेल चिकित्सक द्वारा उसे देखा गया एवं साप्ताहिक परेड के दौरान जेल अधीक्षक एवं सहायक जेल अधीक्षक द्वारा भी उसकी समस्या को सुना गया। जेल चिकित्सक के परामर्श अनुसार जिला चिकित्सालय पर रिफर करने पर 27 अक्टूबर 2025 को उपचार वास्ते पुलिस गार्ड प्रधान आरक्षक उदय सरौते प्रधान आरक्षक भुपन आरक्षक जाहिद हुसैन, आरक्षक महेन्द्र की अभिरक्षा में 11:30 बजे जिला चिकित्सालय पर भेजा गया था जिसे जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों के द्वारा उपचार हेतु भर्ती कर लिया गया था। उक्त विचाराधीन बंदी की उपचार के दौरान दोपहर लगभग 4 बजे मृत्यु होने की सूचना दूरभाष पर प्राप्त हुई। 27 अक्टूबर सुबह 11: 41 बजे जिला जेल से आरक्षक भूपत सिंह 189 के द्वारा बंदी मरीज अजीत पटेल पिता जगदीश पटेल उम्र 36 वर्ष को मेडिसन ओपीडी में उपचार हेतु लाया गया। उक्त मरीज को सांस लेने में कठिनाई एवं पूरे शरीर में सूजन थी मरीज को कमजोरी एवं घबराहट की शिकायत थी ओपीडी में मेडिसन विशेषज्ञ द्वारा जांच करने पर मरीज की स्थिति अत्याधिक गंभीर पाई गई। मरीज की स्थिति देखते हुये उसे तत्काल आईसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया। जॉच के दौरान खून की कमी एवं ईसीजी में कमियां पायी गई। मरीज के बाईटल कंडीशन अत्यंत खराब थी जिस हेतु ब्लड ट्रांसफ्यूजन हेतु तत्काल ब्लड बैंक से संपर्क किया गया। ब्लड बैंक में एबी पॉजिस्टव ब्लड उपलब्ध नहीं था तत्काल रक्तदान दाताओं से संपर्क किया गया किन्तु ब्लड उपलब्ध नहीं हो पाया। आईसीयू में चिकित्सक एवं स्टाफके द्वारा मरीज का निरंतर आवश्यक उपचार किया गया एवं मेडिकल कॉलेज जबलपुर के लिये रिफर किया गया किन्तु मरीज की स्थिति अत्याधिक गंभीर होने के कारण दोपहर 3:40 बजे उपचार के दौरान मरीज की मृत्यु हो गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डीजे मोहंती ने बताया कि मुझे यह ज्ञात हुआ है कि जिला चिकित्सालय मण्डला में एक बंदी की मृत्यु हो गई है प्राथमिक दृष्टि से यह प्रतीत हो रहा है कि मरीज अजीत पटैल को खून की कमी एवं हृदय रोग था जिसके कारण उसकी मृत्यु होना संभावित है। मरीज के शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला चिकित्सालय स्थित मर्चुरी में रखा गया है स्पष्ट कारण पोस्टमार्टम के पश्चात ही पता लग पायेगा जिसके उपरांत आगे की कार्यवाही की जायेगी। वहीं इस संबंध में कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ. अशोक मर्सकोले लगातार सक्रिय हैं और उन्होंने जबावदारों से जानकारी भी ली है जिसमें जानकारी मिली की जेल अधीक्षक का पत्र जिसमें उल्लेख है कि दिनांक 18/10/25 को 2:35 बजे जिला चिकित्सालय में दिखाया गया एवं जांच उपरांत 4 बजे शाम को जेल दाखिल किया गया यह समय जेल से ले जाने और जेल में वापस दाखिल का है इसका मतलब जिला अस्पताल में उस समय उपस्थित ड्यूटी डॉक्टर से सामान्य जांच ही की गई होगी लंच ब्रेक के समय कोई विशेषज्ञ नहीं होते हैं क्योंकि 1 घंटे के पीरियड में जिला अस्पताल इमर्जेंसी के उस समय में कोई विशेषज्ञ ने देखा होगा इसमें संदेह है क्योंकि इतने कम समय में जिला अस्पताल से जांच करना रिपोर्ट्स आना बहुत मुश्किल है दूसरी बात दिनांक 27/ 10/25 को पुन: जेल से रवानगी 11:30 सुबह की गई जहां भर्ती और इलाज़ के दौरान 4 बजे मृत्यु होना बताया गया दिनांक 27/10/25 वाले दिन में भी जेल से अस्पताल भर्ती और मृत्यु के बीच लगभग 4 घंटे का ही समय है जो कि किसी गंभीर बीमारी में ही संभव है इसका मतलब है कि अगर उसको गंभीर बीमारी होगी तो जेल में भी चिकित्सक की सुविधा है उसकी रेगुलर ट्रीटमेंट और जांच रिपोर्ट तो जेल चिकित्सक के रिकॉर्ड में होगा ही उससे अंदाजा उसकी बीमारी या उसकी गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है यदि रेकॉर्ड उपलब्ध नहीं का मतलब है जेल चिकित्सक ने मरीज को देखा नहीं होगा जो संदेहास्पद श्रेणी में आता है अत: इसकी पुष्टि जुडिशियल जांच में आ जायेगी सिविल सर्जन विज्ञप्ति पर चर्चा इस प्रकरण में सिविल सर्जन की विज्ञप्ति में 27 तारीख़ को जिला अस्पताल में 11:41 बजे सुबह अस्पताल लाया गया जिसमें मरीज़ को घबराहट कमजोरी के साथ पूरे शरीर में सूजन और सांस लेने में तकलीफअवस्था गंभीर बताई गई जिसको तत्काल इसववक चढ़ाने की सलाह दी गई उसके बाद इलाज़ की प्रक्रिया के दौरान 3:40 बजे उसकी मृत्यु हो गई। दोनों प्रेस विज्ञप्ति का साझा अस्पताल भर्ती के समय कमजोर घबराहट पूरे शरीर में सूजन सांस लेने में दिक्कत और खून की कमी यह सब अचानक नहीं हो सकता यह क्रोनिक स्टेज में ही संभव है इसमें तत्कालिक हार्ट अटैक घटना विशेष परिस्थिति छोड़कर संभव नहीं है इसका मतलब है कि जेल में चिकित्सा सुविधाएं प्रॉपर नहीं हैं जेल में चिकित्सक के होने के बाद भी यदि इतनी बड़ी परेशानी हुई है तो जेल चिकित्सक को उसकी पूर्व की सारी जांच रिकॉर्ड ट्रीटमेंट और कोई सलाह दी गई होगी तो उसका रिकॉर्ड होगा जेल चिकित्सक डिपार्टमेंट में क्योंकि जो मेडिकल प्रॉब्लम सिविल सर्जन ने अपनी विज्ञप्ति में बताई वह एक दिन में संभव नहीं है पहले से है उसको मेडिकल सलाह की जरूरत रही होगी लेकिन जेल चिकित्सक ने उसे गंभीरता से नहीं हैंडल किया होगा इसका एक्सप्लेनेशन तो जेल चिकित्सक को ही देना होगा क्योंकि जेल अधीक्षक सामान्यत: नॉन मेडिको ही होते हैं इसी लिए जेल के लिए एक चिकित्सक अरेंज किए जाते हैं ऐसा ही कोई तो चिकित्सक जेल अधीक्षक में अप्वाइंट हुआ होगा जो जेल के कैदियों के साथ चिकित्सा सेवा हैंडल करने वाला होगा ही जिसको इस मेडिकल रिपोर्ट पर अपने पक्ष रखना होगा। कैदी मरीज़ की स्वास्थ्य गंभीर होने पर उसके बयान तो लिए जाने चाहिए थे या उसके परिजनों को उनकी स्वास्थ्य हालत की सूचना दी गई होगी जिनसे उसकी स्वास्थ्य खराबी का कारण पता चल सके अत: यह केश और दोनों विज्ञप्ति को समझने के बाद जुडिशियल इंक्रायरी के दायरे में आना चाहिए।

# पारिवारिक विवाद का हुआ समाधान



**मण्डला/नारायणगंज(स्वतंत्रमत)।** आदिवासी महापंचायत गढ़ा-मंडला की एक कदम गांव की ओर परिकल्पना के तहत ग्राम रसैयादोना खुड़िया आईटीआई में रविवार दोपहर 1 बजे एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में तिरूमाय कलिया बाई कोकड़िया के मकान में उनके परिवार से जुड़ा पिछले 12 वर्षों से चल रहा पारिवारिक विवाद सुलझाया गया महापंचायत के मध्यस्थता में दोनों पक्षों सास कलिया बाई कोकड़िया और बहू सावित्रीबाई कोकड़िया सहित परिवार के अन्य सदस्य आपसी रंजिश को समाप्त कर एक साथ रहने और बातचीत पुन: शुरू करने पर सहमत हुए बैठक के दौरान महापंचायत ने दोनों पक्षों के बीच वर्षों से चले आ रहे जमीन बंटवारे के विवाद पर भी चर्चा की। आपसी सामंजस्य के साथ परिवार ने सीमांकन कर विवाद को समाप्त करने और आपसी मेलजोल बनाए रखने का आश्वासन पंचायत के समक्ष दिया महापंचायत के निर्णय के बाद परिवार के सभी सदस्य एक दूसरे से मिले और सौहार्दपूर्वक साथ रहने की सहमति जताई। समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने इस पहल को सराहते हुए कहा कि इस तरह की पंचायतें ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक एकता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

# मड़ई में छत्तीसगढ़ी संस्कृति की प्रतुति

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** जिले की ग्राम पंचायत केहरपुर में प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी छठ मड़ई मिलन समारोह का आयोजन उत्साह और पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ किया गया। 27 अक्टूबर को आयोजित इस भव्य आयोजन में क्षेत्रीय संस्कृति और लोक परंपराओं की अद्भुत झलक देखने को मिली। छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक कार्यक्रम ने मोहा मन मड़ई के अवसर पर रात्रि में छत्तीसगड़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्थानीय ग्रामीण कलाकारों ने पारंपरिक गीतों और नृत्य की शानदार प्रस्तुतियां दी जिसने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया। समारोह की सफलता में ग्राम पंचायत केहरपुर के सरपंच सतवंत सिंह उलारी और उनकी सहयोगी समिति की कड़ी मेहनत और समर्पण ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। युवा कलाकारों की चमकी प्रतिभा सांस्कृतिक संध्या का विशेष आकर्षण रहे युवा कलाकार लक्ष्मीकांत यदुवंशी और अंजू कुलदीप एवं सभी उनके सभी साथियों ने मंच पर ऐसी शानदार प्रस्तुतियां दीं कि दर्शक मंत्रमुग्ध रह गए। इस दौरान जनपद



पंचायत मंडला अध्यक्ष सोनू भलावी, जिला कांग्रेस कमेटी मंडला अध्यक्ष डॉ. अशोक मर्सकोले ग्राम पंचायत केहरपुर के सरपंच सतवंत सिंह, महाराजपुर पुलिस बल के प्रतिनिधि, नैनपुर जनपद के जनप्रतिनिधि, ग्राम पोंडी महाराजपुर के सरपंच सहित ग्राम समिति के सदस्य और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# कब्जाधारी मकान बेचने की कोशिश में

**मण्डला/मोहगांव (स्वतंत्र मत)।** इरफान खान पिता स्व. अब्दुल हमीद खान वर्तमान निवासी ग्राम मोहगांव माल वार्ड क्रमांक 2 विकासखण्ड मोहगांव तहसील घुघरी का मूल निवासी है बताया कि हमारी पैतृक भूमि स्वामी जमीन निवास के वार्ड क्रमाक के 12 में डॉ. शुक्ला के सामने स्थित है जिसका खसरा नम्बर 297/1 है जिसमें हमारे पिता के द्वारा निर्मित मकान है। यह कि पिता की मृत्यु के उपरांत हमारी मां ने हम चार भाईयों को उक्त मकान का हिस्सा कर बटवारा कर दी थी यह कि मेरे हिस्से के मकान में मेरे द्वारा असीम भारती निवासी ग्राम व्यौहार जिला रीवा को किराया पर रहने को दिया गया था। किन्तु अब असीम भारती के द्वारा बलपूर्वक गुण्डा गर्दी करते हुये मेरे मकान को खाली नहीं कर रहा है। अपितु मुन्ना खान नामक व्यक्ति जो गलगला टोरिया जबलपुर निवासी है के साथ मिल कर व अन्य जबलपुरिया गुण्डों को साथ लेकर मेरे मकान को बेचने के फिराक में है जबकि मकान के सामने में मुन्ना खान स्वयं शामिल है। यह कि उक्त मकान का मामला वर्तमान में निवास कोर्ट में विचाराधीन है जिसका मामला है क्र. आरसीएस 16ए/2021 शहीदन वी विरुद्ध एहसान खान के नाम से मामला चल रहा है इस विज्ञाप्ति के माध्यम से आम जनता को अवगत कराया जा रहा है कि उक्त मकान की खरीद फरोख ना किया जावे अन्यथा उसकी जवाबदारी स्वयं की होगी।

## 31 को संयुक्त किसान मोर्चा की रैली

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** संयुक्त किसान मोर्चा समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर जिले में शुक्रवार को एक विशाल ट्रैक्टर रैली का आयोजन किया जा रहा है। यह रैली दोपहर 12 बजे से सरदार पटेल चौक बिंझिया मंडला से प्रारंभ होगी। रैली का आयोजन लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर किया जा रहा है। इस मौके पर बड़ी संख्या में किसान एकत्र होकर अपनी एकजुटता प्रदर्शित करेंगे। संयुक्त किसान मोर्चा के पदाधिकारियों ने बताया कि विगत वर्षों से किसान खाद की किल्लत पराली नरवाई जलाने पर रोक बढ़ती खेती लागत और सरकारी नीतियों से जुड़ी कई परेशानियों का सामना कर रहे हैं। इसके बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं हो पाया है। किसानों पर तरह-तरह के प्रतिबंध लगने से खेती की लागत बढ़ी है और किसानों की आमदनी घटती जा रही है। इन्हीं मुद्दों को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा ने इस बार व्यापक स्तर पर आंदोलन करने का निर्णय लिया है। रैली के माध्यम से किसान अपनी मांगों का ज्ञापन मंडला कलेक्टर को सौंपेंगे। संयुक्त किसान मोर्चा ने जिले के सभी किसानों से अपील की है कि वे अपने-अपने ट्रैक्टर और वाहनों के साथ समय पर बिंझिया चौक पहुंचें और रैली में भाग लेकर अपनी एकता का परिचय दें। रैली का मार्ग सरदार पटेल चौक से लालीपुर, पड़ाव, अम्बेडकर चौक और बैगा-बैगी चौक से होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचेगा जहां ज्ञापन सौंपने के उपरांत कार्यक्रम का समापन होगा।

# विधायक ने किया भूमिपूजन



मण्डला/नारायणगंज (स्वतंत्रमत)

निवास विधानसभा के विधायक चैनसिंह वरकड़े के द्वारा निवास विधानसभा में लगातार निर्माण कार्यो के लिये धन राशि जारी की जा रही है। इस कड़ी में विकासखंड नारायणगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत खम्हारिया में एक रंगमंच लागत राशि 2 लाख रुपए एवं 180 मीटर सीसी रोड लागत राशि 6 लाख रुपए और पोषक ग्राम पिपरिया में रंगमंच लागत राशि 2 लाख रुपए का भूमिपूजन किया गया इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष राजुल ज्योतिषी, संदीप सोनी एवं सरपंच प्रेम सिंह मार्को व पंचगण ग्रामीण जन उपस्थिति रहे।

## भवन निर्माण को लेकर बैठक



**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** वनवासी विकास परिषद् महाकौशल जिला इकाई के द्वारा पूज्य बालासाहब देश पाण्डे स्मृति भवन निर्माण के लिये तन मन धन समर्पण अभियान पर जिला बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे प्रांत संगठन मंत्री किशोरी लाल यादव, प्रांत सह संगठन मंत्री प्रेम भैंसवार, जिला समिति उपध्यक्ष श्रीमति रजनी मरावी, छात्रावास समिति उपाध्यक्ष श्रीमति रुकमणि साहू, अंशकालिक कार्यकर्ता पूर्णकालिक कार्यकर्ता पूर्व छात्र उपस्थित रहे।

# कबीर धर्मदास डीवी मिशन की बैठक

मण्डला(स्वतंत्रमत)

कबीर धर्मदास वंशावली जिला इकाई की बैठक 23 अक्टूबर को मवई के धुबनी गांव में संपन्न हुई। कबीर पंथी पीडी खैरवार ने बताया है कि कबीर पंथ के सोलहवें नवोदित वंशाचार्य पंथ हुजूर उदित मुनि नाम साहब के द्वारा कबीर धर्मदास वंशावली के डीवी मिशन नाम से विश्व स्तर पर एक मिशन चलाया जा रहा है। जिला प्रतिनिधि तुलसी राम पड़वार की अध्यक्षता में बिछिया तहसील अंतर्गत मवई के धुबनी ग्राम में कोशुम दास मोंगरे के निवास स्थान पर बैठक हुई। इस बैठक के मुख्य अतिथि के डीवी मिशन मध्य प्रदेश के प्रदेश सचिव महंत सोना दास मानिकपुरी रहेजिला प्रतिनिधि तुलसी राम पडवार एवं के डीवी मिशन के प्रदेश सचिव के द्वारा के डीवी मिशन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तहसील एवं ग्राम स्तर पर बैठकों का दौर चलाकर प्रतिनिधियों की नियुक्ति करने का बैठक में फैसला लिया गया है। के डी वी मिशन के जिला प्रतिनिधि तुलसी राम पडवार, जिला उप प्रतिनिधि जेठूदास बैरागी, जिला परोपकारी सुखदास बघेल, जिला युवा प्रतिनिधि आशवन खैरवार, जिला उपप्रतिनिधि दिनेश झारिया, जिला उप प्रतिनिधि महेश बैरागी, जिला सलाहकार महंत अजर दास, तहसील घुघरी से तहसील प्रतिनिधि राजकुमार सोनवानी, तहसील युवा प्रतिनिधि एवं जिला मीडिया प्रभारी सतीश कुमार मोंगरे, बिछिया तहसील से तहसील प्रतिनिधि व ग्राम प्रतिनिधि राजेन्द्र पनरिया आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# बाल विवाह रोकने कंट्रोल रूम स्थापित

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** 1 एवं 2 नवम्बर देव उठनी ग्यारस व अन्य विवाह मुहुर्तों में बाल विवाह होने की संभावना को ध्यान में रखते हुये कलेक्टर सोमेश मिश्रा द्वारा आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम-2006 के अनुसार विवाह के लिए लड़के की आयु 21 और लड़की की आयु 18 वर्ष से अधिक होना चाहिए। बाल विवाह करने और कराने वाले को सजा का प्रावधान है जिसमें 2 वर्ष का कठोर कारावास एवं 1 लाख रूपये तक का जुर्माना शामिल है। बाल विवाह संबंधित सूचना प्राप्त होने पर टोल फ्री नंबर 181 एवं 1098 पर शिकायत दर्ज की जा सकती है। उक्त टोल फ्री नंबर के अतिरिक्त जिला एवं ब्लॉक स्तर के कंट्रोल रूम में भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। आपकी जानकारी गोपनीय रखी जायेगी। जिला स्तर पर कार्यालय वन स्टॉप सेंटर मंडला में कंट्रोल रूम बनाया गया है जिसका दूरभाष नंबर 07642-252699 एवं मो.नं. 9131806350 है। इसी प्रकार कार्यालय महिला एवं बाल विकास परियोजना मंडला मो.नं.

# एसडीएम तहसील, सब ट्रेजरी सब रजिस्ट्रार, पटवारी हाल एवं मल्टीपरपज हाल, कंपोसिट ऑफिस का शुभारंभ आज

नैनपुर (स्वतंत्र मत)



नगर में 1106.78 लाख रूपये की लागत से बना विशालकाय सुन्दर सर्व सुविधायुक्त एसडीएम कार्यालय , तहसील कार्यालय , सब ट्रेजरी, सब रजिस्ट्रार, पटवारी हाल एंव मल्टीपरपज हाल, कंपोसिट ऑफिस का शुभारंभ आज राज्य मंत्री, स्वतंत्र प्रभार एंव जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल के करकमलों से आज दोपहर 3 बजे शुभारंभ किया जाना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता केबिनेट मंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मंत्री श्रीमति सम्पतिया उईके , विशिष्ट अतिथि केबिनेट मंत्री राजस्व करण सिंह वर्मा, सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, की उपस्थिति में किया जाना है। जिसका शुभारंभ की तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। यह भवन नगर के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। लम्बे इंतजार के बाद आज के बाद से स्थानीय प्रशासन व पक्षकार आवेदक अनावेदको को एसडीएम तहसील , सब ट्रेजरी सब रजिस्ट्रार, पटवारी हाल एंव मल्टीपरपज हाल, कंपोसिट ऑफिस का लाभ मिलना प्रारंभ हो जावेगी।

संपादकीय


## भारत ने कर दिया खेल

एक ओर जहां अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप टैरिफ-टैरिफ खेल रहे हैं, तो वहीं भारत ने अपने निर्यातक देशों की लिस्ट में विविधता लाई है। इसका असर भी देखने को मिला है। अमेरिका के 50 फीसदी टैरिफ का बड़ा असर झींगा निर्यात से लेकर टेक्सटाइल सेक्टर तक पर देखने को मिला। लेकिन भारतीय निर्यातकों ने अमेरिकी बाजार में दबाव के बीच दूसरे देशों के बाजारों का रुख किया। रिपोर्ट के मुताबिक, यूएस टैरिफ टेंशन के बीच इंडिया-चाइना के व्यापार संबंध सुधरे हैं और वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में भारत का चीन को निर्यात करीब 22 प्रतिशत बढ़ा है।

इंडिया-चाइना ट्रेड में सुधार के चलते अप्रैल-सितंबर 2025 में चीन को भारत का निर्यात 8.41 अरब डॉलर रहा है, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की पहली छमाही अप्रैल-सितंबर 2024 के 6.90 अरब डॉलर से 22 फीसदी के आसपास की बढ़त दर्शाता है। खास तौर पर अमेरिकी टैरिफ के असर से सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाले सेक्टर्स के प्रोडक्ट्स की चीन में अच्छी खासी डिमांड देखने को मिली है। इनमें झींगा और एल्युमिनियम प्रमुख हैं। इसके अलावा और भी कई क्षेत्रों ने चीन को निर्यात में तेजी दिखाई है। बीते दिनों आईं अन्य रिपोर्ट्स पर नजर डालें, तो अमेरिका द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत का टैरिफ लगाने के बाद से भारतीय झींगा निर्यात पर बुरा असर देखने को मिला है। ग्लोबल डेटा के हवाले से ज्ञात होता है कि ट्रंप के इस टैरिफ अटैक के चलते भारत से अमेरिका को एयर कार्गो निर्यात में 14 फीसदी की तगड़ी गिरावट दर्ज की गई है, तो आंध्र प्रदेश की झींगा इंडस्ट्री करीब 25,000 करोड़ रुपये के भारी नुकसान का अनुमान लगाया गया था। इनमें कहा गया था कि अमेरिका को झींगा निर्यात के 50 फीसदी ऑर्डर 50 प्रतिशत टैरिफ के बाद से रद्द हुए।

इसके अलावा अन्य सबसे प्रभावित सेक्टर्स में एल्युमिनियन और टेक्सटाइल रहा, जिनके लिए अमेरिका सबसे बड़ा बाजार रहा है। बीते दिनों कंफेडेरेशन ऑफ इंडियन टेक्सटाइल इंडस्ट्री के एक सर्वे में इसके प्रभाव देखने को मिले थे। सर्वे के निष्कर्षों में सामने आया था कि निर्यात पर 50 प्रतिशत टैरिफ के चलते कपड़ा और परिधान क्षेत्र कम ऑर्डर और कारोबार में करीब 50 प्रतिशत की गिरावट से जूझ रहा है। भारत में चीन के राजदूत श फीहोंग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर पर एक पोस्ट के जरिए भी इंडिया-चाइना ट्रेड बढ़ने पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा कि, वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में चीन को भारत का निर्यात 22 प्रतिशत बढ़ा है। बीजिंग ज्यादा से ज्यादा भारतीय वस्तुओं का स्वागत करता है और अमेरिकी टैरिफ के प्रभाव को कम करने में मदद के लिए तैयार है। स्मरणींय है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी टैरिफ पॉलिसी के तहत शुरुआत में भारत पर 25 फीसदी का रेसिप्रोकल टैरिफ लगाया था। लेकिन बाद में रूसी तेल और हथियारों की खरीद को मुद्दा बनाया और भारत पर इसकी खरीद बढ़ाकर यूक्रेन युद्ध में पुतिन की मदद करने का आरोप लगाया था। इसके चलते अमेरिका की ओर से भारत पर लागू टैरिफ को दोगुना करते हुए 50 प्रतिशत कर दिया गया था, जो 27 अगस्त से लागू है।

# अस्थिर गठबंधन और युवा बनाम अनुभवी नेतृत्व की जंग



अशोक मधुप
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

बिहार का 2025 विधानसभा चुनाव राजनीतिक अस्थिरता, नए सिरे से बने गठबंधनों, और युवा बनाम अनुभवी नेतृत्व के बीच सीधे मुकाबले के कारण भारतीय राजनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ बन चुका है। यह चुनाव न केवल राय के शासन की दिशा तय करेगा, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी राजनीतिक समीकरणों को प्रभावित करने की क्षमता रखता है। इस बार का चुनावी परिदृश्य पिछले चुनावों से कई मायनों में अलग है, खासकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बार-बार पाला बदलने ने इस जंग को और भी दिलचस्प बना दिया है। यह चुनाव मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का राजनैतिक भविष्य भी तै करेगा। बिहार की राजनीति हमेशा से ही गठबंधनों के टूटने और बनने के लिए जानी जाती है, लेकिन 2025 के चुनाव से पहले का घटनाक्रम अभूतपूर्व रहा। जनवरी 2024 में, जनता दल (यूनाइटेड) के नीतीश कुमार ने राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेतृत्व वाले महागठबंधन को छोड़कर नौवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली और एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के साथ मिलकर सरकार बनाई। इस बार एनडीए में प्रमुख रूप से बीजेपी, जदयू और जीतन राम मांझी की हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (एचएएम) शामिल हैं। एनडीए गठबंधन विकास और सुशासन के पुराने एजेंडे पर भरोसा कर रहा है, साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राष्ट्रीय चेहरा एक बड़ा फैक्टर है। हालांकि, नीतीश कुमार के दल-बदल से उपजी विश्वसनीयता का संकट एनडीए के लिए एक चुनौती है। सीट बंटवारे को लेकर कुछ छोटे सहयोगियों में असंतोष की खबरें और मगध जैसे कुछ क्षेत्रों में पिछले चुनाव में एनडीए का कमजोर प्रदर्शन इस गठबंधन के लिए चिंता का विषय है।




नीतीश कुमार के एनडीए में लौटने के बाद, राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के युवा नेता तेजस्वी यादव महागठबंधन के एकमात्र और निर्विवाद नेता बन गए हैं। इस गठबंधन में आरजेडी, कांग्रेस, और वाम दल शामिल हैं। महागठबंधन का मुख्य फोकस तेजस्वी यादव के रोजगार और विकास के वादे पर है। तेजस्वी, अपने पिता लालू प्रसाद यादव के सामाजिक न्याय के आधार को आर्थिक न्याय के साथ जोड़कर एक नया राजनीतिक विमर्श बनाने की कोशिश कर रहे हैं। तेजस्वी यादव खुद को परिवर्तनकारी नेता के रूप में पेश कर रहे हैं, जो डबल इंजन सरकार की कथित विफलता और पुराने जंगलराज के आरोपों का मुकाबला युवा और विजनरी नेता की छवि से कर रहे हैं। बिहार की राजनीति में जातिगत समीकरण हमेशा से ही निर्णायक रहे हैं। इस चुनाव में भी कास्ट, कैंडिडेट, कैश और कोऑर्डिनेशन फैक्टर महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। जीतन राम मांझी और मुकेश सहनी की विकासशील इंसान पार्टी जैसे छोटे क्षेत्रीय दल, जो क्रमश: मुसहर और अत्यंत पिछड़ा वर्ग के मतदाताओं पर प्रभाव रखते हैं, निर्णायक साबित हो सकते हैं। व्हीआईपी जो अब महागठबंधन में है, मिथिलांचल क्षेत्र में अपनी मजबूत पकड़ के कारण गठबंधन को मजबूती दे सकता है।

यादव-मुस्लिमसमीकरण का पारंपरिक आधार है, जबकि ह्ष्ठ कुर्मी-कोइरी के साथ मिलकर अगड़ी जातियों और दलितों के एक हिस्से को साधने की कोशिश कर रहा है। यह चुनाव केवल गठबंधन की राजनीति तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जनहित के मुद्दों पर भी लड़ा जा रहा है। तेजस्वी यादव ने 10 लाख सरकारी नौकरियों का अपना पुराना वादा दोहराया है, जो राय के युवा मतदाताओं के बीच एक बड़ा चुनावी मुद्दा है। एनडीए जंगलराज के आरोपों को फिर से हवा दे रहा है, लेकिन तेजस्वी यादव ने इस बार इसे डबल जंगलराज कहकर पलटवार किया है। वे मौजूदा एनडीए सरकार पर कानून व्यवस्था बनाए रखने में विफल रहने का आरोप लगाया है। दोनों गठबंधन राय में शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे के विकास पर अपने-अपने दावों के साथ मतदाताओं को लुभाने की कोशिश कर रहे हैं। शुरुआती सर्वे 2025 की शुरुआत में को बढ़त दिखाते रहे हैं, लेकिन तेजस्वी की ताबड़तोड़ रैलियों और महागठबंधन के जमीनी प्रचार ने मुकाबला काँटे की टक्कर में बदल दिया है। बिहार का चुनावी परिणाम बहुत हद तक काँटे की टक्कर में फंसा हुआ दिखता है, जहाँ जीत-हार का फैसला कुछ ही सौ वोटों के अंतर से हो सकता है (जैसा कि 2020 में हिल्सा जैसी सीटों पर हुआ था)। तेजस्वी यादव के लिए यह चुनाव उनकी राजनीतिक परिपक्वता और नेतृत्व की क्षमता की सबसे बड़ी परीक्षा है। तो यह चुनाव नीतीश कुमार की राजनीतिक विरासत पर एक जनमत संग्रह भी होगा, जिनके बार-बार पाला बदलने की आलोचना हो रही है। एनडीए के भीतर, यह भाजपा की ताकत को भी परखेगा कि क्या वह अपने सहयोगियों पर निर्भरता कम करके खुद को राय की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में स्थापित कर सकती है।

इस बार के चुनाव में पहली बार जन सुराज पार्टी नामक एक नया राजनैतिक दल भी बिहार की राजनीति में अपनी ज़ोरदार उपस्थिति दर्ज करा रहा है। जन सुराज पार्टी जैसे किसी नवगठित दल द्वारा अपने पहले ही चुनाव में राय की सभी 243 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े करना ही अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। बड़ी बात यह है कि इस पार्टी के लगभग सभी उम्मीदवार शिक्षित, बुद्धिजीवी, पूर्व नौकर शाह, पूर्व आई ए एस,आई पी एस,वैज्ञानिक,गणितज्ञ तथा शिक्षाविद हैं जबकि चुनाव मैदान में कूदे अन्य पारंपरिक राष्ट्रीय व क्षेत्रीय राजनैतिक दलों के उम्मीदवारों की शिक्षा,उनके आचरण, चरित्र व योग्यता के विषय में कुछ अधिक बताने की ज़रुरत ही नहीं। बहरहाल इस नये नवेले राजनैतिक दल जन सुराज पार्टी के संस्थापक व अकेले रणनीतिकार व स्टार प्रचारक वही प्रशांत किशोर हैं, जो नरेंद्र मोदी व भाजपा से लेकर देश के अधिकांश राजनैतिक दलों व नेताओं के लिये एक पेशेवर के रूप में चुनावी रणनीति तैयार करने के बारे में जाने जाते हैं। देश के विभिन्न राजनैतिक दलों को अपनी रणनीति का लोहा मनवाने के बाद मूल रूप से बिहार के ही रहने वाले प्रशांत किशोर ने अपनी योग्यता का प्रयोग सर्वप्रथम अपने ही राय के विकास के लिये करने का निर्णय लिया और 2022 में बिहार की जनता को जागरूक करने व उन्हें उनकी व पूरे राय की बदहाली के मूल कारणों से अवगत कराने के मक़सद से बिहार में 'जन सुराज अभियान' चलने की घोषणा की। इस घोषणा के बाद ही उन्होंने राय में लगभग 3,000 किलोमीटर की पदयात्रा भी की। देखना है कि बिहार की राजनीति में यह कितना परिवर्तन लाने में सफल होते हैं। संक्षेप में, बिहार 2025 का चुनाव स्थिरता बनाम परिवर्तन, अनुभव बनाम युवा ऊर्जा, और पुराने जातिगत आधार बनाम नए आर्थिक विमर्श के बीच का संघर्ष है। मतगणना के दिन तक, राय की 243 सीटों पर अनिश्चितता का माहौल बना रहेगा।

# मिलेनियल्स लिखेंगे बिहार की तकदीर

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

बिहार विधानसभा की चौसर बिछ चुकी है तो चुनावों में हिस्सा ले रहे राजनीतिक दलों और बिहार विधानसभा के चुनावों में उम्मीद्वारों की तस्वीर भी लगभग सामने आ गई है। सौ टके का सवाल अब यह उभर रहा है कि बिहार के वोटर्स एनडीए की सरकार को ही दुबारा चुनेंगे या महागठबंधन को अवसर देंगे। देश में पिछले सालों में हुए चुनावों चाहे वह विधानसभाओं के चुनाव हो या फिर लोकसभा के चुनाव, महिलाओं और फ्लोटिंग वोटर्स की प्रमुख भूमिका रही है। इसमें कोई दो राय नहीं कि बिहार विधानसभा के पिछले चुनावों में नीतीश सरकार बनाने में महिला वोटर्स की प्रमुख भूमिका रही है। इस बार भी महिला मतदाताओं की भूमिका को लेकर प्रश्न नहीं उठाया जा सकता। पर जो खासबात उभर कर आ रही है वह यह है कि बिहार विधानसभा के चुनावों में नई सरकार की तकदीर लिखने में मिलेनियल्स की खास भूमिका रहेगी। चुनाव आयोग द्वारा जारी अंतिम मतदाता सूची के अनुसार फ्लोटिंग वोटर्स यानी की पहली बार वोट करने वाले वोटर्स चुनाव नतीजों को प्रभावित नहीं कर पायेंगे। इसका कारण भी साफ है और वह यह कि फ्लोटिंग वोटर्स दो प्रतिषत से भी कम है। बिहार के 7 करोड़ 41 हजार से अधिक वोटर्स में से फ्लोटिंग वोटर्स केवल मात्र 14 लाख एक हजार से कुछ ही अधिक है। सर्वाधिक मतदाता मिलेनियल्स यानी कि 1 करोड़ 92 लाख 74 हजार से अधिक है। मिलेनियल्स या जेन वाई वह पीढ़ी है जिसने बदलती तकनीक के साथ साथ जीवन आरंभ किया है। 30 से 39 साल की यह पीढ़ी डिजिटल दुनिया के विकास के साथ साथ आगे बढ़ी है। इसीलिए इसका खास महत्व हो जाता है।

दरअसल विलियम स्ट्रास और नील होवे की 1991 में प्रकाशित पुस्तक जेनरेशंस में जेनरेशन वाई का पहलीबार प्रयोग हुआ। 1981 से 1996 तक की इस पीढ़ी का विकास तकनीक के विकास के साथ साथ हुआ है। एक तरह से डिजिटल दुनिया का यह संक्रमण काल माना जा सकता है तो देश दुनिया में आर्थिक उदारीकरण का दौर भी लगभग इसी दौरान रहा है। आर्थिक जगत में तेजी से आ रहे बदलाव को इसी पीढ़ी ने अधिक नजदीक से जाना और समझा है। कारण भी साफ है कि आज की कामकाजी आबादी में सबसे अधिक संख्या जेनरेशन मिलेनियल्स ही है। डिजिटल युग का विकास इसी दौर में आगे बढ़ा है तो आर्थिक सुधार और सामाजिक आर्थिक बदलावों से भी यही पीढ़ी अधिक प्रभावित हुई है। इस मायने में देखे तो तकनीक के विकास के इस संक्रमण काल की पीढ़ी हालातों से अधिक रुबरु हुई है। जब से इस पीढ़ी ने हौश संभाला है। यह वो पीढ़ी है जो इंटरनेट, मोबाइल और सोषल मीडिया के साथ साथ बड़ी हुई है। साफ है कि इस पीढ़ी की राजनीतिक समझ भी अधिक है। वर्तमान हालातों से नजदीक से रुबरु होने के कारण इस पीढ़ी की समझ निश्चित रुप से आज के बिहार के चुनावों को प्रभावित करेगी। पर वर्तमान हालातों में जेन वाई की भूमिका को भी नकारा नहीं जा सकता। यह साफ हो जाना चाहिए कि बिहार विधानसभा के चुनावों के लिए जारी वोटर्स की अंतिम लिस्ट में सर्वाधिक वोटर्स जेन वाई यानी मिलेनियल्स ही हैं और इनकी ताकत और समझ को कम करके नहीं आका जा सकता। यह पीढ़ी हालातों से अधिक नजदीक से रुबरु हुई है। ऐसे में साफ हो जाना चाहिए कि वैसे तो 14 नवंबर को आने वाले रिजल्ट से ही स्पष्ट हो सकेगा कि किसकी सरकार बनती है और कौनसी पीढ़ी या कौनसे फैक्टर्स चुनाव नतीजों को अधिक प्रभावित कर पाते हैं पर इससे दो राय नहीं कि बिहार विधानसभा चुनावों में मिलेनियल्स की भूमिका अहम रहेगी। कोई भी दल या गठबंधन को मिलेनियल्स को कमतर आंकने की गलती करना निश्चित रुप से महंगा पड़ेगा।

# डंकी रूट का काला सच



आदित्य नारायण चौपड़ा
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

बेड़ियों में जकड़े युवाओं की अमेरिका से वतन वापसी की कहानियां कोई नई नहीं हैं। बस हर बार कुछ नए अध्याय जुड़ जाते हैं। ऐसे मामलों में हादसे, गिरफ्तारियां या अभियोग। हरियाणा, पंजाब, गुजरात जैसे राज्य के युवाओं की खतरनाक आकांक्षाओं को रोकने में कोई बाधा नहीं है। इतने अधिक मामले हो जाने के बावजूद जोखिमों को समझते हुए भी युवा डंकी रूट पर निकल पड़ते हैं। इस पागल दौड़ को चलाने वाली एक महत्वपूर्ण प्रेरणा अरबपति बनकर अपनी किस्मत बदलना ही है लेकिन बिना वीजा के डंकी रूट से अमेरिका पहुंचना सैंकड़ों लोगों के सपनों को बहुत महंगा पड़ता है। सपने तो टूटते ही हैं साथ ही जेल भी काटनी पड़ती है। अनेक लोगों को मौत का सामना भी करना पड़ा है। अमेरिका में पकड़े गए 25 से 40 साल की उम्र के 50 लोग अमेरिका से निर्वासित होकर लौट आए हैं। इन लोगों ने अमेरिका पहुंचने के लिए अपनी जमीनें बेच दी, घर गिरवी रख दिए और बेहतर जिंदगी देने वाले एजेंटों पर भरोसा किया और अब वे सब कर्ज में डूब चुके हैं। हरियाणा के निर्वासित लोगों में 16 करनाल के, 14 कैथल के, 5 कुरूक्षेत्र के और एक पानीपत से है।

हरियाणा के इन लोगों के अलावा पंजाब, हैदराबाद, गुजरात और गोवा के युवक भी हैं। जनवरी 2025 से अब तक लगभग 2500 भारतीय नागरिकों को अमेरिका निर्वासित कर चुका है। पश्चिमी देशों में जाने के गैर कानूनी डंकी रूट की दिल दहला देने वाली कहानियां हर बार सामने आती हैं। डंकी रूट अवैध प्रवासियों के लिए बहुत खतरनाक रास्ता है। जहां सुरक्षा की गारंटी बहुत कम होती है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सख्त नीतियों के चलते यह रूट अब युद्ध क्षेत्र जैसा हो गया है। इस तरह की घटनाएं अक्सर राज्यभर में रिपोर्ट की जाती हैं जिससे जांचकर्ता वीजा एजेंटों, बिचौलियों और सूत्रधारों (मानव तस्करी के दायरे में 'डंकर') का पीछा करते हैं जो कई देशों में परिष्कृत कार्टेल के भीतर काम करते हैं। सितंबर 2023 के लिए यूनाइटेड स्टेट्स कस्टम्स एंड बॉर्डर प्रोटेक्शन (यूएससीबीपी) के डेटा से पता चलता है कि 2019-20 से भारतीय अवैध प्रवासियों में पांच गुना वृद्धि हुई है। अक्तूबर 2022 और सितंबर 2023 के बीच 96,917 लोगों को पकड़ा गया, जबकि 2019-20 में यह संख्या 19,883 थी। इन आंकड़ों से भी दुस्साहसी लोगों की मुसीबतों का अनुमान नहीं लगाया जा सकता।




भारतीय सिनेमा भी इन मुसीबतों का मामूली हिस्सा ही दिखला पाया है। माल्टा नौका कांड की पीड़ा को परिवार आज तक झेल रहे हैं। जिनके बच्चे समुद्र की लहरों में बह गए और अदालतों के चक्कर में पूरा केस ही छिन्न-भिन्न हो गया और उन्हें आज तक न्याय नहीं मिला। 3 साल पहले गुजरात के दो परिवार कनाडा से अमेरिका में घुसने की कोशिश में मारे गए, जिनमें एक तीन साल का बच्चा भी था। बर्फीले तूफान में उनकी मौत ने कठोर से कठोर दिलों को भी झकझोर कर रख दिया। इसके बावजूद युवाओं में विदेश जाने की ललक कम नहीं हुई। एक रिपोर्ट बताती है कि डंकी रूट से अमेरिका जाने वाले 10 से 12 प्रतिशत लोग या तो कुदरती मुश्किलों को झेलते हुए मर जाते हैं या फिर रास्ते में ही माफिया के हाथों मारे जाते हैं। मानव तस्कर अवैध प्रवासियों को अमेरिका ले जाने के लिए प्रति व्यक्ति लगभग 50 हजार से 1 लाख डॉलर (40 लाख से 80 लाख रुपये) वसूलते हैं। शाहरुख खान की फिल्म 'डंकी' भी इसी 'डंकी रूट' पर बेस्ड थी। जिसे हजारों भारतीय हर साल अमेरिका, ब्रिटेन या किसी दूसरे यूरोपीय देश पहुंचने के लिए अपनाते हैं।

यह रूट कई देशों से होकर गुजरता है। जिनमें पनामा, कोस्टा रिका, अल साल्वाडोर और ग्वाटेमाला जैसे मध्य अमेरिकी देश शामिल हैं। यहां भारतीय नागरिकों को आसानी से वीजा मिल जाता है। मैक्सिको और दक्षिण अमेरिका के बीच में स्थित ये देश मैक्सिको के रास्ते अमेरिका में घुसने वाले अवैध प्रवासियों के लिए इंट्री गेट के तौर पर काम करते हैं। इस खतरनाक यात्रा में दो साल तक का समय लग जाता है। और इसमें कई जोखिम भी शामिल हैं। जिनमें डकैती, गंभीर चौटें, महिलाओं के साथ रेप और आपराधिक गिरोहों के हाथों मौत भी शामिल हैं। अमेरिका-मैक्सिको सीमा पर प्रवासी महिलाओं और लड़कियों को बड़े पैमाने पर यौन हमलों का सामना करना पड़ता है। अक्सर इन घटनाओं को रिपोर्ट नहीं किया जाता और इसमें शामिल आरोपियों को कोई सजा भी नहीं मिलती। यह अवैध प्रवासियों के लिए अमेरिका पहुंचने के लिए एकमात्र रास्ता नहीं है। यह प्रवासी कनाडा के रास्ते भी अमेरिका में घुसते हैं। इसके अलावा भारतीय ब्राजील को भी अमेरिका पहुंचने के लिए ट्रांसिट रूट की तरह इस्तेमाल करते हैं।

विदेश जाने के जुनून के मूल में समाज में जड़े जमाएं बैठी सामाजिक बुराईयां भी कम नहीं हैं। फर्जी एजेंट इसी पागलपन का फायदा उठाकर अरबों रुपए का सिडिंकेट चला रहे हैं। लोगों को इस बात का अहसास होना चाहिए कि विदेश जाना है तो केवल कानूनी तरीकों से ही जाए। एजेंटों को भुगतान करने से पहले उनकी जांच कर लें। उनके झूठे वादों में न फंसे। अवैध प्रवास जीवन तो बर्बाद करता ही है इससे भारतीय भी बदनाम हो रहे हैं। भारतीयों की छवि पर आंच आने से विदेश में वैध तरीके से गए भारतीयों को भी संदेह की दृष्टि से देखा जाता है क्योंकि वहां के समाज में गलत संदेश पहुंच चुका है। डंकी रूट महत्वकांक्षाओं और मुसीबत का जटिल मिश्रण है। हैरानी की बात तो यह है कि इतने हादसे होने के बावजूद जान की कीमत पर भी युवा पीढ़ी डंकी रूट अपनाने के लिए तैयार हो जाती है।

# चुनावी मरम्मत के दिन रात

संतोष उत्सुक

वायदों, आश्वासन, उपहारों के खेत में सरकार की स्वादिष्ट और उपजाऊ फसल रोपने की तैयारी चल रही है। नकली मुहब्बत की बिलकुल असली दिखने वाली झप्पीयां डाली जा रही हैं। इनके, उनके और न जाने किन किन के माध्यम से सुबह से शाम तक पारिवारिक परिचय समझाया जा रहा है। नए रिश्ते अलग अलग स्वाद में पकाए जा रहे हैं। पुराने, टूटे फूटे, बासी, उदास सम्बन्धों की राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक और मानवीय मरम्मत ज़ोर शोर से चल रही है। अनेक रंग का सीमेंट, अलग अलग स्त्रोतों का जल खूब उपलब्ध है।




उनकी तो कई पीढियां राजनीति के व्यवसाय में हैं। कई बरस पहले हमारे पिता ने, उनके पिता की किसी हरकत पर दो तीन शब्दों की टिप्पणी कर दी थी तो उन्हें, उनके मित्रों ने खबरदार किया था कि कहीं यह 'सज्जन' चुनाव जीत गए तो आपकी क्या, पता नहीं किस किस की खैर नहीं रहेगी। लेकिन वह सज्जन समझदारी के घोड़े पर सवार होकर कई पार्टियां बदलने के बावजूद हमेशा हारते रहे और पिता और मित्र स्वस्थ बने रहे।

सुदृढ़ व्यवस्था ने अच्छी तरह से यह सबक याद करवा रखा है कि किसी से भी नाराज़गी पालने का वक्त अब बिलकुल नहीं रहा। संबंधों की मरम्मत का सकारात्मक मौसम आने से पता चलता है कि राजनीति एक कुशल अध्यापक भी है जो हमें बार बार पढ़ाती है कि समाज, राजनीति और ज़िंदगी में कोई दोस्त या दुश्मन स्थायी नहीं होता। सुअवसर मिलने पर बिगड़ चुके, बिगड़ रहे, बिगड़ सकते सम्बन्धों पर उचित सीमेंट ज़रूर लगा लेना चाहिए। अंजान लोगों से भी कम, लेकिन अच्छे संबंध बना लेने चाहिए। योजनाएं बनाने और सपने सच करने के लिए चींटी की तरह प्रयास करते रहना चाहिए। मेहनत के बाद जीत होती ही है।

संबंधों की चुनावी मरम्मत के मौसम में, नेता पुश्तैनी दुश्मनों की तरह व्यवहार और बातचीत के घटिया और फूहड़ स्तर के बावजूद लोकतंत्र को अधिक मजबूत करते हैं और देश को अधिक गौरव और अधिक शक्ति प्रदान करते हैं। चुनाव की महाहोली में सब गले मिल लेते हैं, क्या पता गले मिलना कुछ लाभ दिला दे या गले न मिलना, गले न पड़ जाए। यह याद रखना ज़रूरी है कि नेता यदि लगा रहे तो सांसद न सही, विधायक न सही एक दिन पार्षद तो बन ही जाता है और काफी कुछ करवा सकता है। खराब सम्बन्धों की मरम्मत करने का उसे काफी अनुभव होता है।

राजनीतिक मरम्मत के कारीगरों का मेला लग जाने के कारण घमंड का सिर आजकल लटका हुआ है। सफलता मिलते ही, 'घमंड का सिर ऊंचा' हो जाने की पूरी संभावना रहती है। ऐसा न हो तो हैरानी होती है। राजनीति ने मानवीय जीवन को मुहावरा बना कर रख दिया है जिसके असली अर्थ बुरी तरह से टूटफूट कर ज़ख्मी हो चुके हैं और निरंतर मानसिक मरम्मत मांग रहे हैं। चुनाव के बाद नई सरकारजी का निर्माण हो जाने के बाद घमंड का सिर ऊंचा वाला मुहावरा बाज़ार की शान हो जाएगा। उसके आसपास कम ऊंचे सिर वाले मुहावरे भी अपनी आन बान शान बिखेरेंगे।

# सारे सिंह राशि वाले सोच रहे हैं काश हमारी राशि मेष होती ...




अभी हाल ही में एक सर्वे आया है जो किसी ज्योतिषी ने किया है इस सर्वे ने अमीर लोगों की लिस्ट जारी करी है और इस लिस्ट के हिसाब से जिन लोगों की राशि मेष है वे सबसे ज्यादा अमीर है क्योंकि इस राशि के लोगों की इनकम सबसे ज्यादा बढ़ी है इसमें और भी राशियां शामिल हैं जिनकी इनकम में बढ़ोतरी हुई लेकिन एकमात्र एक राशि ऐसी है जिनकी इनकम घटी है और घटती जा रही है और वो राशि है सिंह सर्वे में बताया गया है कि मेष राशि वालों की इनकम में बाईस फीसदी की बढ़ोतरी हुई है दूसरी राशियों में किसी की दस प्रतिशत किसी की आठ फीसदी किसी की सात प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है लेकिन बेचारे सिंह राशि वालों की इनकम जीरो दशमलव छह परसेंट घट गई है जब से यह सर्वे सामने आया है सिंह राशि वाले भारी परेशान और हैं कि क्यों ऐसे वक्त में पैदा हुए जब उनकी राशि सिंह तय हुई। ऊपर वाले से उनकी एक ही गुजारिश थी कि हुजूर कम से कम ऐसे समय पर पैदा करते हैं जब राशि मेष या और कोई दूसरी होती वैसे कहा तो ये जाता है कि सिंह राशि वाले सिंह की तरह ही होते हैं लेकिन इनकम के मामले में वे चूहा साबित हो रहे हैं, अब तमाम सिंह राशि के जो जातक है वे यही सोच रहे हैं कि अगर सिंह राशि की बजाय उनकी राशि मेष होती तो कितना अच्छा होता बैठे बिठाये इनकम में बाईस फीसदी की बढ़ोतरी हो जाती लेकिन अब इन सिंह राशि वालों को कौन समझाए कि भैया ये सब अपने हाथ में नहीं है जो करम पिछले जन्म में किए होंगे उसी के आधार पर ऊपर वाले ने ऐसे वक्त पर नीचे भेजा होगा जब आपकी राशि सिंह तय होगी। अपने को तो इन तमाम सिंह राशि वालों को एक ही सलाह है कि कम से कम इस जन्म में ऐसे करम करो कि अगले जन्म में भगवान को भी सोचना पड़े कि इनको कौन सी राशि में भेजा जाए क्योंकि अगर अगले जन्म में भी सिंह राशि में पैदा हो गए तो वो जन्म भी खराब हो जाएगा जब से यह सर्वे सामने आया है मेष राशि के जातक छाती चौड़ी करके घूम रहे हैं जहां जहां पैसा लगाते हैं वो बाईस प्रतिशत बढ़ाकर वापस आ जाता है इसी को किस्मत कहते हैं और किस्मत ऊपर वाला ही बनाता है। लोग बाग़ जरूर कहते हैं कि इंसान अपनी किस्मत खुद बनाता है लेकिन देख लो कि सिंह राशि वाले कितनी ही मेहनत कर ले लेकिन उनकी इनकम में कमी ही आएगी ये तो सर्वे भी कह रहा है लेकिन अब पछताए होत क्या? जो होना था सो हो गया अब इस जिंदगी में तो सिंह राशि से मेष राशि में ट्रांसफर होना असंभव है इसलिए जहां कहीं भी पैसा लगाओ पहले यह मन बना लेना कि अपने को घाटा ही होने वाला है ऐसा सोच लोगे तो शायद रंज से बच जाओगे ।

### आप तो चेन लगा दो

पुराना लतीफा है। आपरेशन के बाद भी पेट दर्द से परेशान मरीज अस्पताल पहुंचा। डाक्टर ने पेट खोलकर देखा, कैंची अंदर छूट गई थी। निकाली और फिर टांके लगा दिए। कुछ दिन बाद मरीज फिर हाज़िर। दर्द बर करार था। पेट खोला गया, अंदर रुई का फाहा छूट गया था। निकाला और फिर टांके लगा दिए। हफ्ते दस दिन बाद मरीज फिर अस्पताल में। दर्द हो रहा है। पेट फिर खुला, अंदर सिरिंज मिली। वापस टांके लगाए ही जा रहे था कि मरीज ने गुहार लगाई। डाक्टर बार बार पेट खोलने से तो अच्छा है कि एक चैन ही लगा दो । संस्कारधानी कहे जाने वाले जबलपुर को पानी की सप्लाई करने वाली रमनगरा पाइपलाइन का हाल भी उस मरीज जैसा ही है। आपरेशन का दर्द खत्म होता नहीं कि पेट फिर खोलना पड़ता है। खुदाई होती है, थीगड़े लगते हैं, पुराई हो जाती है। व्यस्त सड़क पर यातायात बाधित होता है अनेकों टंकियां बिना भरी रही जाती हैं। प्यास से बेहाल जनता तकलीफ झेलती है। टैंकर से पानी सप्लाई का साइड बिजनेस गुलजार होता है। और कयास लगाए जाने लगते हैं कि इस बार का सुधार कार्य कितने दिन टिकेगा।

लतीफे पर फिर लौटते हैं। अव्वल तो सारी चिकित्सा बिरादरी से क्षमा। उनके व्यवसाय की प्रतिष्ठा धूमिल करने का ज़रा भी अभिप्राय नहीं है। समस्या के लिए इस लतीफे से ज्यादा उपयुक्त शायद ही कुछ और हो। फिर पानी की समस्या चिकित्सा व्यवसाय से जुड़े लोग भी तो झेलते हैं। नगर निगम चाहे तो लतीफे के मरीज के, डाक्टर साहब चेन क्यों नहीं लगा देते, वाले सुझाव पर अमल कर सकती है। पाइपलाइन के शास्वत सुधार आकांक्षी हिस्से में सड़क के नीचे कांक्रीट डक्ट बना दे। जब जरूरत हो डक्ट के अंदर जाकर सुधार कर दिया जाए। सड़क बार बार की खुदाई पुराई से बचेगी, सुधार जल्दी हो जाएगा और यातायात भी कम बाधित होगा। उन्हें जरूर नुकसान होगा जो बार बार के सुधार में इमरजेंसी कार्य के नाम पर अनाप-शनाप माल बनाते हैं।

### मूर्ख था वो पति

भारत में और विदेशों में यही अंतर है कि यहां पति-पत्नी के बीच में जो सामंजस्य है वो विदेश में दिखाई नहीं देता। जरा जरा सी बात पर तलाक हो जाता है। अभी हाल ही में जॉर्जिया में एक पत्नी ने अपने पति को इसलिए तलाक दे दिया क्योंकि उस गरीब ने अपनी पत्नी का नाम अपने मोबाइल में मोटी के नाम से सेव कर लिया था जैसे ही पत्नी को यह पता लगा कि उसका नाम मोटी के नाम से सेव है उसने तत्काल तलाक का आवेदन दिया और तलाक हो गया। भारत में ऐसा कुछ नहीं होता आप पत्नी को मोटी कह दो, लंबू कह दो, ठिगनी कह दो, भैंस कह दो, गैया कह दो, काली कलूटी कह दो उसे कोई फर्क नहीं पड़ता ना वह तलाक देने जाती है और ना ही पति से झगड़ती है वैसे वो पति अपने हिसाब से तो मूर्ख ही था अरे भाई इतनी अकल तो होना चाहिए कि यदि पत्नी इस बात से नाराज हो गई कि उसका नाम मोटी के नाम से मोबाइल में सेव हो गया है तो तुरंत उसको कहता ये नाम तो मैंने प्यार से लिखा है तुम मोटापे में कितनी सुंदर लगती हो, तुम्हारा मोटापा तो बड़ी-बड़ी हसीन महिलाओं को मात कर देता है, तुम्हारे इसी मोटापे से मुझे जो इश्क है वो बार-बार इस बात के लिए प्रेरित करता है कि मैं तुम्हें प्यार से मोटी कहूं और इसलिए मैंने मोटी के नाम से तुम्हारा नाम मोबाइल में सेव कर लिया इसके अलावा एक काम और भी कर सकता था मन को मारकर पत्नी का नाम मोटी की बजाय स्वीटी के नाम से सेव कर लेता तो ना तो पत्नी नाराज होती और ना ही तलाक की नौबत आती।

### सुपर हिट ऑफ़ द वीक

यार मैं जो भी काम शुरू करता हूं मेरी बीवी बीच में आ जाती है बताओ मैं क्या करूं श्रीमान जी से उनके एक दोस्त ने सलाह मांगी।

तुम ट्रक चला कर देखो शायद तुम्हारी किस्मत साथ दे दे श्रीमान जी ने उसको सलाह दे दी।

## ब्रिटिश पत्रकार सैमी हम्दी अमेरिका में गिरफ्तार

**लंदन,(वार्ता)।** इजरायल के मुखर आलोचक ब्रिटिश पत्रकार सैमी हम्दी को अमेरिकी आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन ने गिरफ्तार कर लिया है। गृह सुरक्षा विभाग की प्रवक्ता ट्रिशिया मैकलॉघलिन ने रविवार को एक्स पर इसकी जानकारी देते हुए बताया कि अमेरिका में एक भाषण दौरे पर गये श्री हम्दी को हिरासत में ले लिया गया और उनका वीजा रद्द कर दिया गया। प्रवक्ता ने बताया कि श्री हम्दी देश से निकाले जाने तक आईसीई की हिरासत में रहेंगे। विदेश विभाग और डीएचएस का आरोप है कि श्री हम्दी आतंकवाद का समर्थन करते हैं और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करते हैं, जबकि एक मुस्लिम वकालत समूह का तर्क है कि श्री हम्दी की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन करते हुए उन्हें राजनीतिक रूप से निशाना बनाया जा रहा है। विदेश विभाग ने पत्रकार को हिरासत में लिये जाने पर एक्स पर लिखे एक पोस्ट में कहा, हमने पहले भी कहा है, हम इसे फिर से कहेंगे कि अमेरिका पर उन विदेशियों को शरण देने का कोई दायित्व नहीं है जो आतंकवाद का समर्थन करते हैं और अमेरिकियों की सुरक्षा को कमजोर करते हैं। बीबीसी ने डीएचएस, आईसीई और विदेश विभाग से श्री हम्दी के आतंकवाद के कथित समर्थन के सबूत देने का अनुरोध किया, लेकिन इन विभागों ने इस पर कोई जवाब नहीं दिया।

# रूस के परमाणु चालित मिसाइल टेस्ट पर ट्रंप की तल्ख टिप्पणी

नई दिल्ली

हफ्ते भर पहले फोन पर रूसी राष्ट्रपति से दो घंटे बात करने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तल्ख अंदाज में कहा है कि पुतिन को मिसाइल टेस्ट न करके यूक्रेन में युद्ध रोकना चाहिए। साथ ही यह भी कहा कि परमाणु हथियारों से लैस अमेरिकी पनडुब्बी रूस के समुद्री तट के नजदीक है। उसे कुछ हफ्ते पहले ही वहां तैनात किया गया था। रूस की टेस्ट की गई नई मिसाइल पर प्रतिक्रिया में ट्रंप ने कहा, नाटो ने इसे स्काइफाल मिसाइल नाम दिया है। ट्रंप ने कहा, वे (रूसी) जानते हैं कि परमाणु शक्ति चालित परमाणु हथियारों से लैस अमेरिकी पनडुब्बी उनके तट के नजदीक है। वह दुनिया का सबसे घातक हथियार है। हमें 14 हजार किलोमीटर दूर से हमले की जरूरत नहीं होगी।

ट्रंप ने कहा, उन्हें लगता है कि पुतिन का इस समय मिसाइल का परीक्षण और उससे हमले की बातें करना उचित नहीं है। यह समय यूक्रेन युद्ध को रोकने पर विचार करने का है जिसे चलते हुए लगभग चार वर्ष हो गए हैं। विमान में यात्रा के दौरान संवाददाताओं से ट्रंप की बातचीत का यह आडियो व्हाइट हाउस ने जारी किया है।



ट्रंप की प्रतिक्रिया के जवाब में रूसी राष्ट्रपति के कार्यालय क्रेमलिन ने कहा है कि रूस अपनी सुरक्षा और राष्ट्रीय हितों को देखते हुए कार्य करता है। इस मिसाइल परीक्षण से अमेरिका के साथ संबंधों में तनाव बढ़ने का कोई कारण नहीं है। सभी मुद्दों पर अमेरिका के साथ वार्ता के हमारे रास्ते खुले हुए हैं। रूस के राष्ट्रपति राष्ट्रीय हितों के अनुसार वार्ता पर निर्णय लेंगे।

रविवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बताया था कि उनके देश ने अद्भुत मिसाइल का परीक्षण किया है। सोमवार को उस मिसाइल का नाम और विवरण सार्वजनिक हुए हैं। परमाणु शक्ति चालित बुरेवेस्तनिक मिसाइल दुनिया में कहीं पर ही हमला करने में सक्षम है। यह 1,300 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से बहुत कम ऊंचाई पर चलती है और अपना रास्ता बदलती रहती है, इसलिए इसे ट्रैक कर पाना लगभग असंभव है।

बुरेवेस्तनिक परमाणु हथियार का अचूक हमला करने वाली क्रूज मिसाइल है। यह परमाणु शक्ति से चलने वाली दुनिया की पहली मिसाइल है। रूस ने इस मिसाइल को 14 हजार किलोमीटर दूर भेजकर इसका अंतिम परीक्षण किया। रूस ने बुरेवेस्तनिक मिसाइल बनाने की घोषणा 2018 में की थी। यह अमेरिका के 2001 में घोषित मिसाइल डिफेंस सिस्टम योजना को विफल करने वाला हथियार है। राष्ट्रपति पुतिन ने कहा है कि सेना अब इसे इस्तेमाल में लेने की तैयारी करे। यूक्रेन ने सोमवार को रूस पर 200 से ज्यादा हमलावर ड्रोन छोड़े। ब्रियांस्क इलाके में ड्रोन हमले की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत हो गई और पांच घायल हो गए। रूस का दावा है कि इनमें से 193 को आकाश में ही नष्ट कर दिया गया। इनमें से मास्को की ओर जा रहे सभी 34 ड्रोन शामिल हैं। कीव पर रूसी हमलों के जवाब में यूक्रेन मास्को पर हमले की लगातार कोशिश कर रहा है लेकिन वह सफल नहीं हो रहा है। पिछले कई दिनों में मास्को की ओर जा रहे यूक्रेनी ड्रोन आकाश में नष्ट किए गए हैं।

## जम्मू-कश्मीर में कुत्तों के काटने की घटनाएं दो लाख से अधिक : सरकार

**श्रीनगर,(वार्ता)।** जम्मू-कश्मीर सरकार ने मंगलवार को कहा कि 2022 से 2025 तक केन्द्र शासित प्रदेश में कुत्तों के काटने के 2,12,968 मामले दर्ज किये गये हैं। विधानसभा सदस्य मुबारक गुल द्वारा आज उठाए गए एक प्रश्न के उत्तर में सरकार ने विधानसभा में बताया कि 2022 से 2025 तक 212,968 लोगों को कुत्तों ने काटा है। उन्होंने बताया कि सितंबर 2023 से अब तक पशु जन्म नियंत्रण (एबीसी) कार्यक्रम के तहत 48,998 आवारा कुत्तों की नसबंदी की जा चुकी है। संबंधित मंत्री ने बताया कि आवारा कुत्तों की नसबंदी का अभियान नगर निकायों के सहयोग से चलाया गया है। उन्होंने कहा कि श्रीनगर में अधिकारियों ने जून 2023 से अक्टूबर 2024 तक 14,000 कुत्तों की नसबंदी की, जबकि जम्मू नगर निगम ने 2023 के मध्य तक 17,000 से अधिक कुत्तों की नसबंदी की। उनका कहना है कि इस कार्यक्रम को भारतीय पशु कल्याण बोर्ड का समर्थन प्राप्त है और स्थानीय शहरी निकाय इस कार्यक्रम को क्रियान्वित करते हैं।

## बंगलादेश में पिछले 24 घंटों में डेंगू के 983 नए मामले, छह और मरीजों की मौत

**ढाका,(वार्ता)।** बंगलादेश में पिछले 24 घंटों में डेंगू के 983 नए मामले सामने आए और छह और लोगों की मौत हुई है। देश भर के विभिन्न अस्पतालों में लगभग 2,800 डेंगू के मरीज इलाज करा रहे हैं। इस साल अब तक डेंगू के कुल मामलों की संख्या 66,423 और मृतकों की संख्या 269 तक पहुंच गयी है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) ने यह जानकारी दी है। डीजीएचएस के आंकड़ों के अनुसार अक्टूबर में अब तक डेंगू के 19,081 मामले दर्ज किए गए हैं, जबकि इससे पहले सितंबर में 15,866 मामले दर्ज किए गए थे। डेंगू के मच्छरों के काटने से अक्टूबर में अभी तक 71 मरीजों की जान जा चुकी है जबकि सितंबर में डेंगू से 79 लोगों की मौत हुई थी।

## दक्षिण-पूर्वी ऑस्ट्रेलिया में खदान विस्फोट में 2 लोगों की मौत, 1 घायल

**सिडनी,(वार्ता)।** दक्षिण-पूर्वी ऑस्ट्रेलिया में मंगलवार तड़के एक भूमिगत खदान में हुए विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया।स्थानीय पुलिस ने यह जानकारी दी। न्यू साउथ वेल्स पुलिस ने एक बयान में कहा कि ब्रोकन हिल से लगभग 450 किलोमीटर पूर्व में कोबार स्थित एंडेवर माइन रोड स्थित खदान में विस्फोट की घटना में दो लोगों के गंभीर रूप से घायल होने के बाद आपातकालीन सेवाओं को बुलाया गया। पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और उन्हें बताया गया कि एक व्यक्ति की मौत की पुष्टि हुई है। दो महिलाओं को खदान से बाहर लाया गया। हालांकि उनमें से एक की तब तक मृत्यु हो चुकी थी। दूसरी महिला को सुनने में हो रही दिक्कत और सदमे के इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। एंडेवर खदान ऑस्ट्रेलियाई कंपनी पॉलीमेटल्स रिसोर्सेज के स्वामित्व वाली एक प्रमुख भूमिगत चांदी, जस्ता और सीसा खदान है। पुलिस ने कहा कि घटना की जांच में वह कंपनी की सहायता करेगी।

## तुर्की के पश्चिमी बालिकेसिर प्रांत में 6.1 तीव्रता का भूकंप आया

**इस्तांबुल, (वार्ता)।** तुर्की के पश्चिमी प्रांत बालिकेसिर में सोमवार देर रात 6.1 तीव्रता का भूकंप आया, जिससे चारो ओर दहशत फैल गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। तुर्की के आपदा एवं आपातकालीन प्रबंधन प्रेसीडेंसी (एएफएडी), जो आपदा एवं आपातकालीन प्रबंधन के लिए ज़िम्मेदार राष्ट्रीय एजेंसी है ने 'एक्स' पर बताया कि भूकंप स्थानीय समयानुसार रात 10:48 बजे सिंदिरगी ज़िले में आया। एनटीवी द्वारा प्रसारित फुटेज में भूकंप के झटके महसूस होने पर निवासी सड़कों पर दौड़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। ऑनलाइन पोस्ट किए गए वीडियो में कई इमारतें ढहती हुई दिखाई दे रही हैं। भूकंप इस्तांबुल, बर्सा और इज़्मिर सहित आस-पास के प्रांतों में भी महसूस किया गया। एनटीवी की रिपोर्ट के अनुसार, हताहतों और नुकसान का आकलन करने के लिए आपातकालीन टीमें भेजी गई हैं। अगस्त में, इसी ज़िले में 6.1 तीव्रता का भूकंप आया था, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और 29 अन्य घायल हो गए थे।

## बोलीविया में बस पहाड़ी सड़क से नीचे गिरी, कम से कम 16 लोगों की मौत

**ला पाज़,(वार्ता)।** बोलीविया के केंद्रीय कोचाबम्बा विभाग में सोमवार को एक अंतर-प्रांतीय बस के एक खड़ी पहाड़ी सड़क से 600 मीटर से ज़्यादा नीचे गिर जाने से कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई और 36 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। क्षेत्रीय पुलिस कमांडर रोजर कोस्टास ने पुष्टि की कि 23 वर्षीय चालक सहित घायलों को क्विलाकोलो के अस्पतालों में ले जाया गया है।बोलीविया के राष्ट्रीय यातायात प्रमुख उमर ज़ेगाडा के अनुसार, यह वाहन उस मार्ग पर एक तीखे मोड़ पर दुर्घटनाग्रस्त हुआ, जो अपनी संकरी सड़कों और कम दृश्यता के लिए जाना जाता है। सोशल मीडिया पर साझा की तस्वीरों में बचावकर्मियों और निवासियों को मलबे से शवों और जीवित बचे लोगों को निकालते हुए दिखाया गया है। आपातकालीन दल के पहुँचने से पहले बचाव कार्यों में मदद करने वाले एक स्थानीय निवासी ने कहा, बस पूरी तरह से नष्ट हो गई और कई यात्री क्षतिग्रस्त ढांचे में फंस गए। ज़ेगाडा ने संवाददाताओं को बताया कि यह वाहन मूल रूप से एक मालवाहक ट्रक था जिसे बाद में यात्री परिवहन के लिए संशोधित किया गया था। प्रारंभिक जाँच से पता चलता है कि बस में क्षमता से अधिक लोग सवार थे और वह तेज़ गति से चल रही थी।

# बांकेबिहारी मंदिर में दर्शन की नई व्यवस्था नहीं हुई लागू, इसलिए भीड़ से बिगड़ रहे हालात

मथुरा

वृंदावन के श्री बांकेबिहारी मंदिर में इन दिनों अव्यवस्थाएं देखने को मिल रही हैं। भीड़ से न गलियों में चैन मिल रहा है और न ही मंदिर में। सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित श्री बांकेबिहारी मंदिर प्रबंधन हाईपावर्ड कमेटी ने मंदिर की व्यवस्थाओं को लेकर कई आदेश दिए, लेकिन आदेशों के पालन के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की गई। आदेशों के पालन की चिंता न तो स्थानीय प्रशासन को है और न ही सेवायतों को।



श्री बांकेबिहारी मंदिर हाईपावर्ड कमेटी के गठन के बाद कई बैठकों का दौर चला। हर बैठक में पुराने नियमों पर चर्चाएं हुईं तो नए नियमों को लागू किया गया। आदेश जारी किया गया, लेकिन आदेश मंदिर पहुंचते ही दम तोड़ गए। वीआईपी पर्ची सिस्टम चूंकि सबको दिखाई देता है, इसलिए इसे तत्काल बंद कर दिया गया। जबकि मंदिर के समय में जो परिवर्तन किया गया, वह आज तक लागू नहीं हो सका। मंदिर में रैलिंग लगाने की बात की जाए तो पिछली मीटिंग में इसके लिए आदेश दिए गए, लेकिन छह लाइन की रैलिंग की व्यवस्था भी नहीं हो पाई है। यहां तक राजस्थान सिक्योरिटी एजेंसी को लेकर कहा गया कि इस एजेंसी की जगह रिटायर्ड सैनिकों की एजेंसी को लगाया जाए, लेकिन आज तक इस दिशा में भी कोई काम नहीं हो पाया है। अब तो सेवायत ही खुद सवाल उठा रहे हैं कि अगर आदेशों का पालन ही नहीं होना है तो कमेटी नए आदेश क्यों दे रही है। कमेटी के पदाधिकारी अपने ही आदेशों का पालन कराने में पीछे क्यों हैं। भीड़ में फंसे लोगों से इस बारे में बात की गई तो गाजियाबाद से आए वरुण ने कहा कि मंदिर में भीड़ लगातार बढ़ती ही जा रही है। नई कमेटी के बारे में सुना था, लग रहा था कि व्यवस्थाएं बेहतर होंगी, लेकिन यहां आए तो कुछ नहीं दिखा।

# सांप्रदायिक नफरत फैलाने वालों पर हो सख्त कार्रवाई : मायावती

लखनऊ, (वार्ता)

उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जिले की डुमरियागंज सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह के विवादित बयान पर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुयेकहा कि मुस्लिम लड़की लाओ, नौकरी पाओ' जैसे संकीर्ण और घृणित बयान समाज में नफरत, वैमनस्य और अराजकता फैलाने वाले हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ सरकार को सख्त कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए। सुश्री मायावती ने मंगलवार को एक्स पर लिखा यूपी और उत्तराखंड समेत कई राज्यों में धर्म परिवर्तन, लव जिहाद और इस तरह के भड़काऊ नारों के नाम पर कानून को अपने हाथ में लेकर साम्प्रदायिक और जातीय द्वेष फैलाने वाले तत्वों की हरकतें



अति-निंदनीय हैं। ऐसे असामाजिक व आपराधिक कृत्य संवैधानिक सरकार के लिए खुली चुनौती और खतरा हैं।

उन्होंने राज्य सरकारों से अपील की कि वे राज्य की करोड़ों जनता के हित में कानून का राज स्थापित करें और सांप्रदायिक सौहार्द को बनाए रखने के लिए दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि ऐसे तत्वों को संरक्षण देने के बजाय उनके खिलाफ तत्काल और कड़ी कार्रवाई ही व्यापक जन व देशहित में है।

गौरतलब है कि सिद्धार्थनगर के बीते 16 अक्टूबर को सिद्धार्थनगर जिले के भवानीगंज थाना क्षेत्र के धनखरपुर गांव में एक जनसभा का आयोजन किया गया था। जिसमें भाजपा के पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने एक विवादित बयान दे डाला। उन्होंने कहा, हमारे समाज की दो लड़कियां वो ले गए, तुम मुसलमानों की 10 लड़कियां लाओ। दो पर 10 से कम मंजूर नहीं हैं और ये घोषित करते हैं जो यह लेकर आएगा, उसके खाने-पीने, नौकरी का इंतजाम हम करेंगे। लेकिन जो यह दो गई हैं, वह हमें पच नहीं रही हैं। मुसलमानों सुन लो, यह हमें पच नहीं रहा है और इसका बदला कुछ भारी होना ही होना है। जिसके बाद बयान का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

# गुरु परंपरा ने भारत को दिया त्याग और बलिदान का संदेशः योगी

लखनऊ, (वार्ता)

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गुरु परंपरा ने भारत को केवल आस्था नहीं, बल्कि राष्ट्र की रक्षा, सेवा और बलिदान का आदर्श भी दिया है।

सिख समुदाय की आस्था का प्रतीक %चरण सुहावे गुरु चरण यात्रा% के पवित्र जोड़ा साहिब का लखनऊ में भव्य स्वागत हुआ। यह यात्रा सिख समुदाय के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी और माता साहिब कौर के पवित्र जोड़ा साहिब से जुड़ी है, जो सिख आस्था का अत्यंत पवित्र प्रतीक मानी जाती है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा हमारी जिम्मेदारी है कि हम इस विरासत को अक्षुण्ण रखें और आने वाली पीढ़ियों तक इसकी प्रेरणा पहुंचाएं। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी भी मौजूद रहे।

लखनऊ के यहियागंज गुरुद्वारे में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवाणी सुनी और यात्रा सदस्यों को पटुका पहनाकर सम्मानित किया। गुरुद्वारा कमेटी ने योगी को अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा हमारी परंपरा में यह कहा गया है, 'जिथे जाए बहे मेरा सतगुरु, सो थान सुहावा राम राजे।' अर्थात जहां भी गुरु महाराज के पावन चरण पड़ते हैं, वह स्थान रामराज्य की तरह पवित्र और पुण्यभूमि बन जाता है। यह यात्रा हमें उस गौरवशाली गुरु परंपरा से जोड़ती है, जिसने भारत की संस्कृति, साहस और बलिदान की भावना को नई दिशा दी।



योगी ने केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी की उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह यात्रा गुरु तेग बहादुर जी महाराज के 350वें शहीदी दिवस के अवसर पर शुरू हुई है। यह केवल श्रद्धा की यात्रा नहीं, बल्कि त्याग, बलिदान और राष्ट्र समर्पण की प्रेरणा देने वाली यात्रा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिख गुरुओं का भारत की सनातन परंपरा में योगदान अविस्मरणीय है। गुरु नानक देव जी से लेकर गुरु गोविंद सिंह जी महाराज और उनके चार साहिबजादों ने जिस प्रकार धर्म, देश और मानवता की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया, वह भारत के इतिहास को नई प्रेरणा देता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लगभग ढाई सौ वर्षों से गुरु महाराज के पावन चरण पादुकाएं, जो पहले अखंड भारत के हिस्से पाकिस्तान में थीं, अब पटना साहिब में स्थापित की जा रही हैं। दिल्ली से शुरू हुई यह यात्रा पूरे देश में गुरु परंपरा के प्रति सम्मान और गौरव का भाव जगाती जा रही है। उन्होंने कहा कि लखनऊ का यहियागंज गुरुद्वारा इसलिए भी विशेष है क्योंकि गुरु तेग बहादुर जी और गुरु गोविंद सिंह जी महाराज की स्मृतियां इस स्थान से जुड़ी हैं। यह गुरुद्वारा हमारी साझा आस्था और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है।

योगी ने सिख समुदाय के प्रति आदर व्यक्त करते हुए कहा कि गुरु परंपरा ने भारत को केवल आस्था नहीं, बल्कि राष्ट्र की रक्षा, सेवा और बलिदान का आदर्श भी दिया है। उन्होंने कहा कि हमारी जिम्मेदारी है कि हम इस विरासत को अक्षुण्ण रखें और आने वाली पीढ़ियों तक इसकी प्रेरणा पहुंचाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिख समाज की यह यात्रा केवल अतीत की स्मृति नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए मार्गदर्शन है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे इस गुरु चरण यात्रा को राष्ट्रीय एकता और आध्यात्मिक जागरण के संदेश के रूप में आगे बढ़ाएं।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, यूपी कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य सरदार परबिंदर सिंह के अलावा गुरुद्वारा कमेटी के पदाधिकारी व कई जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे।

**फिल्म/टीवी मनोरंजन**

# बहुमुखी प्रतिभा के धनी शानदार व्यक्तित्व के स्वामी थे गोवर्धन असरानी

भारतीय फिल्म जगत की प्रसिद्ध शख्शियत गोवर्धन असरानी का जन्म राजस्थान की विश्व प्रसिद्ध गुलाबी नगरी जयपुर के एक सिंधी हिंदू परिवार में 1 जनवरी 1941 को हुआ था। उनके पिता कालीन व्यापारी थे और वह सात भाई-बहन थे। असरानी बचपन से ही नाटकों और मिमिक्री में गहरी दिलचस्पी रखते थे। उन्होंने जयपुर से ही अपनी प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की। स्कूल के दिनों से ही वह नियमित रूप से नाटक और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेते थे, जिससे की उनके अंदर छिपी हुई अभिनय की प्रतिभा को निखारने का भरपूर अवसर मिला। पढ़ाई पूरी करने के बाद असरानी ने अपने करियर की शुरुआत अखिल भारतीय रेडियो के जयपुर स्टेशन में रेडियो कलाकार के रूप में की थी। असरानी ने 1970-80 के दशक की जानी-मानी अभिनेत्री मन्जू बंसल से विवाह किया था। गोवर्धन असरानी फिल्मी दुनिया का एक ऐसा नाम था जिसने अपनी बहुमुखी प्रतिभा के दम पर देश व दुनिया में अपना व भारतीय फिल्म इंडस्ट्री नाम रोशन करने का काम बखूबी किया था, उन्होंने अपने हास्य अभिनय के दम पर एक विशिष्ट पहचान बनाने का काम किया था। वर्ष 1960 के दशक में जब असरानी ने अभिनय को पेशे के रूप में अपनाने का फैसला लिया था, उसके बाद उन्होंने फिर कभी भी पीछे मुड़कर नहीं देखा और अपने सपने को साकार करने के लिए उन्होंने एफटीआईआई पुणे में वर्ष 1964 में दाखिला लिया। जहां पर उन्होंने अपने शिक्षक गुरुदत्त सिंह और रोजर मैन से अभिनय की हर एक बारीकियों को सिखाने का कार्य किया था। असरानी ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत वर्ष 1967 में अपनी पहली फिल्म 'हरे कांच की चूड़ियां' से डेब्यू किया था। इस फिल्म में उनके अभिनय को सराहा गया, जिसके बाद उनको शुरुआती दिनों में कई फिल्मों में सपोर्टिंग एक्टर के रूप में काम तो मिला, लेकिन उन्हें इसके लिए संघर्ष करना पड़ा। हालांकि वर्ष 1971 में उनका धैर्य और मेहनत रंग लाया और फिल्म 'गुड्डी से डेब्यू करने के बाद हास्य व चरित्र विभिन्न



तरह के किरदारों को बखूबी निभाते हुए अपने शानदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीतने का कार्य असरानी ने कर दिखाया। असरानी ने वर्ष 1970 के दशक में एक स्थापित अभिनेता के रूप में अपनी एक विशेष पहचान बनाने का काम करके दिखा दिया था। उन्होंने चितचोर, अभिमान, आंधी, चुपके-चुपके, शोले, बावर्ची, गोलमाल, नमक हराम, अमर अकबर एंथनी आदि जैसी फिल्मों में अपने अभिनय से आम-जनमानस के दिलो-दिमाग पर छा जाने का कार्य कर दिया था। असरानी बहुमुखी प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे, उन्होंने फिल्मों में अभिनेता, गायक, निर्देशक, लेखक के रूप में काम किया था, वहीं छोटे पर्दे पर टेलीविजन धारावाहिक, स्टेज व रामलीला तक में काम करके अभिनय की एक नज़ीर कायम करने का कार्य किया था। दिल्ली के ऐतिहासिक लालकिले पर हर वर्ष आयोजित होने वाली विश्व प्रसिद्ध लव-कुश रामलीला की स्टेज़ पर असरानी विभिन्न किरदारों को अपने जबरदस्त अभिनय से जीवंत करते हुए नज़र आते थे। अपनी अदाकारी से लोगों के चेहरों पर मुस्कराहट लाने वाले दिग्गज हास्य अभिनेता गोवर्धन असरानी अब हमारे बीच नहीं रहे हैं, वह अपने चहेतों को रूला कर के दुनिया से रुखसत हो गये हैं। 20 अक्टूबर 2025 दीपावली के दिन मुंबई के एक अस्पताल में इलाज़ के दौरान लीजेंड अभिनेता असरानी का निधन हो गया था। असरानी ने दुनिया को अलविदा जरूर कह दिया है, लेकिन उन्होंने जिस तरह से एक हास्य अभिनेता के रूप में काम करते हुए एक लंबी रेखा खींचने का कार्य किया है, वह बेहद ही काबिले-तारीफ है, उनके द्वारा खींचीं गयी हास्य अभिनय की इस लंबी रेखा को पार करना किसी भी भारतीय हास्य अभिनेता के लिए आसान लक्ष्य नहीं होगा। असरानी के निधन से प्रशंसकों व भारतीय सिनेमा जगत को एक अपूरणीय क्षति तो हुई है, लेकिन जिस तरह से असरानी ने अपने हास्य अभिनय की एक अमिट छाप छोड़ी है, उसके दम पर वह हमेशा हमारे दिलो-दिमाग में जिंदा रहेंगे। मैंने भी कई बार स्वयं देखा है कि आज दशकों के बाद भी लोग असरानी के मुख से हम अंग्रेजों के जमाने के जेलर है डायलॉग को अवश्य सुनना चाहते थे। मैं ऐसे लीजेंड अभिनेता गोवर्धन असरानी को कोटि-कोटि नमन करते हुए अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

## राजकुमार के साथ आदित्य निम्बालकर की अगली फिल्म में नजर आयेंगी तान्या माणिकतला



अभिनेत्री तान्या माणिकतला अभिनेता राजकुमार राव के साथ फिल्मकार आदित्य निम्बालकर की अगली फिल्म में नजर आयेंगी। तान्या माणिकतला अब राजकुमार राव के साथ आदित्य निम्बालकर की आगामी फिल्म में नजर आने वाली हैं। यह फिल्म भारत की शिक्षा प्रणाली की वास्तविकताओं पर आधारित है। आदित्य निम्बालकर द्वारा लिखी और निर्देशित यह फिल्म छात्रों और शिक्षकों के सामने आने वाले शैक्षणिक दबाव, भावनात्मक संघर्ष और तंत्रगत चुनौतियों को ईमानदारी से दिखाएगी। तान्या फिल्म में एक अहम किरदार निभा रही हैं, जो कहानी का भावनात्मक आधार है। प्रोजेक्ट से जुड़े एक सूत्र ने बताया,यह फिल्म इसमें जुड़े सभी लोगों के लिए बेहद व्यक्तिगत है। आदित्य ने इस विषय को बहुत गहराई से समझा है और राजकुमार व तान्या दोनों ने अपने किरदारों में शानदार संवेदना डाली है। खासकर तान्या का किरदार उन कई युवाओं की आवाज़ को दर्शाता है जो इस जटिल और मांगलिक शिक्षा व्यवस्था में अपनी राह खोजने की कोशिश कर रहे हैं। 'ए सूटेबल बॉय', 'टूथ परी- व्हेन लव बाइट्स' और 'पी.आई. मीना' जैसी परियोजनाओं में अपने सशक्त और दिल को छू लेने वाले अभिनय के लिए जानी जाने वाली तान्या, एक बार फिर एक ऐसी कहानी का हिस्सा बनने जा रही हैं जो सशक्त कहानी कहने और सामाजिक प्रासंगिकता का संगम है।राजकुमार राव न केवल फिल्म के प्रमुख कलाकार हैं बल्कि इसके निर्माता भी हैं, जबकि निर्देशन की कमान आदित्य निम्बालकर संभाल रहे हैं।

## परेश रावल की फिल्म द ताज स्टोरी का 'धम धड़क' गीत रिलीज




अभिनेता परेश रावल की आने वाली फिल्म द ताज स्टोरी का 'धम धड़क' गीत रिलीज हो गया है। तुषार अमरीश गोयल द्वारा लिखित और निर्देशित तथा स्वर्णिम ग्लोबल सर्विसेज प्रा. लि. और सीए सुरेश झा द्वारा प्रस्तुत 'द ताज स्टोरी', हर नए अपडेट के साथ दर्शकों के बीच ज़बरदस्त चर्चा का विषय बनती जा रही है। मेकर्स ने इस फिल्म का पहला गीत 'धम धड़क' रिलीज कर दिया है, जो कैलाश खेर की शक्तिशाली आवाज़ में फिल्म की कहानी से गहराई से जुड़ता है। राहुल देव नाथ द्वारा संगीतबद्ध इस गीत के बोल विक्रम चौधरी ने लिखे हैं। फिल्म द ताज स्टोरी में परेश रावल के साथ जाकिर हुसैन, अमृता खानविलकर, स्नेहा वाघ और नामित दास जैसे दमदार कलाकार हैं। यह फिल्म 31 अक्टूबर 2025 को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी।

# कलेक्टर रजनी सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न

## बैठक में विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के प्रगति की समीक्षा की गई

**नरसिंहपुर, स्वतंत्र मत।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने शिशु व मातृ मृत्यु दर, संस्थागत प्रसव, आरबीएसके कार्यक्रम सहित अन्य विभिन्न योजनाओं व कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष कुमार मिश्रा, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री राधेश्याम वर्मा, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल डॉ. आरके चौधरी, जिला स्वास्थ्य परिवार कल्याण अधिकारी, समस्त खंड चिकित्सा अधिकारी, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास सहित अन्य अधिकारी- कर्मचारी मौजूद थे। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं की मृत्यु पर कमी लाने के लिए संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। आईएमआर शिशु मृत्यु दर और एमएमआर मातृ मृत्यु दर में कमी लाने के लिए कार्ययोजना की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के प्रगति की जानकारी विकासखंड स्तर व ग्राम स्तर पर भी पोर्टलों में दर्ज करने की कार्यवाही की जाए। बैठक में विकासखंड गोटेगांव और चांवरपाठा में गर्भवती महिलाओं का पंजीयन लक्ष्य के विरूद्ध कम पाया



गया। उन्होंने गर्भवती महिलाओं और हाई रिस्क महिलाओं को चिन्हांकन और प्रबंधन के लिए एनजीओ का सहयोग लेने तथा पोषण आहार नियमित रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। आयोजित बैठक में संस्थागत प्रसव की समीक्षा के दौरान बताया गया कि विकासखंड गोटेगांव में सर्वाधिक 19 प्रसव घर पर होना पाया गया। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने सीबीएमओ गोटेगांव को निर्देशित किया कि 15 दिवस में शतप्रतिशत संस्थागत प्रसव करना सुनिश्चित करें। उन्होंने मातृ मृत्यु दर में प्रभावी रोकथाम के लिए निर्धारित अवधि से अधिक अवधि वाली गर्भवती महिलाओं की विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। सुरक्षित प्रसव हेतु ऑपरेशन की स्थिति में नजदीकी स्वास्थ्य संस्था में रेफर करने को कहा। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने आरबीएसके कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड चांवरपाठा और गोटेगांव की उपलब्धि कम पाए जाने पर विकासखंड करेली व नरसिंहपुर आरबीएसके टीम की ड्यूटी उपलब्धि प्राप्त करने के लिए लगाए जाने के निर्देश दिए। आयोजित बैठक में एनसीडी कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान विकासखंड गोटेगांव एवं सांईखेड़ा की उपलब्धि कम पाई गई। क्षय नियंत्रण कार्यक्रम में हितग्राहियों को फूड वास्केट वितरण के लिए जनप्रतिनिधियों और व्यापारियों से सहयोग लिए जाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय अधिकारियों से स्वैच्छिक फूड वास्केट प्रदान करने के लिए सहयोग राशि ली जावे। अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में स्थापित समस्त वृद्ध आश्रमों में नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने बिना सक्षम स्वीकृति के अवकाश उपभोग नहीं किए जाने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने जिले की स्वास्थ्य संस्थाओं में पर्याप्त मात्रा में औषधीयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिले के सभी अधिकारी अपने अधीनस्थ दवा स्टोर का प्रतिमाह आकस्मिक निरीक्षण करना सुनिश्चित करें। स्क्रव टाईफस रोग के प्रभावी नियंत्रण के लिए रोग के लक्षणों के संबंध में जनजागरूकता लाई जावे। आशा कार्यकर्ता के माध्यम से ग्रामों में दीवार लेखन कर जनजागरूकता अभियान के संदेशों को जन- जन तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

## जनसुनवाई में आये 128 आवेदन पत्रों की सुनवाई हुई

*नरसिंहपुर, स्वतंत्र मत। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय नरसिंहपुर में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में आवेदकों ने विभिन्न विषयों से संबंधित आवेदन पत्र प्रस्तुत किए। जनसुनवाई में विभिन्न समस्याओं से संबंधित कुल 128 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। जिला पंचायत सीईओ श्री गजेन्द्र सिंह नागेश ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का तत्काल निराकरण किया। जिन आवेदन पत्रों का तत्काल निराकरण नहीं हो सका, उन आवेदन पत्रों को निर्धारित समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। अन्य विभागीय अधिकारियों ने भी जनसुनवाई में लोगों की समस्याएं सुनी और उनकी समस्याओं का निराकरण किया। जनसुनवाई में तहसील गाडरवारा के ग्राम बसुरिया के रेवाराम लोधी ने अपना आवेदन देकर बताया कि उन्हें सुनने में बहुत परेशानी होती है।*

# अवैध प्रेम संबंधों के चलते की गयी थी हत्या

### हत्या के लिए 50 हजार रूपये की दी गयी थी सुपारी

### सोशल मीडिया पर रील देखकर हत्या की रची गयी साजिश



**नरसिंहपुर, स्वतंत्र मत।** थाना मुंगवानी क्षेत्रांतर्गत जलशा होटल के सामने से एक व्यक्ति के रहस्यमय तरीके से गायब होने की सूचना प्राप्त हुई थी। इस संबंध में गुम इंसान प्रकरण कायम कर जांच में लिया गया है।

### मामले में गठित की गयी थी तीन विशेष टीमें

गुम इंसान सृजन साहू के रहस्यमय तरीके से लापता होने के मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना द्वारा त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए गए साथ् ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संदीप भूरिया के मार्गदर्शन में तथा एसडीओपी श्री मनीष त्रिपाठी के नेतृत्व में तीन विशेष टीमों का गठन किया गया गुम इंसान की जांच के दौरान मृतक के भाई से यह तथ्य सामने आया कि दिनांक 25.10.2025 को दोपहर लगभग 2 बजे मृतक अपने भाई गगन साहू के साथ जलशा होटल के सामने किसी व्यक्ति का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान एक सफेद रंग की कार में सवार एक युवती होटल के सामने पहुँची और मृतक से कुछ समय बात करने के पश्चात उसे अपने साथ पैदल किसी अज्ञात दिशा में ले गई। इसके बाद मृतक वापस नहीं लौटा। गुम इंसान प्रकरण की जांच के दौरान नरसिंहपुर सहित पड़ोसी जिलों के विभिन्न स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों से जानकारी एकत्रित की गई । जांच टीम को प्रारंभिक जांच में उपरोक्त तथ्यों के अलावा कोई विशेष जानकारी प्राप्त नहीं होने पर, पुलिस द्वारा उस युवती, जिसने अपना चेहरा कपड़े से ढक रखा था, की पहचान के प्रयास प्रारंभ किए गए। इस हेतु होटल परिसर, हाईवे, पेट्रोल पंप तथा आसपास के अन्य स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का गहन परीक्षण किया गया। उक्त फुटेज के आधार पर आसपास के गाँवों, पड़ोसी जिले के छपारा क्षेत्र सहित मृतक के गांव और अन्य संभावित स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरे भी चेक किए गए, ताकि युवती एवं मृतक की मूवमेंट का सुराग लगाया जा सके। आसपास के जंगलों में की गयी रात-दिन तलाशी गुम इंसान के तलाश हेतु पुलिस टीमों को जंगल में तलाशी हेतु भेजा गया जिसके द्वारा रात-दिन गुम इंसान तलाशी की गयी। गुम इंसान प्रकरण की जांच के दौरान पुलिस को बड़ा सुराग हाथ लगा है =* जांच में सामने आया कि मृतक सृजन साहू के साथ घटना के दिन दिखाई दी युवती बरहटा निवासी सुष्मा उर्फ निधि साहू थी। पूछताछ में पहले तो निधि ने मृतक के साथ होने से इंकार किया, लेकिन पुलिस की दूसरी टीम को यह जानकारी मिली कि सफेद रंग की कार में उसके साथ दो और व्यक्ति मौजूद थे।

### हत्या हेतु दी गयी थी सुपारी

पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर उन व्यक्तियों की पहचान की, जिनमें रीछा निवासी साहिल पटेल का नाम सामने आया। साहिल पटेल ने पूछताछ में स्वीकार किया कि निधि साहू ने उससे सृजन साहू की हत्या करवाने के लिए 50,000 में सौदा किया था। उसके अनुसार, निधि साहू ने 20,000 अग्रिम दिए थे और योजना के अनुसार उन्होंने एक नाबालिग सहयोगी के साथ मिलकर सृजन साहू की ग्राम घोघरा के जंगलों में चाकूओं से हत्या कर शव को पत्थरों में दबाकर छुपा दिया। पुलिस अधीक्षक एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ किया घटना स्थल का निरीक्षण =* उक्त मामले में हत्या की बात सामने आने पर तत्काल पुलिस अधीक्षक, डॉ. ऋषिकेश मीना ने अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ घटना स्थल का निरीक्षण किया गया एवं डॉग स्क्वाड के माध्यम से शव एवं साक्ष्यों की तलाशी करायी गई एवं आरोपीगण की निशानदेही पर मृतक सृजन साहू का शव, मृतक को ले जाने में प्रयुक्त कार, दो चाकू, हत्या के दौरान पहने हुए खून लगे कपडे एवं अन्य सामग्री को जप्त किया गया एवं आरोपियों के विरूद्ध धारा 103 (1), 238, 61 (2) (क) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीवद्ध की विवेचना में लिया गया है। पुलिस अधीक्षक, डॉ. ऋषिकेश मीना द्वारा हत्या का खुलाशा करने वाली टीम को 10 हजार रूपये के नगद पुरूस्कार से पुरूकृत किया गया है।



# शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने सौंपा ज्ञापन

### पाली के ग्रामीणों ने दी धरना प्रदर्शन की चेतावनी

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** सांईखेड़ा ब्लाक की ग्राम पंचायत पाली खैरी के ग्राम वासियों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर एक ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती कलावती ब्यारे को देकर ग्राम पाली की शासकीय भूमि पर हुए अतिक्रमण को अलग करने की मांग की है । ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि सांईखेड़ा ब्लाक के ग्राम पाली में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण होने के कारण शासकीय निर्माण कार्य बाधित हो रहे हैं । ग्राम वासियो को खेल मैदान, तालाब ,शमशान घाट ,अर्जुन भवन जैसी मूलभूत सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है ।ग्राम वासियों ने मांग की है कि पाली में शासकीय भूमि पर जहा-जहा अतिक्रमण है उसे जल्द से जल्द हटाया जाए, जिससे कि ग्राम पाली में शासकीय कार्य हो सके । ज्ञापन देते समय ग्राम पंचायत पालि खेरी के सरपंच अजय द्विवेदी, जितेंद्र राजपूत, मुरारी धानक, गोरेलाल ,भूरा, बडेलाल धानक, बालकिशन, संतोष ठाकुर सहित अनेक ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे । पाली के ग्राम वासियों ने चेतावनी दी है कि यदि 10 नवंबर के पहले शासकीय भूमि अतिक्रमण से मुक्त नहीं की गई तो पाली ग्रामवासी धरना प्रदर्शन के लिए मजबूर होंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।



## कलचुरी समाज ने भेंट की व्हीलचेयर एवं दवाईयां

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** भगवान श्री सहस्त्रबाहु जी की जयंती के अवसर पर कलचुरी कलार समाज द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर भगवान श्री के तेलचित्र की पूजा अर्चना की गई। साथ ही शासकीय सिविल अस्पताल में व्हीलचेयर एवं औषधि भेंट का कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें अस्पताल अधीक्षक उपेन्द्र वस्त्रकार, दंत चिकित्सक आशुतोष मेहता, समाज अध्यक्ष मनीष जायसवाल, पूर्व अध्यक्ष राधारमन राय, नरेंद्र राय, अखिलेश राय एवं महिला पूर्व अध्यक्ष श्रीमती संगीता जायसवाल, श्रीमती जयश्री जायसवाल की उपस्थिति में भगवानश्री की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तदपश्चात् सर्व समाज हित में नवाचार करते हुए शासकीय सिविल अस्पताल को दो व्हीलचेयर, टीटी इंजेक्शन एवं सैकड़ों सिरीज भेंट किए।

# गोवर्धन पूजा भगवान श्री कृष्ण की भक्ति का प्रतीक : आचार्य शिवम् दीक्षित

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

ओशो आश्रम के पास कुईया मोहल्ला पटेल वार्ड में चल रहे संगीतमय श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ ने कथा का श्रवण करने के लिए श्रद्धालुओं अपार जन समूह पहुंच रहा है । कथा के पांचवें दिवस कथा वाचक पं. श्री आचार्य शिवम् जी दीक्षित ने गोवर्धन पूजन का वर्णन करते हुए कहा कि गोवर्धन पूजा एक महत्वपूर्ण पर्व है जो प्रकृति की पूजा और भगवान श्री कृष्ण की भक्ति का प्रतीक है जिसमें गाय बैल और गोवर्धन पर्वत की विशेष पूजा की जाती है इससे व्यक्ति के जीवन में सुख समृद्धि और शांति आती है उन्होंने प्रवचन में आगे कहा कि जब कृष्ण ने ब्रजवासियों को मूसलधार वर्षा से बचाने के लिए सात दिन तक गोवर्धन पर्वत को अपनी सबसे छोटी उँगली पर उठाकर रखा और गोप-गोपिकाएँ उसकी छाया में सुखपूर्वक रहे। सातवें दिन भगवान ने गोवर्धन को नीचे रखा और प्रतिवर्ष गोवर्धन पूजा करके अन्नकूट उत्सव मनाने की आज्ञा दी। तभी से यह उत्सव अन्नकूट के नाम से मनाया जाने लगा। गोवर्धन की आकृति बनाकर उनके मध्य में भगवान श्री कृष्ण की मूर्ति रखी जाती है नाभि के स्थान पर एक कटोरी जितना गड्ढा बना लिया जाता है और वहां एक कटोरी व मिट्टी का दीपक रखा जाता है फिर इसमें दूध, दही, गंगाजल, मधु और बतासे इत्यादि डालकर पूजा की जाती है और फिर इसे प्रसाद के रूप में बांटा जाता है। माता यशोदा अपने बाल कृष्ण को दिन में आठ पहर भोजन कराती थीं। जब सात दिन बाद इंद्र का क्रोध शांत हुआ, तो ब्रजवासियों



और माता यशोदा को यह चिंता हुई कि कृष्ण सात दिनों तक भूखे रहे। इसलिए उन्होंने सातों दिन के आठों पहर के भोजन की भरपाई करने के लिए 56 तरह के व्यंजन बनाए और मुरलीधर को भोग लगाया। आरती कृष्ण मुरारी की श्री गिरिधर कृष्ण मुरारी भव्य आरती के समय कथा पंडाल गुंजायमान हो गया था । भागवत कथा श्रवण करने के लिए मातृशक्ति की भी भारी भीड़ देखी जा रही है । कथा में 56 भोग भी अर्पित किए गए । संगीतमय भजनों पर श्रद्धालुजन भक्ति भाव में विभोर

होते दिखाई दे रहे है । कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक चल रही है, और भक्त बड़ी संख्या में इस पावन अवसर का लाभ उठा रहे हैं । आरती के समय भी अलग ही उत्साह देखने को मिल रहा है आयोजन समिति ने कथा पंडाल में अच्छी व्यवस्थाएं की है । 30 अक्टूबर कथा की पूर्णाहुति और समापन होगा । आयोजन समिति ने धर्मप्रेमी जनता से निवेदन किया है कि वे इस पावन कथा में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित करें।

# जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 11 नवंबर को नरसिंहपुर में होगा

### 31 अक्टूबर तक ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन आवेदन आमंत्रित

**नरसिंहपुर, स्वतंत्र मत।** जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी नरसिंहपुर श्रीमती सुनीता यादव ने बताया कि खेल और युवा कल्याण विभाग मध्यप्रदेश द्वारा भारत सरकार के निर्देशानुसार 29वां राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2026 का आयोजन 10 से 12 जनवरी 2026 तक नई दिल्ली स्थित भारतमण्डपम में किया जाएगा। यह आयोजन स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा सप्ताह के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन नरसिंहपुर में 11 नवंबर 2025 को शासकीय पीजी कालेज नरसिंहपुर के ऑडिटोरियम में प्रात: 10 बजे से किया जाएगा। जिला स्तरीय युवा उत्सव के आयोजन में भाग लेने वाले प्रतिभागियों/दलो से ३1 अक्टूबर 2025 तक आवेदन ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन आंमत्रित किये जा रहे है। आयोजन के संबंध में कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। उन्होंने इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इस महोत्सव का उद्देश्य युवाओं को एक मंच प्रदान करना है, जहां वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें तथा सांस्कृतिक विविधता को समझने और सराहने का अवसर प्राप्त करें। कार्यक्रम में भाषण, कहानी व कविता लेखन, पेंटिंग, समूह लोकगीत व लोकनृत्य प्रतियोगिताएं एवं विज्ञान मेला प्रदर्शनी लगाई जाएगी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की आयु 15 से 29 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। प्रत्येक प्रतिभागी केवल एक विधा में भाग ले सकता है।

## धान की फसल जमींदोज खाद के लिए लाइनों पर फिर किसान: शिव सिंह



**रीवा, स्वतंत्र मत।** मौसम की असमय वापसी से आंधी तूफान बारिश के कहर ने एक बार फिर से किसानों को रुला दिया है विंध्य इलाके के साथ-साथ पूरे मध्य प्रदेश में किसानों की पकी हुई धान सहित अन्य खरीफ की फसल जमीदोज हो गई है। सरकार ने अभी तक कोई निर्णायक कदम किसानों के पक्ष में नहीं लिया। संयुक्त किसान मोर्चे के नेता शिव सिंह ने कहा कि धान की जमींदोज फसल छोड़कर रबी फसल के इंतजाम के लिए किसान समितियों में खाद के लाइन में फिर से खड़े होने को मजबूर है। रीवा करहिया मंडी में खाद के लिए किसानों की लंबी कतार लगी हुई है मौके पर उपस्थित संयुक्त किसान मोर्चे के नेता इंद्रजीत सिंह शंखू और अनिल मिश्रा ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि बीजेपी की सरकार बेरहम हो चुकी है। सरकार किसानों की फसल एवं नस्ल को मिटाने पर आमादा है।

# पूर्व डीईओ सुदामा गुप्ता को कमिश्नर ने बहाल कर जेडी आफिस में किया पदस्थ

**रीवा, स्वतंत्र मत।** अनुकम्पा नियुक्ति घोटाले में निलंबित पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी सुदामा लाल गुप्ता को अंतत: कमिश्नर रीवा ने बहाल कर दिया है। साथ ही बहाली उपरांत पदस्थापना कार्यालय संयुक्त संचालक लोक शिक्षण रीवा संभाग में रिक्त सहायक संचालक के पद पर की गई है।

गौरतलब है कि अनुकम्पा नियुक्ति प्रकरणों में लापरवाही पूर्वक कार्यवाही करने के कारण 23.6.25 को निलंबित किया गया था। हालांकि सुदामा गुप्ता सीधे तौर पर दोषी नहीं थे। लिपिक ने नस्ती तैयार की थी और लिंक अधिकारी अखिलेश मिश्रा ने नस्ती को सही मानते हुए अनुकम्पा नियुक्ति दिए जाने की अनुशंसा की थी। इसमें मुख्यत- लिंक अधिकारी की बड़ी लापरवाही उजागर हुई थी। मामला उजागर होने के बाद तत्कालीन डीईओ सुदामा गुप्ता ने ही जांच शुरू कराई थी जिसके बाद अन्य मामले उजागर हुए थे। किन्तु जिला शिक्षा अधिकारी के जिम्मेदार पद पर रहते लापरवाही पूर्वक कार्यवाही करने का खामियाजा सुदामा लाल गुप्ता को निलंबन के रूप में भुगतना पड़ा था।

बाद में उन्होंने दिनांक 08.08.25 को आरोपों का बिंदुवार प्रतिवाद प्रस्तुत करते हुए निलंबन



से बहाली का अनुरोध किया था। प्रस्तुत प्रतिवाद पर पूर्ण विचारोपरांत कमिश्नर रीवा ने उन्हें बहाल करते हुए कार्यालय संयुक्त संचालक लोक शिक्षण रीवा संभाग में रिक्त सहायक संचालक के पद पर पदस्थ किया किया है। संभवत: जिला शिक्षा अधिकारी के रूप में उनके द्वारा शिक्षकों के क्रमोन्नति, समयमान, उच्च पद प्रभार,अतिशेष शिक्षकों के युक्तियुक्त कारण सहित लंबित अन्य मामलों के निराकरण में तत्परता बरतने सहित अच्छे कार्यों को देखते हुए संयुक्त संचालक कार्यालय में पदस्थ किया गया है। गौरतलब है कि उपसंचालक टी पी सिंह के डाइट प्राचार्य बन जाने तथा दूसरे उपसंचालक के पी तिवारी के आगामी दिसंबर में सेवानिवृत होने से कार्यालय में अफसरों की कमी महसूस की जा रही थी। यद्यपि सुदामा लाल गुप्ता के विरुद्ध संस्थित नियमित विभागीय जांच जारी रहेगी।



# पुल के नीचे पानी भरे होने से लोग हो रहे दुर्घटना का शिकार

**डभौरा, स्वतंत्र मत।** विनय कुमार शुक्ला सामाजिक कार्यकर्ता (मगड़ौर) वार्ड क्रमांक 09 चंदशेखर आजाद नगर परिषद डभौरा अंतर्गत रास्ते की सफाई कराये जाने एवं गड्डायुक्त नाले की मरम्मत कार्य कराने की मांग की है उन्होंने कहा कि गड्डायुक्त रास्ता होने से प्रतिदिन लोगो को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है यहा तक कि रास्ते मे पानी भरे होने से लोग दुर्घटना का शिकार होते रहते है।

यहां तक कि आने जाने वाले सभी गाड़ियां रास्ते मे फंस जाते हैं जो गिर जाते है और चोटिल हो जाते है। जबकि कई बार अधिकारियों को बताया गया और दिखाया गया लेकिन किसी के द्वारा ध्यान नही दिया जा रहा है। जिसके लिए विनय कुमार ने नगर परिषद अध्यक्षया व मण्डल अध्यक्ष एवं सीएमओ डभौरा से मांग की है कि उक्त रास्ते को बनवाया जाय ताकि ग्रामीणों का रास्ता सुगम हो सके।

# श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में रंगमंच कार्यक्रम हुआ आयोजित

रीवा, स्वतंत्र मत

मध्य प्रदेश संस्कृति विभाग, पंजाबी साहित्य अकादमी और गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, गल्ला मंडी के सहयोग से सिख - पंजाबी एवं सर्व समाज की संगत ने श्री गुरू तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किये गए च्च्सजीव प्रदर्शनज्ज कार्यक्रम को कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में उत्साह पूर्वक मनाया। और गुरु जी के मानवता एवं धर्म को बचाने के लिए दिए गए बलिदान को नमन किया गया।





औरंगजेब के शासनकाल के दौरान जबरन धर्मान्तरण और अत्याचार से परेशान होकर 500 कश्मीरी पंडितो का दल पंडित किरपा राम की अगुवाई में गुरु तेग बहादुर जी की शरण में आये और गुरु जी से अपना हाल बताकर हिन्दू धर्म की रक्षा की विनती की, गुरु जी ने कश्मीरी पंडितो को आश्वासन दिया और कहा की हर व्यक्ति को अपने धर्म अनुसार पूजा -बंदगी करने का मौलिक अधिकार है।

गुरु तेग बहादुर जी ने औरंगजेब की जबरन धर्म परिवर्तन करने का विरोध किया और आनंदपुर साहिब से दिल्ली पहुंचने तक जन मानस के बीच निर्भयता और निरवैर होकर अत्याचार और अधर्म के विरुद्ध संघर्ष करने के लिए प्रोत्साहित किया।

11 नवंबर 1675 को दिल्ली के चांदनी चौक में गुरु जी को अपने तीन गुर सिख भाई सती दास, भाई दयाला जी, भाई मति दास जी के साथ शहीद कर दिया गया जहाँ पर आज गुरुद्वारा सीसगंज साहिब सुशोभित है।

गुरु तेग बहादुर साहिब जी ने मानवाधिकार, धर्म निरपेक्ष और समानता के अधिकारों को बचाने के लिए अपनी शहादत दी जो सर्व समाज के लिए प्रेरणादायक है जिसे रंगमंच के द्वारा दिखाया गया।

## संयुक्त किसान मोर्चा ने तीन सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**रीवा, स्वतंत्र मत ।** संयुक्त किसान मोर्चा रीवा के वैनर तले किसानों ने तीन सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि विगत 25,26,27, अक्टूबर 2025 को असमय बारिश एवं आंधी से पकी हुई धान की खड़ी एवं कटी फसल जिले भर में नष्ट हो रही है। उसका सर्वे कराकर मुआवजा एवं सीमित फसलों का बीमा का लाभ भुगतान अतिशीघ्र प्रदान कराया जाय। जिले भर में पुन: खाद का संकट गहराया हुआ है और बोनी का समय आ गया है इस लिए जिले भर के विक्रय केंद्रों में 45 हजार मेट्रिक टन खाद उपलब्ध कराई जाये ।तथा पराली प्रबंधन के लिए कलेक्टर रीवा का आदेश जिसमें पराली जलाने पर किसानों के ऊपर मुकदमा कायम करने की सिफारिश की गई है जो पूर्णतया गलत है एनजीटी के सुझाव के अनुसार सरकार पराली प्रबंधन के लिए 100 रुपये प्रति क्विंटल बोनस एवं पराली प्रोत्साहन राशि 3000 रुपये प्रति एकड़ एवं पराली प्रबंधन में काम आने वाले कृषि यंत्र उपकरण पर 80त्न सब्सिडी दें। जब तक सरकार एन जी टी के सुझाव अनुसार किसानों को आर्थिक सहायता नहीं देती तब तक सरकार पराली जलाने वाले किसानों के ऊपर मुकदमा न किया जाये। ज्ञापन सौंपने वालों में रामजीत सिंह, विश्वनाथ पटेल चोंटीवाला,उमेश पटेल, भैयालाल त्रिपाठी, घनश्याम सिंह,रामनरेश सिंह, तेजभान सिंह, वीरभद्र सिंह,बीरेंद्र सिंह आदि लोग रहे मौजूद।

# नीलू रजक हत्याकांड से आक्रोश

## पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद वीडी शर्मा ने की सीएम और डीजीपी से बात, दोषियों पर कठोर कार्रवाई के निर्देश

कटनी (स्वतंत्रमत)

कैमोर में भाजपा के बूथ अध्यक्ष नीलू रजक की दिनदहाड़े हुई हत्या ने पूरे जिले को झकझोर दिया है। इस जघन्य घटना पर भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा वी.डी. शर्मा ने गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि यह समाज और मानवता दोनों के लिए शर्मनाक कृत्य है। उन्होंने कहा कि एक सामाजिक कार्यकर्ता और पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता की सरेआम गोली मारकर हत्या होना अत्यंत दु:खद और निंदनीय है। घटना की जानकारी मिलते ही श्री शर्मा ने तत्काल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) से बात की और दोषियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सांसद शर्मा ने कहा कि कटनी में कुछ तत्वों द्वारा अपराधियों को संरक्षण देने की बात सामने आ रही है, जो अत्यंत गंभीर मामला है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ऐसे लोगों की पहचान कर पुलिस को उनके खिलाफ सख्त कदम उठाने चाहिए। श्री शर्मा ने यह भी कहा कि कुछ मामलों में समाज विशेष को फंसा कर उन्हें निशाना बनाकर सहानुभूति बटोरने की साजिशें रची जा रही हैं, जिन्हें अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि धार्मिक



सौहार्द बिगाड़ने और अल्पसंख्यक होने की आड़ में अपराध करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई अनिवार्य है। श्री शर्मा ने कहा कि पार्टी संगठन पीड़ित परिवार के साथ पूरी मजबूती से खड़ा है और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि नीलू रजक के हत्यारों को शीघ्र गिरफ्तार कर कठोर सजा दी जाए, ताकि यह सजा पूरे प्रदेश में ऐसी घटनाओं को करने वालों और उन्हें संरक्षण देने वालों के खिलाफ खौफ बने। अंत में श्री शर्मा ने दिवंगत बूथ अध्यक्ष नीलू रजक को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि इस कठिन समय में पूरा संगठन पीड़ित परिवार के साथ है। उन्होंने जनता से संयम बनाए रखने और प्रशासन पर भरोसा रखने की अपील की।

### गौ सेवा प्रमुख की हत्या से मचा बवाल

जिले के कैमोर नगर में सुबह लगभग 11 बजे बैंक ऑफ बड़ौदा ब्रांच के सामने दो नकाबपोश अज्ञात हमलावरों ने एकदम नजदीक से गोली मारकर नीलेश उर्फ नीलू रजक नामक युवक को मौत के घाट उतार दिया। बताया जाता है की नीलू रजक का कुछ ही महीने पहले भाटिया मुहल्ला निवासी एक युवक से विवाद हुआ था जिसकी रिपोर्ट भी थाने में हुई थीं। गोली मारे जाने की घटना का सम्बंध उसी विवाद से है या नहीं इस बारे में अभी कुछ कहा नहीं जा सकता। स्थानीय लोगों के मुताबिक हमलावर ने अपना चेहरा कपड़े से ढंक रखा था तथा गोली मारने के तत्काल बाद फरार हो गया। जिससे उसकी पहचान अभी नहीं हो पाई। गंभीर रूप से घायल नीलू रजक को तत्काल विजयराघवगढ़ शासकीय चिकित्सालय लाया गया जहाँ चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## नीलू रजक के हत्यारों को बक्शा नहीं जाएगा : संजय पाठक



कैमोर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के मंडल अध्यक्ष बजरंग दल के पूर्व पदाधिकारी निलेश नीलू रजक को कैमोर में हुई दर्दनाक हत्या की खबर पटना बिहार में चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक को लगी उन्होंने नीलू के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए दुख जताया एवं अपनी परिजनों को दुख सहन करने की प्रार्थना करते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी ने अपना एक अच्छा कार्यकर्ता समाजिक व्यक्तित्व एवं मैंने अपना छोटे भाई को खो दिया है। बिहार में अपना आगे का चुनाव प्रचार कार्यक्रमों को रद्द करते हुए तत्काल विजयराघवगढ़ लौटने का फैसला लिया और इसी बीच उन्होंने पुलिस प्रशासन के अधिकारियों से संपर्क करते हुए तत्काल दोषियों को पकड़ने की कार्यवाही में तेजी लाने के संबंध में बात की।

## कटनी जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** कटनी जिला बैडमिंटन संघ द्वारा आयोजित 24वी कटनी जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप जिसका आयोजन 24 अक्टूबर से 26 अक्टूबर 2025 तक इंडोर बैडमिंटन हॉल माधव नगर कटनी में किया जा रहा है। दूसरे दिन के परिणाम इस प्रकार रहे:- 11 वर्ष से कम बालक में शौर्यवर्धन जैन ने दर्शिल सिंह को हराकर दूसरी बार विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया, 13 वर्ष से कम बालक में रक्षान खान ने श्लोक गौतम को हराकर विजेता बने, 11वर्ष से कम बालिकाओं में नव्या अहिरवार ने जिशा कलवानी को हराकर विजेता रही, 15 वर्ष से कम बालिकाओं में दृष्टि कृपलानी ने ध्याना गोलछा को हराकर विजेता बनी, महिलाओं के सेमीफाइनल में रचना तिवारी ने रितिका मिश्रा को व दृष्टि कृपलानी ने शिवानी बच्चानी को हराकर फाइनल में स्थान बनाया, पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में क्षितिज यादव, अविनाश आहूजा, हर्षल सोनी, आलोक कुमार, जूडराज जोसफ, सामर्थ पंजवानी, ऋषि बजाज, मयंक डोडानी व यश सचदेव ने अपना स्थान सुनिश्चित किया। 17 वर्ष से कम बालक एकल, पुरुष एकल व महिला एकल का फाइनल मैच 26 अक्टूबर रविवार शाम 7 बजे इंडोर बैडमिंटन हॉल माधव नगर में होगा व सभी विजेता विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए जाएंगे। सभी खेल प्रेमियों, संघ सदस्यों, खिलाड़ियों व अभिभावकों से आग्रह है कि वह खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन हेतु अपनी उपस्थिति अवश्य देवे।

# बड़वारा पुलिस ने नाबालिग बालक एवं बालिका को इंदौर से किया दस्तयाब




कटनी (स्वतंत्रमत)

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा गुम हुए नाबालिक बालक/बालिकाओं को दस्तयाब करने हेतु निर्देशित किया गया था। परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया एवं डीएसपी मुख्यालय उमराव सिंह के मार्गदर्शन में आपरेशन मुस्कान अभियान के तहत नाबालिक बालिका को दस्तयाब किया गया। पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा प्रदेश स्तर नाबालिक बालक/बालिकाओं को दस्तयाब करने हेतु ऑपरेशन मुस्कान अभियान चलाया जा रहा है। वरिष्ट अधिकारियो के मार्गदर्शन में ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत नाबालिक बालिका को दस्तयाब किया जाकर परिजनों को सुपुर्द किया गया। दस्तयाब बालक एवं बालिका का विवरण इस प्रकार है कि:- 22 अक्टूबर को फरियादी द्वारा रिपोर्ट लेख कराया कि इसका लड़का जिसकी उम्र करीब 17 साल है जो बिना बताये कहीं चली गयी है। फरियादी को शंका है कि इसके लड़के को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर अपहरण कर ले गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना बड़वारा में अपराध धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना 27 अक्टूबर को अपहृता बालिका को दस्तयाब किया जाकर परिजनों को सुपुर्द किया गया। इसी प्रकार 22 अक्टूबर को फरियादी द्वारा रिपोर्ट लेख कराया इसकी लड़की जिसकी उम्र करीब 15 साल है जो बिना बताये कहीं चली गयी है। फरियादी को शंका है कि इसकी नाबालिक लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर अपहरण कर ले गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना बड़वारा में अपराध धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना 27 अक्टूबर को अपहृता बालिका को दस्तयाब किया जाकर परिजनों को सुपुर्द किया गया। विशेष भूमिका- सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी उनि केके पटेल, सउनि विक्रम सिंह, महिला आर नेहा सिंह, बृजलाल प्रजापति, प्रआर. 294 पवनराज की विशेष भूमिका रही।

# सनशाइन एकेडमी में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

कटनी (स्वतंत्रमत)

सनशाइन एकेडमी, समदड़िया में मंगलवार को क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्विज का मुख्य विषय श्सांस्कृतिक और धार्मिकश्रखा गया। प्रतियोगिता में सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रश्नोत्तरी का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों को देश के सांस्कृतिक एवं धार्मिक ज्ञान से अवगत कराना एवं उनके प्रति जिज्ञासा उत्पन्न करना था। क्विज प्रतियोगिता एक ऐसी प्रतियोगिता है जिसमें प्रतिभागी एक या कई विषयों पर पूछे गए सवालों के जवाब देकर अपने ज्ञान का परीक्षण करते हैं। यह एक मानसिक खेल है जिसका उद्देश्य मनोरंजन के साथ-साथ किसी के ज्ञान, योग्यता और कौशल का मूल्यांकन करना होता है। स्कूल और संस्था छात्रों के ज्ञान को बढ़ावा देने और स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए ऐसे आयोजन करते है। ये क्विज़



प्रतियोगिता छात्रों को अपने क्षेत्र की संस्कृति, इतिहास और परंपराओं के बारे में जानने के लिए एक मंच प्रदान करती हैं, और अक्सर विजेताओं को सम्मानित भी करती है। क्विज़ प्रतियोगिताएँ छात्रों के ज्ञान को बढ़ाने और उन्हें सामान्य ज्ञान के प्रति प्रोत्साहित करने में मदद करती हैं। ऐसे आयोजन स्थानीय संस्कृति और क्षेत्रीय ज्ञान को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये प्रतियोगिताएँ व्यक्तियों या टीमों के बीच एक प्रतिस्पर्धी माहौल बनाती हैं, जहाँ वे अपनी जानकारी का परीक्षण करते है। क्विज़ प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए, प्रतिभागियों को एक साथ समूहीकृत किया जा सकता है और प्रत्येक टीम एक डिवाइस का उपयोग कर सकती है। क्विज़ एक प्रकार का खेल या दिमागी कसरत है जिसमें प्रतियोगी सवालों के सही उत्तर देने का प्रयास करते हैं। यह एक रचनात्मक और मजेदार तरीके से ज्ञान का परीक्षण करने का एक तरीका है। क्विज़ का उपयोग अक्सर छात्रों की समझ और प्रगति का आकलन करने के लिए एक शैक्षिक उपकरण के रूप में भी किया जाता है। इस प्रतियोगिता में बच्चों से सांस्कृतिक एवं धार्मिक विषय पर आधारित प्रश्न पूछे गए। बच्चों ने प्रश्नों के उत्तर दिए। यह प्रतियोगिता दो चरणों में संपन्न की गई। दोनों चरणों के संपन्न होने के पश्चात प्रतियोगिता का विजेता घोषित किया गया।अंत में जूही जैन एवं शिक्षकों ने बच्चों को जीवन भर कामयाब और कुशल रहने का आर्शीवाद दिया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।जूही जैन एवं शिक्षकों ने बच्चों को जीवन भर कामयाब और कुशल रहने का आर्शीवाद दिया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# नई नीति की बारीकियों को छात्राओं तक पहुंचाएं

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** शासकीय कन्या महाविद्यालय, कटनी में 28 अक्टूबर 2025 को मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)2020 के क्रियान्वयन हेतु एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला अध्यादेश 14(1) के तहत स्नातक कक्षाओं एवं अध्यादेश 14(2) के तहत स्नातकोत्तर कक्षाओं की नवीन संरचना पर केंद्रित थी। प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात के कुशल मार्गदर्शन एवं डॉ. सुनील कुमार के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक, सह प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, अतिथि विद्वान तथा स्ववित्तीयअतिथि विद्वान सक्रिय रूप से सहभागी बने। कार्यशाला का मुख्य



उद्देश्य (एनईपी)2020 की नई शैक्षणिक ढांचे को समझाना एवं उसका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना था। प्रतिभागियों को अध्यादेशों की विस्तृत व्याख्या, पाठ्यक्रम की नवीन रूपरेखा, विषयवार प्रश्नपत्रों का प्रारूप, अंकों का विभाजन जैसे सतत मूल्यांकन, सेमेस्टर परीक्षा एवं प्रैक्टिकल, क्रेडिट सिस्टम तथा बहु-विषयी दृष्टिकोण आदि पर गहन जानकारी प्रदान की गई। विशेष रूप से स्नातक स्तर पर 3-4 वर्षीय लचीली डिग्री संरचना मल्टीपल एंट्री-एग्जिट विकल्प सहित एवं स्नातकोत्तर स्तर पर 1-2 वर्षीय कार्यक्रमों की विशेषताओं पर चर्चा हुई। प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात ने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे इस नई नीति की बारीकियों को छात्राओं तक पहुंचाएं, उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करें तथा बहु-आयामी शिक्षा को बढ़ावा दें। डॉ. सुनील कुमार ने पाठ्यक्रम के व्यावहारिक पहलुओं पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में इंटरैक्टिव सत्रों के माध्यम से संदेह दूर किए गए, जिससे शिक्षकगण एनईपी के अनुरूप शिक्षण पद्धति अपनाने हेतु उत्साहित हुए। यह आयोजन महाविद्यालय की छात्राओं के लिए गुणवत्तापूर्ण, कौशल-आधारित शिक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में सहायक हुआ।

## सनातन धर्म मानव कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** नई बस्ती स्थित वेंकटेश सत्संग भवन में जगद्गुरु रामानुज परंपरा के आचार्य श्री श्री 1008 श्री रामकृष्णाचार्य जी युवराज स्वामी द्वारा पत्रकार बंधुओ से सनातन धर्म पर चर्चा करते हुए बताया गया कि आज समस्त विश्व में विसंगतियां बढ़ती जा रही हैं और इन विसंगतियों को दूर करने के लिए साथ ही समाज में समरसता एवं शांति स्थापित की जाए इसके लिए हमें हमारे ऋषि मुनियों द्वारा बनाई गई मर्यादा का पालन करना बहुत ही जरूरी है लोग अपनी इच्छा से कार्य कर रहे हैं जबकि प्रत्येक मनुष्य को अपने गुरु जनों के सानिध्य में रहकर उनसे सही मार्ग पूछ कर शास्त्र आज्ञा अनुसार कार्य करना चाहिए समाज में प्रेम और सौहार्द का वातावरण



बनाया जा सके जिससे समस्त विश्व में शांति स्थापित हो सके। आज इसी हेतु जगह-जगह साधु, महात्माओ, कथाकार एवं संतो द्वारा भागवत चरित्र की कथाएं, सत्संग आदि कि जा रही हैं। उसी के एक रूपक के रूप में कटनी में श्री राम कथा का आयोजन श्री वेंकटेश सत्संग समिति द्वारा किया जा रहा है श्री राम कथा के माध्यम से कटनी शहर के नागरिकों को भगवान के चरित्र से अच्छी शिक्षा प्राप्त हो सके उसे वह अपने जीवन में उतर सके यही इस आयोजन की सार्थकता है। सनातन धर्म मानव कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है और इसी को ध्यान में रख करके अपने प्रतिदिन के क्रियाकलापों में जीवनचर्या में क्या-क्या करना आवश्यक है इन बातों को प्रभु श्री रामचंद्र जी ने उनके भाई श्री भरत जी, श्री लक्ष्मण जी, श्री शत्रुघ्न जी और उनके पिता महाराजा दशरथ समकालीन आचार्य ऋषि मुनियों ने, भगवान के भक्त केवट, भक्त शबरी आदि द्वारा एक बड़ा उदाहरण हम सभी के समक्ष प्रस्तुत किया है । पत्रकार वार्ता में सनातन धर्म से लोगों द्वारा राजनीतिक लाभ के प्रश्न को पूछा गया। जिसका जवाब देते हुए युवराज स्वामी द्वारा कहा गया कि धर्म एवं राजनीति को अलग नहीं किया जा सकता किंतु जिस राजनीति से धर्म की रक्षा न की जा सके एवं उसका दुरुपयोग किया जावे वह किसी भी प्रकार से उचित नहीं है भगवान राम का जीवन इसका उदाहरण है उन्होंने धर्म की रक्षा के लिए समाज में शांति एवं कल्याण का ध्यान में रखते हुए शासन किया।

# बिछड़ा वो इस अदा से कि रुत ही बदल गई

## मन के भावों के बीच लोगों ने सुनील रांधेलिया को अर्पित किए श्रद्धासुमन, व्यक्तित्व और कृतित्व की चर्चा

कटनी (स्वतंत्रमत)

प्रतिष्ठित समाजसेवी और राजनेता सुनील रांधेलिया को श्रद्धा सुमन अर्पित करने बड़ी संख्या में शहर के लोग राज पैलेस पहुंचे। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शहर के सभी दलों के नेताओं से लेकर हर वर्ग के लोग मौजूद थे। वक्ताओं ने सुनील रांधेलिया के समाजसेवी कार्यों और संगीत के क्षेत्र में उनके योगदान को याद किया। आर्केस्ट्रा के कलाकारों ने अपने प्रिय साथी को संगीतमयी श्रद्धांजलि अर्पित की। नम आंखों के साथ अपने दिल के भाव व्यक्त करते हुए हर वक्ता ने कहा कि सुनील रांधेलिया ने लोगों के दिलों में अपनी जगह बनाई है। वे हमेशा याद आएंगे। श्रद्धांजलि सभा की शुरुआत में रांधेलिया परिवार के सदस्यों धर्मपत्नी सुधा रांधेलिया, बहन अर्चना मलैया और बहनोई प्रकाश मलैया, बेटी स्वर्णिमा और दामाद अनंत जैन, पुत्र संभव और पुत्रवधु श्वेता तथा बेटी सौम्या, भांजे संकेत व अस्मिता मलैया सहित पटोरिया परिवार, पांडे परिवार, शर्मा परिवार, शुक्ला परिवार, पाठक परिवार और रांधेलिया परिवार के अन्य सदस्यों की मंच पर मौजूदगी के बीच आर्केस्ट्रा स्वीट सॉन्ग मेकर्स के कलाकारों ने सुनील रांधेलिया द्वारा कंपोज की हुई धुन के साथ मंगलभावना की प्रस्तुति दी गई। गौरतलब



है कि मंगलभावना की शाब्दिक रचना तो मुनि प्रमाण सागर जी ने की है, लेकिन इसे खूबसूरती के साथ संगीतबद्ध किया है सुनील रांधेलिया ने। दिल को छू लेने वाली इस प्रस्तुति के बाद परिजनों और शहर के गणमान्य लोगों ने अपने मनोभाव व्यक्त किए।

### बड़े दिलवाले थे सुनील...

सीमा जैन सकूरा के हृदयस्पर्शी संचालन में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में अपने मनोभाव व्यक्त करने की शुरुआत अर्चना मलैया ने की। उन्होंने कहा कि अपने सेवाभावी कार्यों से सुनील रांधेलिया ने सभी के दिलों में जगह बनाई। वे परोपकार की भावना के साथ जिंदगी जीने वाले इंसान थे। बड़ा हृदय रखते हुए उन्होंने पीड़ित मानवता की सेवा के कार्यों में अपना योगदान दिया। बेटी स्वर्णिमा और बेटी सौम्या ने अत्यंत भावुक होकर कहा कि पापा पूरे परिवार के केंद्रबिंदु थे। अस्वस्थता के बावजूद उनके दिमाग में हमेशा चैतन्यता बनी रही। वे हर समय कुछ नया करने की सोच रखते थे। व्यवसाय को उन्होंने बुलंदी पर पहुंचाया। बड़ी रुचि से उन्होंने राज पैलेस की स्थापना की। संगीत तो उनकी आत्मा में बसता था। भगवान ने उनके जैसी महान शख्सियत को बहुत जल्दी हम सबसे छीनकर अपने पास बुला लिया। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य सामजिक जनो ने कहा सुनील भैया द्वारा स्वास्थ शिविरों के आयोजन में दिए गए योगदान को याद किया तो किसी ने उनके बचपन और युवा दिनों के जुड़ाव की याद ताजा की, पत्रकार आशीष सोनी ने कहा कि सुनील रांधेलिया ने शहर में आर्केस्ट्रा के नए युग का सूत्रपात किया। उन्होंने कलाकारों को मंच देकर प्रतिभाओं को निखरने का मौका दिया। सिटी टेलीविजन नेटवर्क के रूप में कटनी को बड़ी सौगात दी। उन्होंने कहा कि सियासत से संगीत और व्यवसाय से समाजसेवा तक उनके कार्यों को भुलाया नहीं जा सकेगा। सौम्या रांधेलिया ने यह भी बताया कि कोरोना काल में उन्होंने लंबे समय तक लोगों के भोजन का इंतजाम राज पैलेस के माध्यम से कराया, पर कभी इसका प्रचार नहीं किया। इस दौरान विधायक संदीप जायसवाल, महापौर प्रीति संजीव सूरी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट अमित शुक्ला, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, पूर्व विधायक सुनील मिश्रा, नगर सेठ सुरेश गुप्ता, जिला पत्रकार संघ के संस्थापक कृष्णकांत अग्निहोत्री, यूथकॉं अध्यक्ष अंशु मिश्रा, सहित कई प्रसासनिक, व्यापारिक, राजनैतिक, शिक्षाविद समाजसेवी, पत्रकारो व गणमान्य नागरिकों को उपस्थिति रही। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में एक हजार से ज्यादा लोगों की मौजूदगी रही। आर्केस्ट्रा के कलाकारों ने भी तुम मुझे यूं भुला न पाओगे, जीना यहां मरना यहां इसके सिवा जाना कहां जैसे नगमों की प्रस्तुति के जरिए अपनी श्रद्धांजलि दी। आभार प्रदर्शन पुत्र संभव रांधेलिया ने किया।

# मंधाना महिला वनडे रैंकिंग में नंबर-1 पर बरकरार

**दुबई, (वार्ता)** भारत की स्टार सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने आईसीसी महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर अपना दबदबा और मजबूत कर लिया है। मौजूदा आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद उन्होंने 828 अंकों के साथ करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल की है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अनुसार, मंधाना ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 109 और बांग्लादेश के खिलाफ नाबाद 34 रनों की पारी की बदौलत महिला वनडे क्रिकेट में नंबर 1 बल्लेबाज के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। ऑस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर इंग्लैंड के खिलाफ नाबाद शतक की बदौलत छह पायदान चढ़कर दूसरे (731) स्थान पर पहुंच गईं, जबकि दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वार्ट 90 और 31 रनों की पारी की बदौलत दो पायदान की छलांग के साथ शीर्ष तीन में पहुंच गईं।यह भारतीय सलामी बल्लेबाज के लिए एक शानदार प्रदर्शन है, जिन्हें विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में उनके प्रदर्शन के लिए सितंबर 2025 के लिए आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया था। इस बीच, इंग्लैंड की एमी जोन्स चार पायदान चढ़कर नौवें (656) स्थान पर पहुंचकर



शीर्ष 10 में शामिल हो गईं, जबकि एनाबेल सदरलैंड ने शीर्ष 40 में सबसे बड़ी छलांग लगाते हुए 16 पायदान चढ़कर 16वें (613) स्थान पर पहुंच गईं। बाकी मैचों में नहीं खेल पाएंगी प्रतीका रावल, 564 की रेटिंग के साथ शीर्ष 30 (27वें स्थान) पर पहुंच गई हैं।

## गेंदबाजी रैंकिंग में, इंग्लैंड की सोफी शीर्ष पर

गेंदबाजी रैंकिंग में, इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन महिला वनडे गेंदबाजी रैंकिंग (747) में शीर्ष पर बनी हुई हैं, हालांकि लेग स्पिनर अलाना किंग के रूप में एक नई प्रतिद्वंद्वी दूसरे स्थान पर हैं, जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सात विकेट लिए हैं। किंग अपने करियर की सर्वोच्च रेटिंग 698 के साथ पांच स्थान ऊपर पहुंच गई हैं, और टीम की साथी एश्ले गार्डनर को एक स्थान नीचे तीसरे (689) पर खिसकना पड़ा है। पाकिस्तान की नशरा संधू ने बाएं हाथ की ऑर्थोडॉक्स स्पिनर नॉनकुलुलेको म्लाबा (610) के साथ शीर्ष 10 में प्रवेश किया, जबकि तेज गेंदबाज मारिज़ैन काप और एनाबेल सदरलैंड भी एक स्थान की छलांग लगाकर क्रमश: चौथे और सातवें स्थान पर पहुंच गईं। लिंसे स्मिथ इस हफ़्ते सबसे ज़्यादा आगे बढ़ीं और 24 स्थान ऊपर चढ़कर 36वें (444) स्थान पर पहुंच गईं। ऑलराउंडर रैंकिंग में, गार्डनर ने शीर्ष स्थान (रेटिंग 503) पर अपनी पकड़ बनाए रखी, जबकि कैप 422 रेटिंग के साथ वेस्टइंडीज की हेली मैथ्यूज को पछाड़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गईं।




## बुमराह की वापसी ऑस्ट्रेलिया में भारत की टी-20 सीरीज की कुंजीः सूर्यकुमार

**कैनबरा (वार्ता)।** भारतीय टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने आज कहा कि तेज गेंदबाज़ जसप्रीत बुमराह की वापसी से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रही पांच मैचों की सीरीज में टीम इंडिया के अभियान के लिए अहम होगी, खासकर मजबूत बल्लेबाजी इकाई के खिलाफ पावरप्ले के ओवरों को संभालने में। सूर्यकुमार ने पहले टी20 मैच की पूर्व संध्या पर पत्रकारों से कहा, जैसा कि आपने एशिया कप में देखा, उन्होंने पावरप्ले में कम से कम दो ओवर गेंदबाजी करने की ज़िम्मेदारी ली। यह अच्छी बात है कि वह अपनी क्षमता दिखा रहे हैं।

# दीया चितले और मानुष शाह ने रचा इतिहास

## प्रतिष्ठित डब्ल्यूटीटी फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय बने

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** भारत की टेबल टेनिस स्टार दीया चितले और मानुष शाह ने इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया है। वे प्रतिष्ठित डब्ल्यूटीटी फ़ाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय जोड़ी बन गई हैं - यह सीजन का अंतिम शोकेस है जिसमें इस खेल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी शामिल होते हैं। अल्टीमेट टेबल टेनिस सीजन 6 की मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन और सबसे ज़्यादा मूल्यवान भारतीय पैडलर दीया और मौजूदा पुरुष राष्ट्रीय चैंपियन और भारत के सबसे लगातार अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में से एक मानुष ने 10 से 14 दिसंबर तक होने वाले डब्ल्यूटीटी फ़ाइनल्स हांगकांग 2025 में अपनी जगह पक्की कर ली




है। डब्ल्यूटीटी फ़ाइनल्स वैश्विक डब्ल्यूटीटी सीरीज का भव्य समापन है, जिसमें केवल शीर्ष रैंक वाले खिलाड़ी - पुरुष और महिला एकल में शीर्ष 16, और मिश्रित युगल में शीर्ष आठ जोड़ियाँ - 1.3 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कुल पुरस्कार राशि के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं। यह खेल के सबसे विशिष्ट और उच्च-दांव वाले आयोजनों में से एक है। दीया और मानुष का क्वालीफिकेशन विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि वे न केवल मिश्रित युगल में पहली भारतीय जोड़ी बन गए हैं, बल्कि डब्ल्यूटीटी फ़ाइनल्स में किसी भी वर्ग में भाग लेने वाले पहले भारतीय भी हैं। पूरे साल उनके लगातार अच्छे प्रदर्शन - जिसमें डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर ब्राज़ील 2025 में ऐतिहासिक मिश्रित युगल रजत पदक भी शामिल है - ने उन्हें यह ऐतिहासिक उपलब्धि दिलाई है। इस जोड़ी का हांगकांग तक का सफर पूरे सीजन में कई शानदार प्रदर्शनों से भरा रहा।

# विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल के लिए भारत की 20 सदस्यीय टीम घोषित



**नयी दिल्ली (वार्ता)।** ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 14 से 21 नवंबर तक होने वाले विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल 2025 के लिए एक वैश्विक मुक्केबाजी तमाशे का मंच तैयार है। इस प्रतियोगिता में 18 देशों के 140 से ज़्यादा शीर्ष मुक्केबाज हिस्सा लेंगे, जिनमें तीन ओलंपिक पदक विजेता भी शामिल हैं। इस प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व 20 सदस्यीय एक मजबूत टीम करेगी, जिसका नेतृत्व अनुभवी मुक्केबाजों के साथ-साथ पिछली विश्व मुक्केबाजी प्रतियोगिताओं के पदक विजेता भी करेंगे। भारतीय दल में दस पुरुष और दस महिलाएं भाग लेंगी, जिनमें पूर्व विश्व चैंपियन निकहत जरीन (51 किग्रा), मौजूदा विश्व चैंपियन जैस्मीन लम्बोरिया (57 किग्रा), मौजूदा विश्व चैंपियन मीनाक्षी (48 किग्रा), दो बार की एशियाई चैंपियन पूजा रानी (80 किग्रा), पूर्व विश्व चैंपियन स्वीटी बूरा (75 किग्रा) और विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता नूपुर श्योरण (80 किग्रा) शामिल हैं। पुरुषों के दल में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का एक रोमांचक मिश्रण है, जिसका नेतृत्व हितेश (70 किग्रा) और अभिनाश जामवाल (65 किग्रा) कर रहे हैं, जो इस सीजन के पहले विश्व मुक्केबाजी कप चरणों के पदक विजेता हैं। इस प्रतिष्ठित आयोजन में तीन पेरिस ओलंपिक पदक विजेता - दक्षिण कोरिया के एजी इम और चीनी ताइपे के वू शिह-यी और चेन निएन-चिन - के साथ-साथ दुनिया भर के कई विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप और विश्व कप स्वर्ण पदक विजेता भी शामिल होंगे। इस अवसर पर, बीएफआई के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा, विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल की मेजबानी भारतीय मुक्केबाजी के लिए एक गौरवशाली क्षण है और यह दर्शाता है कि हम वैश्विक मंच पर कितनी दूर तक पहुंच गए हैं।

दुनिया के शीर्ष देशों और ओलंपिक पदक विजेताओं को यहां प्रतिस्पर्धा के लिए लाना न केवल एक सम्मान है, बल्कि एक मुक्केबाजी महाशक्ति के रूप में भारत के बढ़ते कद का प्रमाण भी है। हमारे एथलीटों ने दिखाया है कि वे सर्वश्रेष्ठ के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हो सकते हैं, और यह आयोजन उन्हें एक बार फिर इसे साबित करने का एक आदर्श मंच प्रदान करता है।



## श्रेयस अय्यर की हालत स्थिर, आईसीयू से बाहर

सिडनी (वार्ता)।

भारतीय क्रिकेटर श्रेयस अय्यर की हालत में सुधार के संकेत मिले हैं। डॉक्टरों ने आज पुष्टि की है कि अब उनकी हालत स्थिर है और उन्हें सिडनी के एक अस्पताल के गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) से बाहर कर दिया गया है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे के दौरान मैदान पर लगी गंभीर चोट के कारण आंतरिक रक्तस्राव के बाद 30 वर्षीय श्रेयस अय्यर को अस्पताल ले जाया गया था। अय्यर को यह चोट फील्डिंग के दौरान लगी थी जब उन्होंने एलेक्स कैरी का शानदार कैच लेने के लिए पीछे की ओर डाइव लगाई थी। इस चोट के कारण उनकी बाईं पसली के नीचे गंभीर चोट आई, जिससे आंतरिक रक्तस्राव हुआ और शरीर के महत्वपूर्ण अंगों के काफी करीब चोट लगी।

# इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका में होगा जबरदस्त मुकाबला




**गुवाहाटी (वार्ता)** आईसीसी महिला विश्व कप 2025 का कारवां शिखर सम्मेलन से पहले अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच गया है सेमीफाइनल। चार टीमें बची हैं, लेकिन केवल दो ही टीमें ग्रैंड फ़ाइनल में प्रवेश कर पाएंगी। और इन निर्णायक मुकाबलों में से पहले, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका कल यहाँ बरसापारा स्टेडियम में पहले सेमीफाइनल में उतरेंगे, न केवल एक मैच खेलने के लिए, बल्कि अपनी विरासत, गौरव और महीनों की मेहनत की रक्षा करने के लिए। रोल्स-रॉयस इंजन की तरह परिष्कृत और सटीक इंग्लैंड ने लीग चरण में पांच जीत और केवल एक चूक के साथ इस मुकाबले में धावा बोल दिया है। उनका 1.233 का नेट रन रेट एक ऐसी टीम को दर्शाता है जो न केवल जीतती है, बल्कि हावी भी रहती है।

दक्षिण अफ्रीका, हमेशा की तरह दृढ़, तीन जीत और दो हार के साथ तीसरे स्थान पर है, और उसका नेट रन रेट -0.379 के नकारात्मक स्तर पर पहुंच गया है। लेकिन आंकड़े शायद ही कभी प्रोटियाज टीम की पूरी कहानी बयां करते हैं, जो तब भी अपनी पकड़ मज़बूत करने के लिए जानी जाती है जब ज़्यादातर लोग उम्मीद करते हैं कि वे हार जायेंगे। पिछली बार जब ये दोनों लीग चरण में आमने-सामने हुए थे, तो इंग्लैंड ने पूरी रणनीति बनाई थी - दक्षिण अफ्रीका को ज़ख्मों को सहलाने और अपनी योजनाओं पर नए सिरे से काम करने के लिए छोड़ दिया था। कल उनके पास बदला लेने का मौका है। इंग्लैंड की कमान शांत लेकिन निर्मम हीथर नाइट के हाथों में है, जिन्होंने सात मैचों में लगभग साठ के औसत से 288 रन बनाए हैं। उनके अलावा, एमी जोन्स उम्मीदों से बढ़कर प्रदर्शन कर रही हैं - 220 रन, आलोचनाओं के बीच भी संयम, और ऐसा स्ट्राइक रेट जो गेंदबाजों को रातों की नींद उड़ाए रखता है। फिर इंग्लिश स्पिन का तगड़ा धमाका है।

सोफी एक्लेस्टोन और लिंसे स्मिथ - दोनों ने 12-12 विकेट - ने बीच के ओवरों को बारूदी सुरंग में बदल दिया है, बल्लेबाजी क्रम को सर्जन की तरह सटीकता से तहस-नहस कर दिया है। दक्षिण अफ्रीका की अपनी एक योद्धा रानी है।लौरा वोल्वार्ट - इस्पात से सजी शान - टूर्नामेंट की तीसरी सबसे ज़्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी हैं- 301 रन, 50.16 की औसत, और पूरे अभियान की धड़कन। जब वह बल्लेबाज़ी करती हैं, तो पूरा देश तभी साँस छोड़ता है जब गेंद लुढ़कना बंद हो जाती है।


## टीवीएस मोटर्स ने दूसरी तिमाही में बनाया बिक्री, राजस्व और मुनाफे का रिकॉर्ड

**बेंगलुरु (वार्ता)।** दुपहिया और तिपहिया वाहन बनाने वाली कंपनी टीवीएस मोटर को चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) के दौरान एकल आधार पर 906 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के मुकाबले 37 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने मंगलवार को घोषित वित्तीय परिणामों में बताया कि दूसरी तिमाही में उसका राजस्व, बिक्री और मुनाफा तीनों ऐतिहासिक रिकॉर्ड स्तर पर रहे। कंपनी ने परिचालन राजस्व में 29 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की और यह 11,905 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इस वृद्धि के पीछे सबसे बड़ी वजह कुल बिक्री (निर्यात सहित) में 23 प्रतिशत की जोरदार बढ़ोतरी रही। कंपनी ने बताया कि तिमाही के दौरान दुपहिया और तिपहिया मिलाकर उसने 15 लाख सात हजार वाहनों की बिक्री की। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह आंकड़ा 12 लाख 28 हजार इकाई रहा था। मोटरसाइकिलों की बिक्री 20 प्रतिशत बढ़कर 6.73 लाख पर पहुंच गयी। स्कूटरों की बिक्री 30 प्रतिशत बढ़ी और 6.39 लाख दर्ज की गयी। दुपहिया वाहन निर्यात भी 31 फीसदी बढ़कर 3.63 लाख इकाई पर पहुंच गया। तिपहिया वाहनों की कुल बिक्री 41 प्रतिशत बढ़कर 53 हजार इकाई हो गयी। तिमाही के दौरान इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री सात प्रतिशत बढ़ी और 80 हजार इकाई रही।

# शिखर से फिसला शेयर बाजार, सेंसेक्स 151 अंक टूटा

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** विदेशों से मिले नकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 150.68 अंक (0.18 प्रतिशत) टूटकर 84,628.16 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी आज 29.85 अंक यानी 0.11 प्रतिशत गिरकर 25,936.20 अंक पर रहा। दोनों प्रमुख सूचकांक सोमवार को अब तक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुए थे।

मझौली और छोटी कंपनियों पर दबाव कम रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.11



प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.02 प्रतिशत की बढ़त में रहा। एनएसई में जिन 3,237 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 1,730 में गिरावट और 1,385 में तेजी रही जबकि 122 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंततः अपरिवर्तित रहे।रियलिटी, आईटी, एफएमसीजी, ऑटो, तेल एवं गैस, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों में गिरावट ज्यादा देखी गयी। धातु और सरकारी बैंकों के समूहों में तेजी रही। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 21 के शेयरों में गिरावट और नौ में तेजी रही। ट्रेंट का शेयर सबसे अधिक 1.54 प्रतिशत की गिरावट रही। आईसीआईसीआई बैंक का शेयर 1.05 प्रतिशत, टेक महिंद्रा का 1.03 और बजाज फिनसर्व का 1.00 प्रतिशत टूट गया। महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर में 0.98 प्रतिशत, पावरग्रिड में 0.93, टीसीएस में 0.90, बजाज फाइनेंस में 0.85, एचसीएल टेक में 0.80, एनटीपीसी में 0.80, एक्सिस बैंक में 0.67, अल्ट्राटेक सीमेंट में 0.62, आईटीसी में 0.57 और हिंदुस्तान यूनीलिवर में 0.50 प्रतिशत की गिरावट रही।



## इंडिया मैन्युफैक्चरिंग शो में दिखेगी आत्मनिर्भर भारत की झलक

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** बेंगलुरु के अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी केंद्र (बीआईईसी) में 6-8 नवंबर तक होने वाले इंडिया मैन्युफैक्चरिंग शो, 2025 के सातवें संस्करण में उद्योग और सरकार की भागीदारी के साथ आत्मनिर्भर भारत की झलक देखने को मिलेगी। इंडिया मैन्युफैक्चरिंग शो (आईएमएस) के आयोजकों ने मंगलवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। आईएमएस 2025 के सलाहकार बोर्ड के सदस्य सुनील देवधर ने बताया कि शो का आयोजन लघु उद्योग भारती और आईएमएस फाउंडेशन के संयोजन में रक्षा मंत्रालय, एमएसएमई मंत्रालय, इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्रालय और कर्नाटक सरकार के सहयोग से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शो का उद्घाटन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे।

# चावल नरम, तेल मजबूत दालों में घट-बढ़



**नयी दिल्ली (वार्ता)।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल के औसत भाव घट गये। वहीं, खाद्य तेलों में तेजी रही जबकि दालों की कीमतों में उतार-चढ़ाव का रुख देखा गया। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जनवरी वायदा 58 रिंगिट टूटकर 4,315 रिंगिट प्रति टन रह गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.81 प्रतिशत की गिरावट के साथ 50.36 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत दो रुपये गिरकर 3,877.74 रुपये प्रति क्विंटल रह गयी। गेहूं 2,870.08 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। आटे की कीमत छह रुपये फिसलकर 3,319.89 रुपये प्रति क्विंटल रही। खाद्य तेलों में तेजी रही। मूंगफली तेल की औसत कीमत 28 रुपये और सरसों तेल की 100 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। वनस्पति के भाव गत दिवस के स्तर पर बने रहे। सोया तेल 34 रुपये महंगा हुआ। सूरजमुखी तेल की कीमत 12 रुपये और पाम ऑयल की चार रुपये प्रति क्विंटल चढ़ी। दाल-दलहनों उतार-चढ़ाव रहा। चना दाल 11 रुपये और तुअर दाल 18 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मसूर दाल की लगभग स्थिर रही।

मूंग दाल 11 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई। उड़द दाल तीन रुपये प्रति क्विंटल टूट गयी। मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 14 रुपये प्रति क्विंटल घट गयी। वहीं, चीनी के भाव में टिकाव देखा गया। दाल चना 7915.19 रुपये, मसूर काली 8159.77 रुपये, मूंग दाल 10120.60 रुपये, उड़द दाल 10398.30 रुपये, तुअर दाल 10621.40 रुपये प्रति क्विंटल।

# घरेलू आर्थिक उत्पाद में सेवाओं का बड़ा योगदान: नीति आयोग

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** देश के आर्थिक उत्पाद की वृद्धि का प्रमुख आधार बन चुके सेवा क्षेत्र ने 2024-25 में राष्ट्रीय सकल मूल्य संवर्धन (जीवीए) में लगभग 55 प्रतिशत का योगदान दिया है और अब धीरे धीरे अपेक्षाकृत पिछड़े राज्यों में सेवा कारोबार का विस्तार दिखने लगा है। यह जानकारी नीति आयोग की ताजा रिपोर्ट भारत का सेवा क्षेत्र रोजगार रूझानों और राज्य-स्तरीय सक्रियता पर अंतर्दृष्टि में दी गयी है । रिपोर्ट में सेवा कार्यबल का बहुआयामी विवरण प्रस्तुत किया गया है जो इस क्षेत्र के दोहरे चरित्र को उजागर करती है । सेवा क्षेत्र में एक तरफ आधुनिक, उच्च-उत्पादकता वाले सेवा कारोबार है जो वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी तो हैं, लेकिन इनमें रोजगार सृजन की क्षमताएं सीमित हैं। दूसरी ओर पारंपरिक सेवा क्षेत्र हैं जो बड़ी संख्या में श्रमिकों को अपने में समाहित करते हैं लेकिन ऐसी सेवाएं मुख्यतः अनौपचारिक




और कम वेतन वाले कारोबार के रूप में बनी हुई हैं। सेवाओं के क्षेत्र में रोजगार की गुणवत्ता में सुधार उत्पादन वृद्धि से पीछे चल रहा है। नीति आयोग के सीईओ बी.वी.आर. सुब्रह्मण्यम द्वारा यहां जारी यह रिपोर्ट उत्पादन और रोजगार के व्यापक दृष्टिकोण से सेवा क्षेत्र का पहला समर्पित मूल्यांकन हैं जो समग्र रुझानों से आगे बढ़कर अलग-अलग और राज्य-स्तरीय रूपरेखा प्रस्तुत करती हैं। इस अवसर पर आयोग के सदस्य डॉ. अरविंद विरमानी और सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ. वी. अनंत नागेश्वरन केंद्र और राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारी, उद्योग संघों के प्रतिनिधि और शिक्षा जगत के सदस्य उपस्थित थे। रिपोर्ट में पाया गया है कि सेवा-आधारित विकास का प्रसार अब क्षेत्रीय रूप से अधिक संतुलित होता जा रहा है। इसके अनुसार सेवा क्षेत्र में अंतर-राज्यीय असमानताएं हल्की बढ़ी हैं, लेकिन इस बात के स्पष्ट प्रमाण भी हैं कि पिछड़े राज्य भी सेवा क्षेत्र के विस्तार में शामिल होने लगे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश का सेवा-आधारित परिवर्तन धीरे-धीरे अधिक व्यापक और स्थानिक रूप से समावेशी होता जा रहा है।

रिपोर्ट में क्षेत्रीय असमानताओं के समाधान के लिए विविधीकरण और प्रतिस्पर्धात्मकता में तेजी लाने के लिए डिजिटल बुनियादी ढांचे, लॉजिस्टिक, नवाचार, वित्त और कौशल विकास को प्राथमिकता देने की सिफ़ारिश की गयी है। इसमें राज्य स्तर पर, स्थानीय क्षमताओं के आधार पर सेवाओं के कारोबार को प्रोत्साहित करने के लिए अनुकूलित रणनीतियां विकसित करने, संस्थागत क्षमता में सुधार करने, सेवाओं को औद्योगिक प्रणालियों के साथ एकीकृत करने और शहरी एवं क्षेत्रीय सेवा समूहों का विस्तार करने की सिफ़ारिश की गयी है। आयोग की ओर से मंगलवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार यह रिपोर्ट दर्शाती है कि सेवायें भारत में रोजगार वृद्धि और महामारी के बाद की स्थिति में सुधार का मुख्य आधार बनी हुई हैं ,फिर भी इनमें चुनौतियां कायम हैं। विभिन्न सेवा उप-क्षेत्रों में रोजगार सृजन की दशाएं असमान है, सेवा क्षेत्र में कारोबार अब भी व्यापक रूप से अनौपचारिक या अपंजीकृत तरीके का है जिसके कारण रोजगार की गुणवत्ता उत्पादन वृद्धि से पीछे है।

रिपोर्ट में सेवा क्षेत्र में रोजगार अवसरों में लैंगिक असमानता, ग्रामीण-शहरी अंतर और क्षेत्रीय असमानताओं के मद्देनजर एक ऐसी रोजगार रणनीति की आवश्यकता को रेखांकित किया गया है जो कारोबार को औपचारिकता रूप देने, समावेशन और उत्पादकता बढ़ाने वाला हो।

# सरलता, निश्चलता, क्षमता और योग्यता के बल पर संपूर्ण भारत में बिहारवासियों ने बनाई अपनी पहचान : डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव उज्जैन के विक्रम सरोवर पर छठ पूजन में हुए सम्मिलित



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पूर्वांचल और पूर्वोत्तर के अद्भुत छठ महापर्व की प्रदेशवासियों को मंगलकामनाएं और बधाइयां देते हुए कहा कि छठ मैया का महापर्व वैज्ञानिक पद्धति आधारित होकर सूर्य और जल की उपासना का पर्व है। भगवान सूर्यनारायण सम्पूर्ण सृष्टि को ऊर्जा देकर सृष्टि का संचालन करते है, वही जल से ही जीवन की उत्पत्ति हुई है। छट व्रत हमें आत्म नियंत्रण, संयम और आत्मबल प्रदान करता है। अस्त और उदय होते हुए सूर्य का पूजन करने वाले इस पर्व की बात ही निराली है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय स्थित विक्रम सरोवर पर मंगलवार को आयोजित छठ पूजन में शामिल होने के बाद श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे।

### भारत की दिशा तय करता है बिहार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा की बिहार भारत की दिशा तय करता है। बिहार पर परमात्मा का विशेष आशीर्वाद है। बिहार बुद्ध और महावीर की भूमि भी है, जिन्होंने अपने ज्ञान से देश ही नहीं संपूर्ण दुनिया को दिशा प्रदान है। सबसे ज्यादा आईएएस, आईपीएस किसी राज्य से निकलते हैं तो वह बिहार है। सरलता, निश्चलता, क्षमता और योग्यता के बल पर संपूर्ण भारत में बिहारवासी अपनी पहचान बनाते है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा की मध्यप्रदेश से बिहार का संबंध आदिकाल से रहा है। मध्यप्रदेश को नदियों का मायका कहा गया है। शिप्रा मैया का जल बिहार तक चंबल मैया, यमुना मैया और गंगा मैया के माध्यम से पहुंचता है। अमरकंटक से निकली सोन नदी गंगा मैया के माध्यम से बिहार पहुंचकर वहां समृद्धि फैलाती है।

### हमारी संस्कृति मातृ शक्ति आधारित संस्कृति है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा की माताओं और बहनों द्वारा देश , प्रदेश और परिवार की समृद्धि के लिए छठी मैया का व्रत रखा जाता है। माताओं और बहनों का त्याग कुटुंब और परिवार की एकता को कायम रखता है। हमारी संस्कृति मातृ शक्ति आधारित संस्कृति है, हमारे देश को भारत माता माना गया है। माताएं और बहनें अपने परिवार में सभी कष्ट सहकर भी पूरे परिवार की सेवा कर मंगल की कामना करती है। माताएं और बहने सबसे बड़ी योद्धा होती है।

### भारत की एकता में सभी पर्व महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत की एकता में सभी पर्व और त्यौहार महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। माता और बहनों का त्याग ही हमारे देश को अखंडता और अनेकता में एकता के सूत्र में पिरोता है। कुटुंब परंपरा का यह पर्व लाखों सालों से चलता आया है। छठ मैया का यह पर्व माता सीता से भी जुड़ता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अयोध्या में भव्य राम मंदिर बना है। वही सीतामढ़ी में भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 800 करोड़ की लागत से भव्य मंदिर बनाया जा रहा है। माता सीता का जीवन संपूर्ण भारत के लिए प्रेरणा स्त्रोत है वो राजकुमारी होकर भी वन में गई। राम राज्य की अवधारणा भी माता सीता के संकल्प से पूर्ण हुई।

### मिथिला घाट निर्माण की दी सौगात

मुख्यमंत्री डॉ. यादव विक्रम सरोवर पर छठ पूजन किया और श्रद्धालुओं से चर्चा कर छठ महापर्व की मंगलकामनाएं दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा की विक्रम सरोवर सम्राट विक्रमादित्य के शौर्य का प्रतीक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विक्रम सरोवर पर मिथिला घाट के निर्माण की घोषणा की।



# राष्ट्रीय एकता दिवस परेड-2025 गांधीनगर एवं केवडिया में मध्यप्रदेश पुलिस की भागीदारी

भोपाल।

गुजरात राज्य के गांधीनगर एवं केवड़िया में आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस परेड-2025 में मध्यप्रदेश पुलिस के कुल 334 जवान भाग लेंगे। यह दल अदम्य उत्साह, अनुशासन और देशभक्ति की भावना के साथ राज्य का प्रतिनिधित्व करेगा। मध्यप्रदेश पुलिस का कॉन्टिजेंट गांधीनगर तथा केवड़िया में रहकर प्रशिक्षण, रिहर्सल और परेड अभ्यास में संलग्न है।

जवानों ने प्रतिकूल परिस्थितियाँ एवं गहन अभ्यास कार्यक्रमों के बावजूद अथक परिश्रम और एकजुटता के साथ अपने प्रदर्शन की तैयारी की है। दल गुजरात पहुंच गया है। 31 अक्टूबर 2025 को आयोजित एकता दिवस परेड के दौरान मध्यप्रदेश पुलिस के कॉन्टिजेंट अपनी अनुशासित चाल, सटीक कमांड तथा उत्कृष्ट तालमेल से सभी को प्रभावित करेगा। परेड दल का नेतृत्व परेड कमाण्डर उपुअ अन्नपूर्णा सिरसाम तथा सहायक कमाण्डर के रूप में उपनिरीक्षक संजय चौहान एवं उपनिरीक्षक चंचल रोमड़े दायित्व संभालेंगे। इनके सहयोगार्थ उपुअ निति दण्डोत्या, उपनिरीक्षक राजवीर विक्रम और उपनिरीक्षक रितेश सिसौदिया महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे। कॉन्टिजेंट में प्लाटून संख्या 144 एवं बैण्ड बल 72 का संयोजन रहेगा।

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा मुक्ति के लिए लोगों को किया जा रहा जागरूक

**दमोह।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग भोपाल की संबद्धता में नशामुक्त अभियान के अंतर्गत उनमुक्त सर्वजन कल्याण समाज सेवी संस्था द्वारा दमोह शहर के वार्डों में जाकर नाशमुक्ति का नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा मुक्त समाज के निर्माण में जन-जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहा है जिसमें असाटी वार्ड 1 में असाटी वार्ड 2 में एवं नया बाजार 1 में नशा से हो रहे, दुष्परिणाम के बारे में प्रचार प्रसार किया जा रहा है जिसमें नितिन चौरसिया पार्षद, मोनू राजपूत पार्षद व कपिल सोनी पार्षद नया बाजार के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया जिसमें नशामुक्ति की शपथ ग्रहण राजकुमार सेन ने दिलाई कार्यक्रम में लच्छू प्यासी, कृष्णा तिवारी, जितेंद्र राजपूत, बालकृष्ण यादव व वार्ड के लोगों की उपस्थिति रही।

# शहनाज अख्तर की प्रस्तुतियों ने किया भावविभोर



### दमोह में बुंदेली जलवा महोत्सव का हुआ आयोजन

**दमोह।** पत्रकार संजय सरवरिया द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बुंदेली जलवा महोत्सव का आयोजन तहसील ग्राउंड दमोह में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान गणेश की प्रतिमा के समक्ष पूजा-अर्चना कर महोत्सव का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान प्रसिद्ध देवी गीत गायिका शहनाज अख्तर सहित अन्य कलाकारों ने भजनों से उपस्थित सभीजनों का मनमोह लिया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, श्रृद्वालुओं ने भक्ति गीतों पर जमकर नृत्य किया और कलाकारों का उत्साह वर्धन किया। मुख्य अतिथि पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा कि बुंदेली जलवा महोत्सव बुंदेलखंड की गौरवशाली लोक संस्कृति, परंपरा और संगीत का जीवंत उदाहरण है। इस आयोजन में प्रसिद्ध देवी गीत गायिका शहनाज अख्तर की प्रस्तुतियों ने सभी उपस्थितजनों को भावविभोर कर दिया।

उन्होंने कहा कि उनकी वाणी में अद्भुत जादू है जो सीधे हृदय को छू जाता है। कार्यक्रम में सांसद राहुल सिंह लोधी ने भी उपस्थिति दर्ज की। उन्होंने पत्रकार संजय सरवरिया द्वारा आयोजित बुंदेली जलवा महोत्सव में शामिल होना गर्व का विषय है।

## अमन एरिया कॉन्फ्रेंस का आयोजन हुआ

दमोह।

ऑल इंडिया लीनेस क्लब, डिस्ट्रिक्ट सीएम 1 संपदा सत्र-2025 के अंतर्गत एरिया ऑफीसर रोजी बग्गा द्वारा अमन एरिया कॉन्फ्रेंस एवं अवार्ड सेरेमनी का आयोजन दमोह में किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट मुख्य अतिथि लीनेस अंजू कटारे, मुख्य अतिथि पूजा मलैया, और विशिष्ट अतिथि लीनेस दीपा घई और जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता पटेल की विशेष रूप से उपस्थित रहीं। संचालन एरिया सचिव लीनेस रजनी खरे द्वारा किया गया, जबकि एरिया एडवाइजर लीनेस अनीता टंडन एवं क्लब प्रेसिडेंट स्मृति खरे ने पूरे आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# विशेष टीकाकरण अभियान में दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं को परखने किया औचक निरीक्षण



**दमोह।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार अठया ने 27 अक्टूबर से चलाये जा रहे विशेष टीकाकरण अभियान दौरान दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं को परखने शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अंतर्गत आने वाले आंगनवाडी केन्द्र क्र. 62 का औचक निरीक्षण किया। डॉ. अठया ने निरीक्षण दौरान केन्द्र पर उपस्थित एएनएम से बच्चों के संबंध में तैयार ड्यू लिस्ट पर चर्चा की। ड्यू लिस्ट में शामिल 28 बच्चों में से मात्र 10 बच्चों का टीकाकरण होने पाये जाने पर संबंधित एएनएम से शेष बच्चों के टीकाकरण न होने के संबंध में कारण सहित जानकारी ली। तदोपरांत निर्देश दिये कि आगामी सेशन पर शेष सभी बच्चों का टीकाकरण सुनिश्चित करें। साथ ही टीकाकृत बच्चों की एन्ट्री पोर्टल पर शत प्रतिशत हो यह भी सुनिश्चित किया जाये। निरीक्षण के समय सत्र पर उपस्थित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और आशा कार्यकर्ता को निर्देश दिये कि विशेष टीकाकरण सत्र में सभी टीकाकरण से वंचित बच्चे सत्र स्थल पर पहुंचे यह सुनिश्चित किया जावे। उन्होने कहा सभी समन्वय से कार्य करें और सभी छूटे हुए बच्चों का टीकाकरण शत.प्रतिशत किया जायें।

## नि:शुल्क रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम आज से

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिए गए निर्देशानुसार समाज की अत्यंत गरीब बालिकाएं एवं महिलाओं जो पन्नी बीनने एवं भिक्षावृत्ति से जुडी हुई है, उन्हें समाज के मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से रोजगारोन्मुखी एवं स्वरोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। सैडमेप अधिकारी पीएन तिवारी ने बताया यह तीन माह का नि:शुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रशिक्षण केन्द्र पुरानी कलेक्ट्रेट दमोह में आयोजित किया जायेगा। प्रशिक्षण पूर्ण होने पर प्रत्येक प्रतिभागी को सिलाई मशीन नि:शुल्क प्रदान की जाएगी। श्री तिवारी ने बताया यह प्रशिक्षण आज 29 अक्टूबर से प्रारंभ होगा।



## 675 हितग्राहियों का हुआ टीकाकरण

**दमोह।** 27 अक्टूबर को प्रारंभ हुए विशेष टीकाकरण अभियान के प्रथम दिन जिले में कुल 125 सत्रों की योजना बनाई गई थी जिनमें सभी सत्र सफलतापूर्वक आयोजित किए गए। शाम 6 बजे तक यू-डब्ल्यूआईइन पोर्टल पर 675 हितग्राहियों के टीकाकरण की प्रविष्टि दर्ज की जा चुकी थी। कहीं-कहीं नेटवर्क की समस्या के कारण एएनएम द्वारा देर शाम तक डेटा एंट्री की जा रही है जिसके चलते टीकाकरण कवरेज के और बढ़ने की पूरी संभावना है। अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जिले का कोई भी बच्चा या गर्भवती महिला टीकाकरण से वंचित न रहे।

## मौनिया नृत्य का आयोजन

**दमोह।** दीपोत्सव पर्व के पावन अवसर पर शिव साईं मंदिर बेलाताल टापू में दीपावली मिलन समारोह एवं पारंपरिक मौनिया नृत्य का आयोजन किया गया। पवित्र कार्तिक माह में माता.बहनों द्वारा श्रद्धाभाव से माता तुलसी पूजन संपन्न किया गया।

# कोई भी बच्चा टीकाकरण से न छूटे : कलेक्टर

### मैदानी स्तर पर कार्यरत स्वास्थ्य कर्मचारियों की जबेरा में खंड स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं पर विकासखंड जबेरा के आजीविका मिशन भवन में मैदानी स्तर पर कार्यरत स्वास्थ्य कर्मचारियों की खंड स्तरीय समीक्षा बैठक ली गई। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. विक्रांत चौहान और मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. डीके राय, मेडिकल ऑफीसर के अलावा विभिन्न सेक्टरों के मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में कमजोर सूचकांकों वाले 20 उप स्वास्थ्य केन्द्रों के सेक्टर सुपरवाईजर, सीएचओ, एएनएम, आशा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कलेक्टर कोचर ने आयोजित बैठक में दो प्रमुख बिन्दुओं विशेष टीकाकरण अभियान एवं माह नवंबर में शून्य मातृ मृत्यु पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक दौरान श्री कोचर ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता प्रदायिगी में सुधार जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने सभी अधिकारी/कर्मचारी जिम्मेदारी एवं संवेदनशीलता से काम करें। बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिये कि एक भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे व एक भी गर्भवती महिला की मृत्यु न हो।

कलेक्टर ने कहा कि दमोह जिले में विशेष टीकाकरण अभियान 27 अक्टूबर से चलाया जा रहा है। प्रथम चरण में गृह भेंट कर टीकाकरण के लिए बच्चों की ड्यू लिस्ट तैयार की जा रही है। द्वितीय चरण में तैयार ड्यू लिस्ट अनुसार सभी बच्चों को पूर्ण टीकाकृत करने का कार्य किया जायेगा इसके उपरांत समीक्षा बैठक में समीक्षा की जायेगी कि कौन से बच्चे टीकाकरण से वंचित है ऐसे सभी बच्चों को तृतीय चरण में पूर्ण टीकाकृत करने का कार्य किया जायेगा।



कलेक्टर ने मातृ स्वास्थ्य सेवाओं पर निर्देश देते हुए कहा कि माह नवंबर में मातृ.मृत्यु शून्य करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए पूरे 30 दिन तक समर्पित भाव से कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत हर माह की 9 एवं 25 तारीख को खंड स्तर पर आयोजित होने वाले विशेष क्लीनिक में अब अनमोल पोर्टल एवं पीएमएसएमए पोर्टल के माध्यम से जोखिम युक्त गर्भवती महिलाओं की सूची ब्लॉकवार जिला स्तर से जारी की जायेगी। विशेष पीएमएसएमए दिवस पर पहुँचने वाली हर गर्भवती महिला का मिलान इस सूची से किया जायेगा। इसी तरह हर माह की 2 एवं 16 तारीख को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर आयोजित पीएमएसएमए क्लीनिक में एमओ और सीएचओ द्वारा अपने क्षेत्र अन्तर्गत नवीन चिन्हित गर्भवती महिलाओं एवं जोखिम वाली महिलाओं को चिन्हित किया जायेगा। ताकि हर जोखिम वाली गर्भवती महिला की फॉलोअप जांच विशेषज्ञ चिकित्सक से सुनिश्चित कराई जा सके। स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के मैदानी कार्यकर्ताओं द्वारा हर बुधवार को नवीन गर्भवती महिलाओं की खोज अपने क्षेत्र अंतर्गत की जायेगी। यह ध्यान रखा जाये कि प्रथम तिमाही में ही गर्भवती महिला की पहचान कर ली जाये। लगातार फालोअप हो और हर महिला की चार जांच सुनिश्चित हो। गर्भावस्था की अंतिम तिमाही 7, 8 एवं 9 वें माह की गर्भवती महिलाओं की अलग से लिस्ट बनायें एवं ईडीडी के आधार पर सप्ताहिक समीक्षा की जाये। जिला स्तर पर बने सुमन हेल्प डेस्क से संपर्क कर उनके स्वास्थ्य पर निगरानी रखी जायें एवं उनके प्रसव का ब्यौरा भी रखा जाये।

बैठक दौरान कलेक्टर कोचर ने कहा कि माह नवम्बर में विशेष टीकाकरण अभियान एवं माह नवम्बर में एक भी महिला की डेथ न हो। हर ब्लॉक में दोनों अभियानों का नेतृत्व सीबीएमओ करेंगे। और तय करेंगे कि ब्लॉक स्तरीय टीम में शामिल बीपीएम, बीसीएम, बीईई, सेक्टर सुपरवाईजर, सीएचओ, एएनएम, आशा क्या कार्य करेंगे। इसका संचालन के लिए ब्लॉक खंड चिकित्सा अधिकारी पूर्ण रूप से जिम्मेवार होंगे।

## स्वदेशी मेला : कन्याओं ने कुदाली चलाकर किया मेले की तैयारियों का शुभारंभ

**दमोह।** स्वर्णिम भारतवर्ष फाउंडेशन और स्वदेशी जागरण मंच द्वारा स्वावलंबन और स्वदेशी बाजारों को बढ़ावा देने के लिए द्वितीय वर्ष भी नगर के तहसील मैदान में 6 नवंबर से 16 नवंबर तक स्वदेशी मेला का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन की तैयारी को लेकर सोमवार को आयोजन स्थल तहसील मैदान में भूमिपूजन किया गया। इस दौरान उपस्थित ब्राह्मणों द्वारा विधिपूर्वक मंत्रोच्चार के साथ पूजन अर्चन कराया। तत्पश्चात आयोजन समिति द्वारा सर्व समाज से आई कन्याओं को देवी रूप में पूजना कर उन्हें उपहार वितरित किए गए। कन्याओं के द्वारा ही कुदाल चलकर मेला तैयारियों का आरंभ किया गया। भूमिपूजन के पश्चात स्वदेशी मेले के पोस्टर का विमोचन भी किया गया। स्वदेशी मेले के आयोजन से जहां एक ओर लोकल फॉर वोकल, स्वदेशी उत्पादों और स्थानीय बाजारों को नया मंच देने की मंशा है वहीं मेले के द्वारा नारी शक्ति को प्रधानता दी जा रही है। इस मेले में महत्वपूर्ण भूमिकाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व है और मेले के अधिकांश दायित्व उन्हीं के द्वारा पूर्ण किए जाएंगे। 11 दिवसीय इस मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम विभिन्न स्वदेशी खेल प्रतियोगिताएं स्वदेशी और देश की महानता को प्रदर्शित करती हुई प्रदर्शनी स्वदेशी और लोकल व्यंजन सहित बच्चों के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं।


**कार्यालय संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-11**
**नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./सं.क्र.11/2025-26
दिनांक 27/10/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रोहित यादव पिता श्री मोतीलाल यादव ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी आवंती बाई के भवन क्रमांक 14 दुर्गा नगर भटौली सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000384066 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 480 व.फु. जिस पर निर्मित निम्न दस्तावेज अनु. विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री दीपक कुशवाहा पिता श्री भारत कुशवाहा का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-11
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-11**
**नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./सं.क्र.11/2025-26
दिनांक 23/10/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति विधि ठाकुर पति महेश कुमार ठाकुर ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाषचंद्र बनर्जी के भवन क्रमांक प्लेट नं. 107 प्रथम मंजिल ब्लाक 'ए' अप्सरा अपार्टमेंट सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000399183 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकबा 810 व.फु. प्रथम तल 810 व.फु. पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमती भारती चंद्रोल पति संदीप कुमार चंद्रोल का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-11
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-11**
**नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./सं.क्र.11/2025-26
दिनांक 28/10/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री नरेश कुमार मलिक पिता श्री रामकुमार मलिक ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई के भवन क्रमांक प्लाट नं. 16 प्रथम रेसीडेंसी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 9000076305 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल रकबा 900 व.फु. जिस पर निर्मित निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री मुकेश कुमार पिता शिव चंद सामरिया का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-11
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-11**
**नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./सं.क्र.11/2025-26
दिनांक 27/10/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति कीर्ति शर्मा पति नितिन कुमार शर्मा ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक प्लैट नं. 202 राजुल टाउनशिप प्लाट नैनो फ्लेट टाइप सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000378506 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल जिस पर निर्मित भूतल 254 व.फु. पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री धमेन्द्र असरानी पिता ईश्वरलाल असरानी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-11
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-13**
**नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./संभा.अधि/13/मुख्यालय/25-26/एम/154

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती पूर्णिमा जैन पति श्री राकेश जैन ने मकान नं. 975/4 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी प्रथम तल 1120 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामातंरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर संभाग क्रमांक 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग-13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**नाम सुधार सूचना**

मैं, RANJITA BECK (रंजीता बेक) W/O CHRISTOPHER BECK (क्रिस्टोफर बेक) निवासी आर बी-2, 237/6, बीस खोली कालोनी रेल्वे क्वार्टर, रेल्वे स्टेडियम के पास, जबलपुर का शपथ पूर्वक निम्नलिखित कथन करती हूँ कि :- 1. यह कि उपरोक्त पते पर निवासरत हूँ। 2. यह कि मुझ शपथकर्ती के नाम से आधार कार्ड पेन कार्ड जारी है जिसमें मेरा नाम RANJITA BECK (रंजीता बेक) दर्ज है जो कि मेरा विवाह के बाद नाम है। 3. यह कि मुझ शपथकर्ती के नाम से पासपोर्ट जारी है जिसका नं. F7874067 हैं जिसमें मेरा नाम RANJITA BARLA (रंजीता बरला) दर्ज हैं जो कि मेरा विवाह पूर्व नाम है। 4. यह कि RANJITA BECK (रंजीता बेक) एवं RANJITA BARLA (रंजीता बरला) यह दोनों नाम एक ही महिला यानी मुझ शपथकर्ती के नाम है तथा मेरा वास्तविक एवं सही नाम RANJITA BECK (रंजीता बेक) है।

शपथकर्ती
**रंजीता बेक**

# शरीर को स्वस्थ और एकाग्र बनाने में सहायक होती हैं खेल प्रतियोगिताएं

## 69वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ शुभांरभ

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

मप्र के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने मंगलवार को 69वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभांरभ महारानी लक्ष्मी बाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यिमक विद्यालय के प्रांगण में किया। मंत्री श्री सिंह ने खेल धव्ज फहराकर कहा कि खेल प्रतियोगिता सिर्फ मनोरंजन के लिए ही नहीं बल्कि यह शरीर को स्वस्थ अनुशासित और मन को एकाग्र बनाने में सहायक होते है। जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना कैसे करें यह खेलों से आती है। हमारे पूर्वजों ने भी इस बात को स्वीकारा है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागी खेल



भावना के साथ अपना अच्छा प्रदर्शन करें। यह खेल भावना और शिक्षा जीवन को उज्जवल बनाने में बहुत सहायक होते है। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे अपने खेल प्रदर्शन से अपने शहर व देश का नाम रौशन करें।

### कई जिलों के खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

इस खेल प्रतियोगिता में 14 से 19 वर्ष तक के बालक-बालिकाओं के बीच खो-खो और रोप स्कीपिंग होगा। बालकों के लिए बास्केटबॉल की प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। इस खेल में जबलपुर, भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, रीवा, नर्मदापुरम, सागर, शहडोल संभाग के अतिरिक्त जनजातीय कार्य विभाग के खिलाड़ियों ने भी भाग लिया। खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ खिलाड़ियों ने अपने-अपने संभाग का ध्वज लेकर मार्चपास्ट किया।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर विधायक अशोक रोहाणी, डॉ अभिलाष पांडे, जिला पंचायत अध्यक्ष आशा मुकेश गोटिया, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, अभय सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी घनश्यारम सोनी तथा खेल अधिकारी आशीष पांडे सहित अन्य विभागीय अधिकारी भी मौजूद रहे।

# शहर में एसआईआर की तैयारी राजनीतिक दलों से मिले कलेक्टर

## मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी देने मंगलवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर कार्यालय में संपन्न हुई इस बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी ज्योति परस्ते भी मौजूद रहीं ।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने बैठक में मौजूद राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में सहयोग प्रदान करनें का आग्रह किया। उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के लिए प्रत्येक मतदान केंद्र पर अपने बीएलए करनें और उसकी सूची जिला निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराने की बात कही। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की आवश्यकता एवं उद्देश्यों की जानकारी दी गई। इसके साथ ही उन्हें एसआईआर की प्रक्रिया विस्तार से समझाई गई। बैठक में बताया गया कि मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण 01 जनवरी 2026 की स्थिति में किया जाएगा। 01 जनवरी 2025 की पुनरीक्षित मतदाता सूची में एवं वर्ष 2003 में हुए पिछले विशेष गहन पुनरीक्षण की मतदाता सूची में जिनके नाम शामिल है, उन्हें, मतदाता सूची के



एसआईआर के दौरान कोई दस्तापवेज नही देना है।

### घर-घर जाकर किया जाएगा सर्वे

इसी प्रकार 2025 की पुनरीक्षित मतदाता सूची में शामिल ऐसे मतदाता जिनके नाम 2003 की मतदाता सूची में शामिल नही है, लेकिन उनके माता पिता के नाम 2003 की सूची में शामिल है तो ऐसी स्थिति में उन्हें मतदाता सूची के एसआईआर के दौरान माता पिता के वोटर आईडी कार्ड नंबर का गणना पत्रक में उल्लेख करना होगा। इस कार्य में बीएलओ भी उनका सहयोग करेंगे। बैठक में बताया गया कि मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के लिए ऐसे मतदाताओं के नाम चिन्हित कर लिये गए है, जिनके नाम 2025 और 2003 की मतदाता सूची में शामिल हैं और जिनके नाम 2025 की सूची में हैं लेकिन 2003 की सूची में नहीं हैं। यह सूची तैयार कर आयोग को भेज दी गई है।

मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के लिए 28 अक्टूबर से 03 नवम्बर तक बीएलओ एवं बीएलए के प्रशिक्षण का कार्य किया जाएगा। इसके पश्चा2त 04 नवम्बर से 04 दिसम्बर तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर सर्वे का कार्य किया जाएगा और 09 दिसम्बर को प्रारूप मतदाता सूची का सभी मतदान केंद्रो पर प्रकाशन किया जाएगा।

# सीनियर सिटीजन क्लब में दीपावली मिलन समारोह सम्पन्न



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** सैम सीनियर सिटीजन क्लब द्वारा दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि अति. पुलिस अधीक्षक सूर्यकान्त शर्मा शर्मा, राजेश राजेश पाठक प्रवीण, संदीप जैन रहे । समारोह में बब्लू मैथ्यूज को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नीरज शुक्ला, डॉ लियाको, रश्मि श्रीवास्तव, जसबीर चोपड़ा आदि ने गीतों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संयोजन जादूगर एसके निगम ने किया। इस अवसर पर प्रख्यात गायिका इशिता विश्वकर्मा ने मुंबई से लाईव गायन मेरी आवाज ही पहचान है गीत की प्रस्तुति दी । कार्यक्रम में वरिष्ठ समाज सेवी सदस्य बच्चन श्रीवास्तव का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। आभार प्रदर्शन प्रभा श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में अलका वर्मा, लकी राजपूत, आरती जायसवाल, निर्मला श्रीवास्तक आदि की भूमिका रही।



# कलेक्टर की जनसुनवाई में पहुंचे 170 आवेदन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में मंगलवार को अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड को शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों ने अपने विभिन्न समस्याओं को लेकर 170 आवेदन दिये। जिसमें 118 नये आवेदन हैं तथा 52 ऐसे आवेदन है जो पूर्व में भी आ चुके थे। जनसुनवाई में आये ज्यादातर पात्रता पर्ची व राशन दुकान बदलने, छात्रवृत्ति दिलाने, अवैध कब्जा, नाली सफाई, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अतिक्रमण, लड़ाई-झगड़ा, पेंशन, पीएम किसान योजना में शामिल करने, आर्थिक सहायता, संबंल योजना अंतर्गत आर्थिक सहायता, समग्र आईडी आदि से संबंधित आवेदन थे। जनसुनवाई के दौरान एसडीएम सहित अन्यज अधिकारी भी मौजूद रहे ।

# नंबर इनपुट करते ही उड़ गए लाखों रूपए

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** गोरखपुर थाने में पुष्पेन्द्र सिंह राठोर उम्र 30 वर्ष निवासी साई मारूती नगर पाटन रोड़ बिनेकी थाना माढ़ोताल ने लिखित शिकायत कर बताया कि उसके पास पीएनबी क्रेडिट कार्ड के नाम से उसके वीडियो कॉल ई केवायसी के लिये पंजाब नेशनल बैंक से कॉल आया। उसने बताये अनुसार क्रेडिट कार्ड का नम्बर इनपुट किया । जिसके तुरंत बाद से उसके 1 लाख 57 हजार 309 रूपये बारी बारी कटते जाने लगे। जिस नम्बर से कॉल आया उक्त नम्बर फिलिपकार्ड, अमेजान, मोबाइल केडब्ल्युके सॉल्यूसन अन्य के नाम से पैसा काटा गया।


South Avenue Mall | moviemagic | ruby moviemagic

ruby moviemagic — EXPERIENCE RUBY WHERE CINEMATIC LUXURY AWAITS

| | |
|---|---|
| THAMMA (HINDI) | 9:10 AM, 10:30 AM, 1:30 PM, 4:30 PM, 6:30 PM, 7:30 PM, 9:30 PM & 10:30 PM; ruby 12:45 PM, 3:30 PM, 7:10 PM; ruby 10:00 PM |
| EK DEEWANE KI DEEWANIYAT (HINDI) | 9:00 AM, 11:40 AM, 2:20 PM, 5:00 PM, 7:45 PM & 10:35 PM |
| KANTARA: A LEGEND CHAPTER-1 (HINDI) | 12:00 PM & 3:15 PM; ruby 1:00 PM, 4:10 PM, 6:25 PM; ruby 9:30 PM |

@moviemagic_jbp MOVIE MAGIC 5 BIG SCREENS

Bulk Booking / Advertising 9425807507 | Movie Magic, South Avenue Mall, Narmada Road 9425807508



Celebrating 55th Year of Establishment

# HITKARINI WOMEN'S COLLEGE OF EDUCATION

NAAC Accredited B+ (Affiliated to RDVV Jabalpur) Recognised by NCTE, New Delhi,
Approved by Department of Higher Education, M.P.Govt

**Hitkarini Women's College of Education,** established in 1969, is a pioneer college working in the field of women's teacher training. The mission of the college is to deliver quality education to our Pupil Teachers through innovative teaching and practical exposure, enhancing their knowledge and professional skills. Pupil Teachers of our institution nurture every student with the aim of contributing to the development of Indian society.

**B.Ed.**
Bachelor of Education 2 Years Course

**Course Details**
TOTAL SEAT- 100
ADMISSION: Online Counseling
MIN. QUALIFICATION: Bachelor - Degree (Any Stream)
MIN. MARKS: General & OBC - 50%, SC/ST - 45%
Minimum Marks for Technical & Engineering Students: General & OBC - 55%, SC/ST - 50%
MEDIUM OF INSTRUCTION: English & Hindi



Dr. (Mrs.) Sulakshana Tripathi, Principal

**PRINCIPAL'S MESSAGE**

The dedicated staff of the college mentors every pupil teacher to excel in the teaching profession and to ensure their overall harmonious development. I extend my deepest thanks to the Hitkarini Sabha for their continuous support in the development of the college.



Ku. Laxmi Chand Memorial Day (Annual Day & National Workshop on The Need of Acquisitions of English Language in Present Perspective) 19th Jan. 2025

**UNIQUE FEATURES:-**
- World-class, eco-friendly infrastructure
- Experienced faculty
- Excellent academic results
- Scholarships for OBC, SC/ST & Minority students
- Job oriented skill training
- Disciplined academic environment
- Career development counselling
- Personality development through interactive programs
- Drama and art workshops
- Active clubs (Social, Cultural, Literary, Eco)

**OUR ACHIEVEMENTS:-**
- NAAC accredited with B+ Grade
- All faculty qualified as per UGC regulations
- Hosted National & International seminars/workshops
- Active sports, cultural, and health programs
- Regular campus placements (Govt. & Pvt. sector)
- Alumni in reputed educational institutions
- CTET & MP TET selections
- Regular alumni meets



National Science Day 2025 (Empowering Indian Youth for Global Leadership in Science & Innovation for Viksit Bharat) 6th March 2025

**FACILITIES:-**
- Spacious Well Equipped Laboratories
- Air Conditioned Smart Classrooms
- Girls' hostel facility within the campus
- Excellent Computer lab
- Wi-Fi Campus
- Canteen Facility
- Advanced Library
- Indoor and Outdoor games facilities
- Language Lab

**COLLEGE TOPPERS**



Smita Dwivedi 2022-24



Abhilasha Vaishya 2020-2022



Anshima Saxena 2021-2023

Scan Enquiry

Hitkarini is Proactively Looking to recruit exceptional TEACHING TALENT Across various fields

Scan to Apply — Click for Apply - https://careers.hitkarini.com/

For Admission Contact - 0761-4129826
9300017294, 8109271808, 9589761544, 9770213878, 8818828825
Hitkarini Sabha Campus, Civic Centre, Marhatal, Jabalpur
Ph. No. 0761-2402484, Email: bed@hitkarini.edu.in, Website: http://hpmm.hitkarini.edu.in/


हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-smatjbp1@ gmail.com, फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2023-25, **RNI No. 64561/96.**